# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार, 13 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 57 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1977:** देश की जनता पार्टी सरकार ने भारत रत्न सहित अन्य नागरिक सम्मान देना बंद कर दिया।

**2004:** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत से मज़बूत संबंधों की इच्छा जताई।

**2006:** परमाणु बम निर्माण सम्बन्धी ईरान मसला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के हवाले।

**2011:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई तिहरे बम धमाकों से दहल उठी।

# मूसलाधार बारिश में दशम फॉल की खूबसूरती चरम पर, उमड़ रहे सैलानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में खूब बारिश हो रही है। नदियां उफान पर हैं। जलाशयों के फाटक खोलने पड़ रहे हैं। मौसम केंद्र की ओर से आए दिन मूसलाधार बारिश को लेकर ऑरेंज या येलो अलर्ट जारी हो रहा है। चेतावनी जारी की जा रही है कि ऐसे समय में नदी, तालाब, जलाशय, जलप्रपाप, पहाड़, जंगल जैसी जगहों पर जाने से परहेज करें। दूसरी तरफ प्रकृति की बेपनाह खूबसूरती सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। खासकर जलप्रताप का नजारा देखते बन रहा है। रांची से करीब 40 किमी दूर रांची-जमशेदपुर एनएच-33 पर तैमारा घाटी के पास दशम फॉल है। यहां कांची नदी की विहंगम जलधारा सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर रही है। बारिश के बावजूद रांची और आसपास के शहरों के अलावा पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के सैलानी जलधारा के विहंगम रुप को देखने पहुंच रहे हैं। सैलानी इस अद्भुत नजारे की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कांची नदी की तेज धार 144 फीट की ऊंचाई से झरने की शक्ल में गिरती है। गर्मी के दिनों में छोटी-बड़ी दस जलधारा पहाड़ी से गिरती है। इसी वजह से इसको दशम फॉल कहा जाता है। लेकिन इस बार मानसून में मूसलाधार बारिश की वजह से कांची नदी उफान पर है। पूरी पहाड़ी जलधारा से ढंक गई है। ऐसे में सैलानियों को तेज बहाव वाले जगहों पर जाने से रोकना पर्यटक मित्रों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। दशम फॉल की



सुरक्षा में 22 पर्यटक मित्र तैनात हैं। इनको झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से प्रतिमाह करीब साढ़े ग्यारह हजार रुपये मिलते हैं। लेकिन इतनी छोटी रकम भी फरवरी माह के नहीं मिली है। लाइफ सेविंग जैकेट तो दूर की बात है। इनको ना तो पहचान पत्र मिला है और ना ही वर्दी। कई बार सैलानी उलझ जाते हैं। आई कार्ड मांगने लगते हैं। दशम फॉल थाना की पुलिस भी रेगुलर बेसिस पर पेट्रोलिंग नहीं करती है। दशम फॉल की खूबसूरती का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं लेकिन व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं है। सीढ़ियां टूट रही हैं। कई जगह फिसलन वाली स्थिति है। भारी बारिश की वजह से जलप्रपात वाली जगह पर पानी भरा हुआ है लेकिन पर्यटकों को गाइड करने के लिए एक अदद बोर्ड तक नहीं लगा हुआ है। यहां एक ढंग का स्नैक्स का आउटलेट तक नहीं है। ग्रामीण अपने स्तर पर चार-पांच चाय और तीन-चार बिस्किट, चिप्स की दुकानें चला रहे हैं। साफ-सफाई की भी मुकम्मल व्यवस्था नहीं है। दशम जलप्रपात उफान पर है। इसलिए पर्यटक मित्रों ने सैलानियों की सुरक्षा के लिए अपने स्तर से कुछ व्यवस्था की है। यहां फॉल के निचले हिस्से तक पहुंचने के लिए कुल 185 सीढ़ियां हैं। फिलहाल सैलानियों को 150 सीढ़ी नीचे तक जाने दिया जा रहा है। पानी के तेज बहाव के कारण उसके नीचे जाने से रोका जा रहा है। इस बात का ख्याल रखा जा रहा है कि सेल्फी के चक्कर में कोई तेज बहाव वाले जगह तक न पहुंच जाए। इस वजह से पर्यटक मित्र हर वैसे प्वाइंट पर तैनात हैं, जहां सेल्फी लेना खतरनाक हो सकता है। दशम फॉल घूमने आए सैलानियों का कहना है कि यहां की सारी व्यवस्था ग्रामीणों के भरोसे चल रही है। ऐसी जगहों पर सुरक्षा की विशेष व्यवस्था होनी चाहिए। ऐसी जगहों पर नाइट स्टे की सुरक्षित व्यवस्था मुहैया कराई जाती तो पर्यटन विभाग को अच्छा राजस्व भी मिलता।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 व 16 जुलाई को रद्द रहेगी झाड़ग्राम-धनबाद एक्सप्रेस

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** आद्रा डिवीजन में विकास कार्यों के कारण टाटानगर से होकर चलने वाली ट्रेन नंबर 18019/18120 झाड़ग्राम-धनबाद एक्सप्रेस 14 जुलाई और 16 जुलाई को रद्द रहेगी। इसके अलावा ट्रेन नंबर- 68056 टाटा-आसनसोल मेमू क्रमशः 14 जुलाई, 17 जुलाई और 20 जुलाई को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। ट्रेन नंबर- 68055 आसनसोल-टाटा मेमू 15 जुलाई व 19 को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इस संबंध में सर्कुलर जारी कर दिया गया है।

### तेज रफ्तार कंटेनर ने ली जवान की जान

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात सड़क हादसे में झारखंड पुलिस के एक जवान रमाशंकर पांडे की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब पुलिस गश्ती दल एक संदिग्ध ट्रक का पीछा कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कंटेनर ने जवान को कुचल दिया। चरही थाना में पदस्थापित झारखंड पुलिस के जवान रमाशंकर पांडे की मौत सेवा देने के दौरान हो गई।

### वज्रपात से सहिया की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं ने एक परिवार को पूरी तरह उजाड़ दिया है। शुक्रवार की शाम वज्रपात की चपेट में आने से चंदवा प्रखंड की सहिया सुभाष देवी की मौत हो गई। सुभाष देवी चंदवा प्रखंड के पूरन टोली की रहने वाली थी। वह स्वास्थ्य विभाग में सहिया का काम करती थी। शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर चंदवा स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आई थी। कार्यक्रम के समापन के बाद वह वापस अपने घर लौट रही थी तभी वज्रपात की चपेट में आने से सहिया की मौत हो गयी।

### हॉस्टल से गिरने वाले छात्र की मौत

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** एम्स के पांच मंजिला हॉस्टल से गिरने वाले एमबीबीएस छात्र ध्रुव कुमार की इलाज के दौरान आज शनिवार को मौत हो गयी। ध्रुव पिछले दो दिनों से एम्स के इमरजेंसी ब्लॉक में इलाजरत था। मालूम हो गुरुवार की रात करीब 8 बजे एम्स कैंपस के पांच मंजिला हॉस्टल से ध्रुव गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। छात्र ध्रुव कुमार मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलने पर शुक्रवार को ही ध्रुव के माता-पिता भी देवघर एम्स पहुंचे थे।

### महिला को मारी गोली

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के नूरसराय थाना अंतर्गत डोईया गांव में शनिवार को एक महिला की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान 60 वर्षीय सुशीला देवी के रूप में हुई है, जो पटना पीएमसीएच में कार्यरत थीं।

# विकसित भारत के एंबेसडर होंगे आज के युवा : संजय सेठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रोजगार मेला के जरिए शनिवार को झारखंड सहित देशभर के 51 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र बांटा गया। रांची के सीसीएल स्थित दरभंगा हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, विधायक सुरेश बैठा और रांची रेल डीआरएम ने विभिन्न विभागों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। रांची सेंटर पर नियुक्ति पत्र लेने आए 182 अभ्यर्थियों में 25 को सांकेतिक रुप से नियुक्ति पत्र सौंपा गया। जिन अभ्यर्थियों को सांकेतिक रुप से नियुक्ति पत्र सौंपा गया उसमें सुमंता मोदक, हिमांशु सिंह, लालू कुमार यादव,



मोहित ज्वाय भेंगरा, सौम्या सिंह, ओमप्रकाश टोप्पो, शाहदेव महतो, पूजा वर्मा, सुनील तांती, धनंजय महतो, रिंकी कुमारी, अमरेंद्र कुमार, रुमा बेरा, हिंदुजा आजाद, पल्लवी मंडल, राज कुमार पासवान, विद्युत गोआला, रोहित सिदर, बेबी प्रिया, संदीप मुंडा, अतुल कुमार राम, हर्ष कुमार, रोहित कुमार, रितिका कुमारी और विवेक भगत शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने नियुक्ति पत्र पानेवाले अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ये युवा कल के विकसित भारत के ब्रांड एंबेसडर होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। उन्होंने कहा 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दी गई है। इन युवाओं का सौभाग्य है कि पीएस नरेंद्र मोदी ने खुद हस्ताक्षर करके नियुक्ति पत्र को भेजा है। नियुक्ति पत्र पाने वाली रिंकी कुमारी कहती हैं कि उनका चयन आर्कियोलॉजिकल विभाग में एमटीएस के पद पर हुआ है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि 2024 में परीक्षा आयोजित हुई थी। उसके बाद से नियुक्ति पत्र पाने का इंतजार कर रहा था। इस तरह का आयोजन कर एक बहुत बड़ा सौगात देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम लोगों के लिए किया है।

## जंगली पहाड़ी में मिले दो आईईडी और पांच बंकर, हथियार और गोला-बारूद बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। छोटानागरा थाना क्षेत्र की जंगली पहाड़ी में चलाए गए सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों के 5 बंकर मिले हैं। इन बंकरों से सुरक्षाबलों ने 2 आईईडी (विस्फोटक उपकरण) बरामद किए। बम निरोधक दस्ते की मदद से दोनों आईईडी को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। सुरक्षाबलों ने सभी बंकरों को भी ध्वस्त कर दिया है। बंकरों से बरामद सामग्री में इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, वॉकी-टॉकी सेट और सेफ्टी फ्यूज शामिल हैं। इसके अलावा एरो बम असेंबली, इलेक्ट्रिक वायर और सिरिंज मैकेनिज्म भी मिला है। सुरक्षा बलों को काली और हरी रंग की वर्दी, एम्यूनिशन पाउच और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री भी मिली है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## आईआईटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 1 अगस्त 2025 को धनबाद दौरे पर आएंगी। वे यहां भारतीय खान उद्योग संस्थान (आईआईटी) आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। वह इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इस समारोह में देशभर के करीब 2000 छात्रों को उनकी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति भवन ने आईआईटी-आईएसएम को इस बात की सूचना दी है कि राष्ट्रपति मुर्मू इस विशेष अवसर पर शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। समारोह का आयोजन संस्थान के ओपन एयर थिएटर में होगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक संस्थान के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा, क्योंकि यह तीसरी बार है जब कोई राष्ट्रपति दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इससे पहले 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने इस समारोह में भाग लिया था। फिर 2014 में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने फिर समारोह में भाग लिया था। यहां देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद भी आ चुके हैं। आईएसएम के अधिकारियों के मुताबिक इस बार दीक्षांत समारोह को और भी भव्य रूप से आयोजित करने की योजना है। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को पदक और सम्मान से नवाजा जाएगा। इसके अलावा संस्थान में शोध और नवाचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन और आईएसएम प्रबंधन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर कई बैठकें शुरू कर दी हैं। राष्ट्रपति की यात्रा को लेकर धनबाद में उत्साह का माहौल है और सभी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

# 10 हजार रुपए रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के सरायकेला जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की जमशेदपुर टीम ने चांडिल अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी शनि बर्मन को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला खतियानधारी राजेश हेम्ब्रम की शिकायत से शुरू हुआ। राजेश ने अपना नाम ऑनलाइन पंजी-2 में दर्ज कराने के लिए अंचल कार्यालय से संपर्क किया था। राजस्व कर्मचारी शनि बर्मन ने इस काम के लिए 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। राजेश ने एसीबी जमशेदपुर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के बाद एसीबी ने ट्रैप की योजना बनाई। जैसे ही शनि बर्मन ने रिश्वत राशि ली, एसीबी की टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। उनके पास से रिश्वत की पूरी रकम बरामद की गई। एसीबी के डीएसपी



इंद्रदेव राम के अनुसार आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच जारी है और अन्य अधिकारियों की संलिप्तता मिलने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। एसीबी ने लोगों से अपील की है कि रिश्वत मांगने की सूचना तुरंत उन्हें दें।

## आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल होने पर महिला ने की खुदकुशी

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** महिला समूह की ट्रेनिंग में आई एक महिला ने शनिवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। वह तीन दिवसीय महिला प्रशिक्षण के लिए चतरा आई थीं। इस दौरान एक युवक के साथ उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। तस्वीरों के वायरल होने से महिला का पति के साथ विवाद हो गया। कुंदा मुखिया ने मामले को सुलझाने का प्रयास किया। उन्होंने मृतका के पति से बात कर विवाद को शांत करवाया फिर भी महिला इस घटना से उबर नहीं पाईं। शनिवार सुबह करीब 9 बजे सदर टीओपी-2 के पास स्थित रौशन होटल के बाहर महिला ने अपने पति से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान उसने सल्फास की गोलियां खा ली। जहर खाने के बाद वह होटल के बाहर बेहोश होकर गिर गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पहले महिला को सदर अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत देख डॉक्टरों ने हजारीबाग रेफर कर दिया। हजारीबाग ले जाते समय रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।

# सुल्तानगंज से देवघर तक गूंज रहे बोलबम के नारे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** श्रावणी मेले की शुरुआत हो चुकी है। सावन की पहली सोमवारी 14 जुलाई को है। सुल्तानगंज में बाबा के भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। कावड़िए यहां से जल भरकर देवघर के लिए निकल रहे हैं। संभव है कि हर दिन कम से कम 5 लाख लोग यहां से जल भरेंगे और 105 दूर देवघर के बाबा बैजनाथ धाम मंदिर में चढ़ाएंगे। लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा, ट्रैफिक और ठहरने की व्यवस्था की है। करीब 800 जवान और अफसरों को सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है, जो चौबीसों घंटे रिस्पॉन्स देंगे। शहर में गाड़ियों से जाम ना लगे, इसके लिए तीन दिशाओं में 6 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इनमें करीब 2 हजार गाड़ियां पार्क होंगी। अजगैबीनाथ मंदिर के पास दो घाट बनाए गए हैं। एक मंदिर के पास अजगैबीनाथ धाम घाट और दूसरा नमामि गंगे घाट। दोनों घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। दोनों घाटों सहित पूरे शहर में 312 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अजगैबीनाथ



मंदिर परिसर और मुख्य प्रवेश द्वारों पर हाई-रेजोल्यूशन नाइट विजन कैमरे लगाए गए हैं। शहर में हर चौक-चौराहे पर 24 घंटे पुलिस बल तैनात किए गए हैं। दोनों घाटों पर करीब 150 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात हैं। वहीं, पूरे शहर में 600 से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सिर्फ घाट पर 15 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, जो अलग-अलग शिफ्ट में मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सुल्तानगंज में अजगैबीनाथ घाट, कांवरिया पथ, नमामि गंगे घाट, बबलपुर मोड़ और नगर परिषद मैदान में अस्थायी थाना बनाए गए हैं। सुल्तानगंज स्टेशन पर 34 पुलिस चेक-पॉइंट्स बनाए गए हैं। वर्दी और सादे कपड़े में जवान तैनात हैं।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in



# शिवहर में किसान का बेटा बना सीए : 10 साल की मेहनत के बाद मिली सफलता

**शिवहर, एजेंसी।** शिवहर के बेलवा इनरवा गांव में किसान राजू कुंवर(27) के बेटे श्रीनिवास ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर जिले का नाम रौशन किया है। श्रीनिवास ने कलावती जीयालाल उच्च विद्यालय अम्बा कला से 2013 में 10वीं और 2015 में 12वीं की परीक्षा पास की। 12वीं के बाद श्रीनिवास दिल्ली के लक्ष्मीनगर में सीए की तैयारी के लिए चले गए। उन्होंने इग्नू से बीकॉम की पढ़ाई भी साथ-साथ की। 2017 में उन्होंने सीपीटी क्वालीफाई किया।

## 5 बार असफलता के बाद भी नहीं मानी हार

2019 में सीए इंटर पास करने के बाद तीन साल तक दिल्ली में आर्टिकलशिप की। सीए फाइनल में श्रीनिवास को पांच बार असफलता मिली। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। 2025 में आखिरकार उन्होंने सीए फाइनल परीक्षा पास कर ली। इस सफलता में उनके पिता का बड़ा योगदान रहा। हर असफलता पर पिता ने उनका हौसला बढ़ाया। श्रीनिवास ने नौकरी करते हुए पढ़ाई की। अपनी कमाई से खर्च चलाया। उनकी सफलता की कहानी सीमित संसाधनों वाले युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने साबित किया कि मजबूत इच्छाशक्ति और निरंतर मेहनत से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है।

## नौकरी के साथ जारी रखा पढ़ाई

2023 में श्रीनिवास को 5 लाख रुपए की सालाना सैलरी पर एक नौकरी भी मिल गई थी, लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राथमिकता दी और नौकरी के साथ सीए की तैयारी जारी रखी। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और वे आज एक सफल चार्टर्ड अकाउंटेंट बन चुके हैं।

## विधानसभा चुनाव पर ऐक्शन में एनडीए

# जदयू की हर बूथ पर निगरानी, बीजेपी की पल-पल की खबर पर नजर

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही एनडीए की सभी दल ऐक्शन में नजर आ रहे हैं। भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर की गतिविधियां तेज हो गयी हैं तो जेडीयू की हर बूथ पर नजर है। सीएम नीतीश कुमार अक्सर पार्टी दफ्तर आते रहते हैं। दोनों दलों का वार रूम फाइनल स्टेज में उधर लोजपा आरवी के चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा भी पूरी ताकत के साथ क्षेत्र में जुटे हैं।

बीजेपी मीडिया सेंटर के अधिकारी देश और प्रदेश की पल-पल की खबर विभिन्न स्रोतों से प्राप्त कर रहे हैं और इससे शीर्ष नेतृत्व को अवगत करा रहे हैं। अखबारों, सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया पर चल रही खबरों, खासकर राजनीति से जुड़े हुए, पर मीडिया सेंटर 24 घंटे नजर रख रहा है। दिन में चार बार मीडिया सेंटर के प्रभारीगण राजनीतिक तथा अन्य प्रमुख घटनाओं से जुड़ी खबरों पर रिपोर्ट तैयार करते हैं। किन-किन नेताओं ने क्या-क्या बयान दिया। कहां पर बयान दिया। इस पर रिपोर्ट तैयार होती है। पांच लोगों की टीम इस पर काम करती है। लिखित हो या वीडियो, इसे शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाया जाता है। सुबह नौ बजे तक अखबारों में छपी राजनीतिक खबरों की कटिंग तैयार कर ली जाती है। वहीं, दोपहर एक बजे, शाम पांच और फिर रात नौ बजे डिजिटल मीडिया की रिपोर्ट बिहार के शीर्ष नेतृत्व के साथ दिल्ली के बड़े नेता तक भी पहुंचायी जाती है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने बताया कि चुनाव को देखते हुए त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) का गठन किया गया है। इस टीम की एक जून से हर दिन रात नौ बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक होती है। इसमें बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख आदि नेता शामिल रहते हैं। बैठक में दिनभर की राजनीतिक गतिविधि पर चर्चा होती है। साथ ही अगले दिन का मुख्य एजेंडा क्या होगा, यह भी तय किया जाता है। कौन प्रवक्ता किस एजेंडे पर अपनी बात रखेंगे, किस घटना को प्रमुखता से लोगों के समक्ष रखना है, इसका निर्धारण होता है। मीडिया प्रभारी ने यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर कुछ ही दिनों में चुनाव प्रबंध समिति के गठन की उम्मीद है। इसके गठन के बाद चुनाव का वार रूम तैयार किया जाएगा। वार रूम में भी विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग टीम को जिम्मेदारी दी जाती है। विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार सामग्री भेजने, नेताओं के कार्यक्रम तय करने से लेकर चुनावी सभाओं के आयोजन आदि कार्य के लिए अलग-अलग पदाधिकारियों की भूमिका रहती है। वहीं, स्थानीय पार्टी पदाधिकारियों और गठबंधन दल के नेताओं के कार्यक्रम को लेकर समन्वय स्थापित करने आदि की मुख्य जिम्मेदारी वार रूम के पदाधिकारियों की रहती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में गठित प्रबंध समिति में 70 से अधिक लोग थे।




## जदयू की 243 सीटों के हर बूथ पर नजर

जदयू ने भी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर युद्धस्तर पर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में अत्याधुनिक वार रूम तैयार किया जा रहा है। वार रूम लगभग तैयार है। दल के शीर्ष नेता जब चाहते हैं, तब वाररूम के माध्यम से वर्चुअल बैठक कर रहे हैं। पार्टी का उद्देश्य हर एक बूथ की निगरानी राज्य मुख्यालय से करनी है, इसीलिए पार्टी बूथ जीतो चुनाव जीतो का लक्ष्य लेकर चल रही है। जदयू के वार रूम में सभी 243 विधानसभा क्षेत्र की न केवल विस्तृत जानकारी उपलब्ध है, बल्कि वहां चल रही सभी चुनावी गतिविधियों की पल-पल की रिपोर्ट भी भेजी जाती है। पिछले दिनों जदयू मुख्यालय में सभी विधानसभा क्षेत्र पंचायत वार और वार्ड वार चुनाव की तैयारी को लेकर वर्चुअल बैठकें आयोजित की गईं। इनमें पार्टी ने हर बूथ तक अपना संदेश पहुंचाया कि कैसे आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी करनी है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कई बार पार्टी मुख्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर उत्साहित कर चुके हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को 225 सीटें जीतने के लक्ष्य को साकार करने के लिए जमीन पर जाकर पसीना बहाने का संदेश भी दिया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें जीत के कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिये हैं। इसी के आधार पर पार्टी का वार रूम अपनी कार्ययोजना बना रहा है। पार्टी के वार रूम में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी इस्तेमाल किया जाएगा। यही नहीं, वहां मीडिया और सोशल मीडिया को लेकर भी विशेष प्रावधान किये जा रहे हैं। साथ ही यहां से नीतीश सरकार के विकास औरकल्याणकारी कार्यों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के साथ विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों का भी जवाब दिया जाएगा। वार रूम की कमान आईटी प्रोफेशनल के साथ पार्टी के तकनीकी रूप से दक्ष नेता और कार्यकर्ता खुद संभालेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। राज्य के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में गठबंधन के नेताओं के चुनावी कार्यक्रम तय करने दलों के साथ सम्नवय बैठाने आदि कार्य भी वार रूम की अहम भूमिका होगी।

# मोतिहारी में पीएम मोदी का 18 जुलाई को जनसभा : कार्यकर्ता गांव-गांव में करेंगे जनसंपर्क



## 12 जागरूकता रथ रवाना

**मोतिहारी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 18 जुलाई को मोतिहारी के दौरे पर रहेंगे। उनके स्वागत और जनसभा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद राधा मोहन सिंह ने मोतिहारी से 12 जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन रथों के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण देंगे। इसके साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और प्रधानमंत्री की अब तक की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली यात्रा

पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने बताया कि यह प्रधानमंत्री की मोतिहारी की छठी यात्रा है, लेकिन 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद यह पहली बार है जब पीएम मोदी यहां आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक सभा नहीं, बल्कि विकास का महाकुंभ होगा। जैसे कुंभ में लाखों लोग जुटते हैं, उसी तरह 18 जुलाई को मोतिहारी में जनसैलाब उमड़ेगा।

### परियोजनाओं की मिल सकती है सौगात

पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर आमजन में उत्साह का माहौल है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस दौरान मोतिहारी को कई नई परियोजनाओं की सौगात मिल सकती है। पहले से जारी विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ कई नई घोषणाएं भी संभव हैं।

### हर विधानसभा में जनसंपर्क अभियान शुरू

भाजपा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर पीएम मोदी की योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी लोगों तक पहुंचा रहे हैं। लक्ष्य है कि हर गांव, हर मोहल्ले तक संदेश पहुंचे और ज्यादा से ज्यादा लोग 18 जुलाई के कार्यक्रम में शामिल हों।

### जागरूकता रथ बनेंगे प्रचार का आधार

भाजपा द्वारा भेजे गए जागरूकता रथों पर प्रधानमंत्री मोदी के फोटो, योजनाओं की जानकारी, विकास कार्यों के चित्र और स्लोगन प्रदर्शित किए गए हैं। यह रथ आगामी दिनों में मोतिहारी की हर गली-मोहल्ले में सरकारी योजनाओं की झलक दिखाते नजर आएंगे। यह दौरा न केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से अहम है, बल्कि आने वाले चुनावों के लिए भी भाजपा की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। यदि आप चाहें तो इसे बुलेटिन स्क्रिप्ट, जनसंपर्क पंफलेट या सोशल मीडिया पोस्ट में भी बदला जा सकता है।

# मुजफ्फरपुर से श्रावणी मेला स्पेशल चलाने की मांग

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** केंद्रीय रेल परिचालन उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष सिद्धेश्वर प्रसाद ने मुजफ्फरपुर से भागलपुर वाया सुलतानगंज के लिए श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का आग्रह किया है। इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को डाक से पत्र भेजा है। कहा है कि इस रूट पर ट्रेनों की कमी है। इससे रेलवे को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

श्रावणी मेला : देवघर के लिए मिले बसों को परमिट मुजफ्फरपुर। बिहार मोटर ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के अध्यक्ष उदश शंकर प्रसाद सिंह व जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा शुक्रवार को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के प्रमंडलीय आयुक्त सह अध्यक्ष राजकुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उनसे आग्रह किया कि मुजफ्फरपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुलतानगंज, देवघर, बासुकीनाथ, तारापीठ व अन्य तीर्थ स्थल बसों द्वारा जाते है। इसके लिए बसों का अस्थायी परमिट निर्गत करने का आग्रह किया है।



# पटना नगर निगम बोर्ड की बैठक में बवाल, मीटिंग छोड़ निकले अधिकारी

## मेयर के बेटे ने गाली-गलौज किया

**पटना, एजेंसी।** पटना नगर निगम बोर्ड की शुक्रवार को हुई नौवीं साधारण बैठक विवादों में घिर गई है। जांच के दायरे में आए तीन एजेंडों को लेकर नगर आयुक्त और महापौर आमने-सामने आ गए। आरोप- प्रत्यारोप के बीच अफसरों ने विरोध किया और बैठक का बहिष्कार कर वहां से निकल गए। बैठक में मेयर सीता साहू के बेटे की मौजूदगी से स्थिति और असहज हो गई। मेयर पुत्र शिशिर और वार्ड पार्षदों के बीच गाली-गलौज हुई।

गांधी मैदान के पास एक होटल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता महापौर सीता साहू ने की। बैठक शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। विवाद की वजह उन तीन प्रस्तावों को संपुष्टि के लिए लाया जाना था, जिनपर नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से गठित समिति जांच कर रही है। आयुक्त ने यह कहते हुए अधिकारियों के साथ बैठक का बहिष्कार कर चले गए कि इसके संलेख में तीनों प्रस्ताव विषयांतर हैं। विभाग की ओर से इन पर जांच चल रही है। प्रस्ताव संख्या 123 ए, 124 ए और 125 को छोड़कर संपुष्टि पर चर्चा की जाए, चूंकि प्रासंगिक पत्र के माध्यम वर्णित प्रस्ताव पर विभाग द्वारा किसी भी प्रकार के निर्णय लिए जाने से रोक लगाई गई है।

### 12 एजेंडे बहुमत से हुए पास : महापौर

बैठक से नगर आयुक्त समेत सभी पदाधिकारियों और विरोधी पार्षदों के बहिष्कार के बाद महापौर, उपमहापौर, सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों और महापौर के समर्थक पार्षदों ने बैठक कर तीनों प्रस्ताव समेत 12 एजेंडों की संपुष्टि करने का दावा किया। महापौर सीता साहू ने कहा कि 8वीं साधारण बैठक के प्रस्तावों को 25 जून की बोर्ड बैठक में संपुष्टि करना था, लेकिन बैठक स्थगित करनी पड़ी थी। 11 जुलाई को आयोजित निगम बोर्ड की बैठक में संपुष्टि के लिए प्रस्ताव 123, 124 और 125 लाया गया और इसकी संपुष्टि भी करा ली गई। महापौर ने कहा कि हमारे पास पार्षदों का बहुमत है, इसलिए सभी प्रस्ताव पास करा लिए गए। तीनों प्रस्ताव समेत नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति योजना और उच्च क्षमता के बोरिंग लगाने की योजना को पास किया गया। कहा कि जलापूर्ति योजना लंबित है। नगर आयुक्त राशि नहीं भेज रहे हैं। आयुक्त का दोहरा रवैया नहीं चलेगा। सदस्य विनोद कुमार ने आरोप लगाया कि नगर आयुक्त द्वारा बहिष्कार लोकतंत्र का मजाक है। सदन बहुमत से चलता है, न कि गुटबाजी से। तीनों प्रस्ताव पर 61 पार्षद एकमत थे, तब कुछ विरोधी पार्षद का समर्थन कर नगर आयुक्त बैठक से चले गए।

# भारत-नेपाल सीमा पर खाद तस्करी रोकने गए जवानों पर हमला

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में भारत-नेपाल सीमा पर खाद तस्करी को रोकने गए एसएसबी जवानों पर तस्करों ने हमला कर दिया। एसएसबी की 71वीं वाहिनी के चार जवान इस हमले में घायल हो गए। जवानों को आत्मरक्षा में हवाई फायरिंग करनी पड़ी। घटना बाह्य सीमा चौकी अगरवा के क्षेत्र में हुई। रात्रि गश्ती के दौरान जवानों ने देखा कि करीब 200-250 लोग साइकिल पर खाद लेकर नेपाल की तरफ जा रहे थे। इनमें महिलाएं, युवक और बच्चे शामिल थे।

**तस्करों ने जवान पर किया पथराव :** एसएसबी जवानों ने जब तस्करों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। तस्करों ने डंडों से हमला किया और जवानों के हथियार छीनने की कोशिश भी की। जवानों ने स्थिति को काबू में करने के लिए हवाई फायरिंग की। इस दौरान तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर खाद नेपाल ले जाने में सफल रहे। एसएसबी ने मौके से 16 बोरी खाद बरामद की है। जितना थाने में अज्ञात तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। घायल जवानों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटवा में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद एसएसबी मुख्यालय के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। सीमा की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए एसएसबी और स्थानीय पुलिस संयुक्त अभियान चला रही है।



### अवैध रूप से नेपाल भेजा जा रहा खाद

भारत-नेपाल सीमा पर खाद तस्करी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। सब्सिडी वाली खाद को अवैध रूप से नेपाल भेजा जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और किसानों को खाद की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रसव के बाद महिलाओं के बीच जच्चा बच्चा किट का वितरण

**गया, एजेंसी।** अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को जननी एवं बाल स्वास्थ्य के लिए जच्चा बच्चा किट का वितरण किया गया। क्षेत्रीय विधायक डॉ. अनिल कुमार ने जरूरी दवाइयों के साथ पोषणयुक्त आहार वाला किट का विरतण किया। चैनपुर गांव की सुनीता कुमारी को किट देकर इसकी शुरुआत की गई। पूजा कुमारी समेत कई लाभार्थियों को भी किट मुहैया कराया गया। विधायक अनिल कुमार ने कहा कि यह योजना सीएम नीतीश सरकार की जनस्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि, टिकारी अस्पताल में लगातार सुविधाएं बढ़ायी जा रही है। अब यहां अल्ट्रसाउण्ड, एक्स-रे, ईसीजी समेत कई महत्वपूर्ण सुविधा मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही है। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि इस किट में महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार, विटामिन की जरूरी दवाइयां, और अन्य उपयोगी सामान शामिल हैं, जो प्रसव के बाद मां और नवजात की सेहत के लिए बेहद जरूरी है।

# पटना में नहर में गिरी कार, मां-बेटी, सास की मौत

**बिहटा, पटना, एजेंसी।** पटना के सरैया गांव के पास शनिवार को एक कार सोन कैनाल नहर में गिर गई। हादसे में गाड़ी की पिछली सीट पर बैठे परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। गाड़ी की फ्रंट सीट पर बैठे 2 को आसपास के लोगों ने रेस्क्यू किया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी की मदद से कार को नहर से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी लगने से कार नहर में जा गिरी। हादसे में मां, बेटी और सास की मौत हो गई। पिता और बेटी को लोगों ने रेस्क्यू कर लिया। मृतकों की पहचान निर्मला देवी (52), नीतू सिंह (36), अस्तितु कुमारी (10) के रूप में हुई है। सभी लोग वैशाली जिले के महुआ के करिहो गांव के रहने वाले हैं। घायलों में नंदन सिंह और रिद्धि सिंह हैं। दोनों का इलाज चल रहा है। सभी कार से छत्तीसगढ़ से वैशाली के हाजीपुर जा रहे थे। घर में किसी की शादी की सालगिरह में शामिल होना था। फिलहाल तीनों शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया गया है। आसपास के लोगों ने बताया- सोन कैनाल नहर काफी गहरी। इन दिनों उसमें पानी भी बढ़ गया है।

# प्रधानमंत्री के स्वागत में छात्र ने बनाया राम-मंदिर का मॉडल

## मोतिहारी के अनुराग ने बेकार सामान से 8 दिन में तैयार किया उपहार,कहा-पीएम से मिलना मेरा सपना



**मोतिहारी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को मोतिहारी दौरे पर आ रहे हैं। इसको लेकर पूरे चंपारण में उत्साह चरम पर है। सुरक्षा से लेकर सजावट तक हर स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी बीच मोतिहारी के एक स्कूली छात्र की सादगी और समर्पण ने सबका दिल जीत लिया है। 7वीं कक्षा में पढ़ने वाले अनुराग गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में प्रभु श्रीराम के अयोध्या मंदिर का एक सुंदर मॉडल तैयार किया है। खास बात यह है कि अनुराग ने यह मॉडल घर में पड़े बेकार सामान और पुराने कार्टून बॉक्स से तैयार किया है।

### मोदी जी के कारण ही अयोध्या में राम मंदिर बन सका

अनुराग ने बताया कि मैं बचपन से मोदी का प्रशंसक रहा हूं। जैसे ही मैंने सुना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोतिहारी आ रहे हैं, मैंने अपने दिल की बात कुछ अलग तरीके से कहने का फैसला किया। मोदी जी के कारण ही आज राम मंदिर बन सका है। उनके स्वागत में इससे बेहतर उपहार कुछ और हो ही नहीं सकता।

### 8 दिन की मेहनत और 200 रुपए का खर्च

राम मंदिर के इस मॉडल को तैयार करने में अनुराग को 8 दिन का वक्त लगा और सिर्फ 200 रुपए खर्च हुए। यह मॉडल आकर्षक और कलात्मक तो है ही, साथ ही यह एक बच्चे की प्रधानमंत्री के प्रति श्रद्धा और देशप्रेम को भी बखूबी दर्शाता है।

### प्रधानमंत्री को खुद भेंट करना चाहता हूं मॉडल

अनुराग का कहना है कि वह प्रधानमंत्री मोदी को खुद यह मॉडल भेंट करना चाहते हैं। उनकी आंखों में एक सपना है अगर मैं मोदी जी से मिल सका और उन्हें अपना यह मॉडल दे सका, तो यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा दिन होगा। अनुराग का कहना है कि वह प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर देशसेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं भी बड़ा होकर उनके जैसा देशभक्त नेता बनना चाहता हूं।

### राम मंदिर मॉडल बनाकर अनुराग ने दिया एक बड़ा संदेश

प्रधानमंत्री का यह दौरा जहां एक ओर राजनीतिक मायनों में अहम है, वहीं दूसरी ओर जनता के दिलों में बसे सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव का भी प्रमाण बन गया है।

### सांसद से कहा- बेटे को प्रधानमंत्री मोदी से मिलवा दें

अनुराग के इस सपने को हकीकत बनाने के लिए उसके पिता ने मोतिहारी के सांसद राधामोहन सिंह से मुलाकात की। उन्होंने सांसद से बेटे की ओर से अपील की कि वह प्रधानमंत्री को अपना बनाया मंदिर भेंट करना चाहता है। सांसद राधामोहन सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा, कार्यक्रम बहुत बड़ा है और प्रोटोकॉल भी सख्त रहता है, लेकिन फिर भी हम कोशिश करेंगे कि प्रधानमंत्री तक उसकी भावना पहुंच सके। इसके बाद अनुराग के पिता ने जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल से भी मुलाकात कर लिखित आवेदन दिया। उन्होंने डीएम से बेटे की इस विशेष इच्छा को पूरा करने की गुहार लगाई। डीएम सौरभ जोरवाल ने भी मुलाकात कर प्रोटोकॉल संबंधी बाधाओं की जानकारी दी, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि छात्र की भावना सराहनीय है, और हम कोशिश करेंगे कि यह मंदिर किसी तरह प्रधानमंत्री तक पहुंच सके।

# संपत्ति विवाद में जीएनएम की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के डोईया गांव का में एक महिला की सिर में गोली मार हत्या कर दी गई। मृतका स्वर्गीय सुनील प्रसाद की 60 वर्षीया पत्नी सुशीला देवी है। सुशीला देवी पटना पीएमसीएच में जीएनएम के पद पर कार्यरत थी। घटना के संबंध में सुशीला देवी के पुत्र सोनू कुमार ने बताया कि शुक्रवार से ही चचेरे भाई धमकी दे रहा था की गोली मार देंगे। जब मैं रोड की तरफ से लौट रहा था तब देखा की मां सड़क किनारे गिरी हुई है। इसके बाद उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सोनू ने बताया कि चचेरे भाइयों से संपत्ति का विवाद चल रहा है। इसी विवाद में उन्हीं लोगों के द्वारा मां की हत्या कर दी गई है। दरअसल महिला खेत से लौट रही थी इसी बीच घात लगाए बदमाशों के द्वारा पीछे से सिर में गोलीमार उसकी हत्या कर दी गई। गोतिया से साढ़े चार बीघा जमीन का विवाद चल रहा है। सुशीला देवी प्रतिदिन शाम के वक्त ड्यूटी के लिए जाती थी और सुबह घर लौट आती थी। इस मामले में नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि घटना की सुचना मिलने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। सम्पति विवाद को लेकर हत्या की बात सामने आ रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी। गोलीमार कर महिला की हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामलें की जांच में जुट गई है।

## थानेदार की हत्या के आरोपित को गोलियों से भूना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा में थानेदार के हत्या के आरोपित को घात लगाए बदमाशों ने गोली मार हत्या कर दी है। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र के दुधैला गांव के पास की है। मृतक की पहचान नगरनौसा थाना क्षेत्र के बडीहा गांव निवासी अशोक यादव का (32) वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि रवि जमीनी विवाद को लेकर शनिवार को लगने वाले थाना स्तर पर जनता दरबार में गया हुआ था। जनता दरबार समाप्त होने के बाद वह नगरनौसा थाना से घर लौटकर जा रहा था। इसी बीच दूधैला गांव के पास घात लगाए बदमाशों ने रवि पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। गोली रवि के दोनों पैर, सीना एवं गले के पास लगी है। परिवार से संपत्ति विवाद में गोली मारने की बात सामने आ रही है। गोलीबारी की आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए। इसके बाद दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। जिसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल गांव में तनाव बना हुआ है जिसे देखते हुए कई थानों की पुलिस को घटनास्थल पर बुलाया गया है। वहीं एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। हिलसा डीएसपी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन एवं परिजनों को समझाने बुझाने के प्रयास में जुट गए है। वर्ष 2015 में 18 सितंबर को नगरनौसा के तत्कालीन थानाध्यक्ष अवधेश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। थानाध्यक्ष एक वारदात की सूचना पर नगरनौसा के बडीहा गांव पहुंचे ही थे कि अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। थानेदार अवधेश कुमार गया जिला के रहने वाले थे। बडीहा गांव में जमीन विवाद को लेकर राम उचित यादव व कपिल यादव की बीच गोलीबारी हुई थी। इस घटना में राम उचित यादव को गोली लगी थी।

# मुंगेर विश्वविद्यालय में 11 नवनियुक्त प्राचार्यों की पदस्थापना, लॉटरी से आवंटित किए गए कॉलेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की अनुशंसा पर नियुक्त 11 प्रधानाचार्यों की पदस्थापना विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों में कर दी है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय द्वारा आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई। राज्यपाल सचिवालय के निर्देशानुसार गठित समिति की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से कॉलेज आवंटन किया गया। इस समिति में कुलपति प्रो. संजय कुमार, चांसलर प्रतिनिधि प्रो. कुमारी सुदामा यादव, मुंगेर विधायक प्रणव कुमार, मेयर कुमकुम देवी, शास्त्रीनगर वार्ड पार्षद पार्वती देवी एवं कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय शामिल थे। लॉटरी प्रक्रिया सभी नवनियुक्त प्राचार्यों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई।

जारी अधिसूचना के अनुसार कॉलेज आवंटन इस प्रकार हैः

प्रो. मोहम्मद एस. एम. शकील - बी.आर.एम. कॉलेज, मुंगेर

प्रो. बिजेंद्र कुमार - आर.डी. एंड डी.जे. कॉलेज, मुंगेर

प्रो. कंचन गुप्ता - के.के.एम. कॉलेज, जमुई

प्रो. संजय कुमार - एस.के.आर. कॉलेज, बरबीघा

डॉ. निरंजन प्रसाद यादव - डी.एस.एम. कॉलेज, झाझा

प्रो. नागेंद्र कुमार शर्मा - आर.एस. कॉलेज, तारापुर

प्रो. पूनम कुमारी - बी.एन.एम. कॉलेज, बड़हिया

प्रो. मोहम्मद शहाबुद्दीन - आर.डी. कॉलेज, शेखपुरा

प्रो. अनुज रजक - के.एस.एस. कॉलेज, लखीसराय

डॉ. चन्द्रलोक भारती - कोशी कॉलेज, खगड़िया

डॉ. देवेंद्र प्रसाद राम - एच.एस. कॉलेज, हवेली खड़गपुर।

मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा यह प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से पूरी की गई, जिससे विश्वविद्यालयीय प्रशासन में नई ऊर्जा और कुशल नेतृत्व की उम्मीद जताई जा रही है।

# रेड़मा के चंद्रशेखर चौक पर ददई दूबे को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

### गगनभेदी नारों के साथ लोगों ने दी अंतिम विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पलामू के जननेता चंद्रशेखर दूबे उर्फ ददई दुबे को शनिवार को रेड़मा स्थित चंद्रशेखर आजाद चौक पर श्रद्धांजलि दी गई। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर चंद्रशेखर चौक पहुंचा, पूरा वातावरण गमगीन और भावुक हो गया। लोगों की आंखें नम हो गईं और कई समर्थक फफक कर रो पड़े। वरिष्ठ कांग्रेसी पं. दीनानाथ तिवारी भावनाओं से इतने व्याकुल हो उठे कि वे मोक्ष वाहन पर ही सवार हो गए। रेड़मा, जहां विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कई परिवार निवास करते हैं, सुबह से ही ददई दूबे के अंतिम दर्शन के लिए लोगों से भर गया था। उनके पहुंचते ही समर्थकों ने ददई बाबा अमर रहें के गगनभेदी नारे लगाए। श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर वामपंथी नेता केडी सिंह, पंकज श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, संतोष तिवारी पिंकू, नीतिन आलोक, मनीष ओझा, विवेकानंद दूबे, कुलबुल दूबे, राजेश दूबे, आजसू नेता तुलसी शुक्ला, बिकेश शुक्ला, संतोष कुमार, हम पार्टी के आशुतोष पांडेय, शशि कुमार, वीरमणि तिवारी, फोटू दूबे, संजय मिश्रा, प्रवीण तिवारी बंटू और पंकज सिंह समेत बड़ी संख्या में रेड़मा वासी उपस्थित रहे।

# खड़गपुर और रांची में रोजगार मेले का आयोजन नवनियुक्त युवाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** देशभर के 47 स्थानों पर शनिवार को 16वां रोजगार मेला आयोजित किया गया, जिसमें दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के अंतर्गत खड़गपुर और रांची भी शामिल रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों और संगठनों में 51,000 से अधिक नव-नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। खड़गपुर में आयोजित रोजगार मेले के दौरान विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के तहत कुल 155 पदों पर नव-नियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर विधायक हिरण्मय चट्टोपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंडल रेल प्रबंधक के.आर. चौधरी और अन्य मंडलीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

वहीं, रांची में आयोजित रोजगार मेले में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर सांसद आदित्य प्रसाद, विधायक सी.पी. सिंह, रांची के मंडल रेल प्रबंधक सुबोध कुमार बेहल, जमशेद टिबड़ा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नम आंखों से जन नेता ददई दुबे को दी गई अंतिम श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन पर शनिवार को पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। जैसे ही पार्थिव शरीर कार्यालय पहुंचा, पूरा माहौल गमगीन हो गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का झंडा अर्पित किया और शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा, ल्झारखंड और बिहार की राजनीति में ददई दुबे की एक अलग पहचान थी। उन्होंने कभी भी मान-सम्मान के साथ समझौता नहीं किया। अपने विचारों और संघर्षशीलता से उन्होंने राजनीति में एक लंबी और ऊंची लकीर खींची है। देश में दूसरा ददई बाबा नहीं बन सकता।

उन्होंने आगे कहा कि ददई दुबे कांग्रेस पार्टी के मजबूत स्तंभ थे और उनका जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं। उनके विचार, सिद्धांत और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे। स्वर्गीय दुबे एक संवेदनशील, जुझारू और कर्मठ नेता थे, जिन्होंने सदैव मजदूरों, वंचितों और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने श्रमिक हितों और सामाजिक न्याय के लिए लंबी लड़ाई लड़ी।

सभा में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ददई दुबे को अंतिम श्रद्धांजलि दी और उनके कार्यों को स्मरण किया।

**शोकसभा में प्रमुख रूप से शामिल रहेः**

पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता दीनानाथ तिवारी, चंद्रशेखर शुक्ला, श्याम नारायण सिंह, रामाशीष पांडेय, बिमला कुमारी, शमीम विनोद तिवारी, अहमद राईन, ईश्वरी सिंह, गिरिजा राम, तारकेश्वर पासवान, विद्या सिंह चेरो, राजेंद्र अग्रवाल, भिखारी राम, सुधीर चौबे, शंकर पांडेय, विश्राम दुबे, सत्येंद्र सिंह, सुरेंद्र तिवारी, लक्ष्मी नारायण तिवारी, अजय साहू, अशोक पासवान, जितेंद्र कमलापुरी, मुकेश सिंह चंदेल, देवांश शुक्ला, सौरभ पांडेय, गोपाल सिंह, मिठू खान, सचितानंद मिश्रा, तुलसी पासवान, हैदर खान, अनिल सिंह, नफीस खान, सोनू खान, मीर खुर्शीद आलम, अमिताभ शर्मा, सुनील दुबे, प्रमोद यादव, रामानंद पांडेय, सुरेंद्र भईया, विष्णु देव यादव, पंकज पासवान, विपिन यादव, विनोद पाठक, अमूख प्रियदर्शी, प्रमोद सिंह, नितेश पासवान, रविंद्र कुमार, मनोज चंद्रवंशी, सुरेश पाठक, शहजाद अली सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

यह अवसर जननेता ददई दुबे को अंतिम प्रणाम देने और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का था, जिसे पलामू की जनता ने गहरे भाव से साझा किया।

# दयालु जी कान्हा फाउंडेशन ने लगाया कांवरिया सेवा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** सावन का महीना आते ही सभी और हर हर महादेव बम बम भोले के तारों की जयकार गुंजा ने लगी है । सावन महीने के पहले दिन से ही कावेरियों का आना-जाना शुरू हो गया है । देश-विदेश से कांवरियों का जत्था नवादा के मार्ग से सुल्तानगंज तक पहुंचते हैं । ऐसे में कांवरियों की सेवा के लिए प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले सेवा शिविर के तहत इस साल भी दयालु जी कान्हा फाउंडेशन की ओर से नवादा स्टेशन परिसर में सेवा शिविर शुरू किया गया है। इस सेवा शिविर में लोगों को खाने, रहने, दवा आदि की समुचित व्यवस्था की गई है । दयालु कान्हा जी कांवरिया सेवा शिविर का उद्घाटन रोटरी क्लब के पूर्व असिस्टेंट गवर्नर डॉक्टर आरपी साहू ने किया। इस मौके पर असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन नवीन कुमार सिन्हा छवि, रोटरी क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सचिव आदित्य कुमार के साथ-साथ रोटेरियन नित्यानंद चौरसिया, रोटेरियन डॉ पंकज कुमार , अनिल कुमार भारद्वाज, सुभाष प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सुखदेव प्रसाद, समाजसेवी शास्त्री जी सहित कई लोग मौजूद रहे। इस मौके पर श्री दयालू कान्हा जी फाउंडेशन के अध्यक्ष सौरभ कुमार बिट्टू, सचिव संजय कुमार अकेला ने बताया कि श्रीदयालु कान्हा जी फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक वर्ष कांवरियो के लिए निशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह सेवा शिविर लगाया गया है।

# 51.36 करोड़ की लागत से होगा सड़कों का चौड़ीकरण : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन को सुलभ और सुरक्षित बनाने की नीति के तहत पथ प्रमंडल, नवादा के अंतर्गत दो प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य को मंजूरी प्रदान की गई है। दोनों परियोजनाओं पर कुल 5136.235 लाख (इक्यावन करोड़ छत्तीस लाख तेईस हजार पांच सौ) रुपये की लागत आएगी।

एनएच-20 से गोपालपुर मोड़ होते हुए कुलना तक की कुल 5.40 किमी लंबी सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। इस कार्य पर कुल 2419.145 लाख (24 करोड़ उन्नीस लाख चौदह हजार पांच सौ) रुपये की लागत आएगी। यह मार्ग शहरी क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ता है। इसके चौड़ीकरण और मजबूतीकरण से यातायात को रफ्तार और याता सुगम होगा।

खनवा से सिरदल्ला तक की 12.10 किमी लंबी सड़क को भी आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जाएगा। इस योजना पर 2717.09 लाख (सत्ताईस करोड़ सत्रह लाख नौ हजार) रुपये खर्च होंगे।

यह दोनों मार्ग नवादा जिले के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों को आपस में जोड़ते हैं अभी इन सड़कों की स्थिति संकरी और क्षतिग्रस्त है, जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इनके सुदृढ़ीकरण से क्षेत्रीय आवागमन, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को बेहतर बनेगा।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इन योजनाओं की निविदा प्रक्रिया तकनीकी स्वीकृति के उपरांत ही आरंभ की जाएगी। यदि संबंधित पथ (ओ पी र म सी )के अंतर्गत आते हों, तो उन्हें विलोपित करने के बाद ही निर्माण कार्य कराया जाएगा।

सम्राट चौधरी ने कहा कि, जिन पथों का अन्य विभागों से अधिग्रहण किया जाना है, वहां विधिवत हस्तांतरण के पश्चात ही निर्माण की अनुमति दी जाएगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने मुख्यमंत्री नितीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार प्रकट करते हुए कहा की इन योजनाओं से न केवल स्थानीय लोगों का यातायात सुगम होगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के अवसर भी सृजित होंगे।

बधाई देने वालो मे वारिसलीगंज की विधायक अरुणा देवी, पूर्व विधायक अनिल सिंह, पूर्व विधायक कन्हैया रजवार, निर्वतमान अध्यक्ष संजय मुन्ना,महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविन्द गुप्ता, गौरव शांडिल्य,नंदकिशोर चौरसिया उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा, मुकेश कुमार, मंत्री निशा राजवंशी,कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिजीत सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनीष सिन्हा,विकास सोलंकी, चंदन राजवंशी, गौतम भारती, भाजयुमो उपाध्यक्ष अजित शंकर मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो,शिवरानी केशरी एवं अन्य ने दिया

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, चार लोग गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रफीगंज। रफीगंज प्रखंड के बदोपुर गांव में शुक्रवार रात उस समय माहौल हिंसक हो गया, जब ताड़ी विक्रेता के एक ग्राहक की बाइक एक ग्रामीण की बकरी पर चढ़ गई। इस मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। हिंसा की इस घटना में एक ही परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राजेंद्र प्रजापत, उनकी पत्नी कांति देवी, पुत्र सुनील कुमार और मुनिल कुमार शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर संतोष कुमार की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। घायल राजेंद्र प्रजापत ने बताया कि गांव में रामविलास चौधरी, रितेश चौधरी समेत कुछ लोग ताड़ी की अवैध बिक्री करते हैं। शुक्रवार रात उन्हीं में से एक ग्राहक ने मेरे घर के सामने खड़ी बकरी पर बाइक चढ़ा दी। जब हमने विरोध किया तो बहस मारपीट में बदल गई। आरोप है कि उक्त ताड़ी विक्रेताओं ने परिवार पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# छोटे साहब के आदर्शों को अपनाने की जरूरत: डॉ. वीरेंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** स्थानीय एस. एन. सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद में शनिवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री स्वर्गीय सत्येंद्र नारायण सिन्हा की 108वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार रजक ने की। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर स्थित सत्येंद्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। इसके उपरांत कॉलेज सभागार में आयोजित संगोष्ठी में शिक्षकों, छात्रों एवं आमंत्रित अतिथियों ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरीय नेता डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सत्येंद्र नारायण सिन्हा ने न केवल बिहार की राजनीति को नई दिशा दी, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने मगध विश्वविद्यालय का नाम सत्येंद्र नारायण सिन्हा के नाम पर रखने की मांग भी इस अवसर पर दोहराई। प्राचार्य डॉ. रजक ने कहा कि छोटे साहब के नाम से लोकप्रिय रहे सत्येंद्र बाबू बिहार के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत थे। उनके जैसे आदर्श नेताओं की आज के समय में अधिक आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं वित्त नियंत्रक प्रो. (डॉ.) सुबोध कुमार झा ने किया। इस अवसर पर प्रो. अख्तर रोमानी, डॉ. नंदेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो. ओम प्रकाश वर्मा, डॉ. बबलू कुमार, डॉ. शशिधर गुप्ता, डॉ. कविंद्र भगत, डॉ. नेहा कुमारी, डॉ. शोभा रानी, मो. अनवर हुसैन, राजीव नयन, शशि भूषण कुमार, प्रो. देवब्रत, डॉ. सियाशरण, प्रो. कुमकुम कुमारी, संजय कुमार, नीलम कुमारी, रंजन कुमार, अंकिता, सुरजीत कुमार, आयुष कुमार और मनीष कुमार सहित अनेक शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# रफीगंज-गोह पथ पर दो बाइक की टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-गोह मुख्य पथ पर स्थित मखदुमपुर पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान गया जिले के आती थाना क्षेत्र के कैथी सदापुर गांव निवासी रामानंद शर्मा के 22 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को तुरंत रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर संतोष कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल सुजीत कुमार ने बताया कि वह अपने गांव से रफीगंज बाजार करने आ रहे थे। इसी दौरान मखदुमपुर पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक ने सीधी टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। डॉक्टर के अनुसार घायल युवक को सिर एवं हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# बाइक चोरी, प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा सं।** रफीगंज थाना क्षेत्र के करजारा गांव में एक बाइक चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में पीड़ित सुरेंद्र यादव ने अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाने में दिए गए आवेदन में सुरेंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार तड़के करीब 3 बजे जब वे उठे तो देखा कि घर के बरामदे में खड़ी मोटरसाइकिल गायब है। चोरी हुई बाइक हीरो स्प्लेंडर प्लस जो उनके पुत्र रोहित राज के नाम से पंजीकृत है। रोहित वर्तमान में भारतीय सेना में सेवारत हैं और लद्दाख में पदस्थापित हैं।

# 22 दिन से लापता है शिक्षक का बेटा, परिजनों की टूटी उम्मीदें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के एस जलजा मार्केट मोहल्ला निवासी शिक्षक धर्मवीर कुमार का 18 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार पटेल पिछले 22 दिनों से लापता है। 21 जून को बिना कुछ बताए घर से निकला रौशन अब तक वापस नहीं लौटा, जिससे पूरे परिवार में गहरी चिंता और शोक का माहौल है। रौशन की दादी सरिता देवी की आंखें अपने पोते की राह देखते-देखते पथरा चुकी हैं। वे बताती हैं कि रौशन मोबाइल ठीक करवाने की जिद कर रहा था, लेकिन उसके पिता ने कुछ दिनों का धैर्य रखने को कहा था। इसके बाद रौशन अचानक घर से निकल गया और अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने हसपुरा थाना में युवक की गुमशुदगी को लेकर लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है।

# हसपुरा में दिव्यांगों को निःशुल्क बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के बुनियाद केंद्र परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत कुल 16 पात्र दिव्यांगों को आधुनिक ट्राइसाइकिल प्रदान की गई।

कार्यक्रम में बुनियाद केंद्र के कैशियर एस. कुमार, श्रवण विशेषज्ञ यशवंत कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट मोहम्मद इमरान अहमद, गार्डन पहाड़ी के पवन कुमार, सवेरा दिव्यांग फाउंडेशन के प्रखंड अध्यक्ष सागर कुमार, मनोज कुमार, रामराज चौधरी और मुकेश कुमार की उपस्थिति रही। सम्बंधित पदाधिकारियों ने बताया कि बैटरी चालित ट्राइसाइकिल दिव्यांगजनों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी पहल है और यह उनके जीवन में सुविधा और गति ला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से समाज के अंतिम पंक्ति के दिव्यांग लाभान्वित हो रहे हैं। बताया गया कि ट्राइसाइकिल प्राप्त करने के लिए पहले समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। पात्रता की जांच एवं स्वीकृति के बाद लाभुकों को ट्राइसाइकिल प्रदान की जाती है।

# मछली बाजार में चोरी और मारपीट की घटना, दुकानदार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के मछली बाजार स्थित तीन दुकानों में चोरी और मारपीट की घटना सामने आई है। शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकानों से मोटर पंप और नकद 1200 रुपये की चोरी कर ली। इस संबंध में दुकानदार विनोद महतो ने हसपुरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि चोरों ने सतेन्द्र साव और मंटू राम की दुकानों से मोटर पंप चुरा लिया, जबकि विनोद महतो की दुकान से नकद राशि गायब कर दी गई। पीड़ित विनोद महतो ने थाना प्रभारी दिनेश कुमार को आवेदन देकर चोरी और मारपीट की पूरी घटना की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 12-07-2025 21:45 Page 1



# एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

## प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में खलबली

## हवाई अड्डे के चप्पे-चप्पे की ली गयी तलाशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी में एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन समेत पूरे परिसर को उड़ाने की बात कही गई, जिससे देर रात प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में अफरातफरी मच गई।

एयरपोर्ट डायरेक्टर को शुक्रवार रात करीब 9:50 बजे एक मेल प्राप्त हुआ, जिसमें धमकी दी गई थी। जैसे ही यह सूचना एयरपोर्ट प्रशासन को मिली, बम स्क्वायड और सुरक्षा बलों को तुरंत अलर्ट किया गया, और हवाई अड्डे के चप्पे-चप्पे की गहन तलाशी ली गई।

एयरपोर्ट प्रशासन ने तुरंत स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बम धमकी मूल्यांकन समिति की बैठक शुक्रवार रात 10:05 बजे बुलाई। यह बैठक पटना एयरपोर्ट के प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। लगभग एक घंटे की समीक्षा के बाद रात 11 बजे समिति ने इस धमकी को 'गैर-विशिष्ट' करार दिया, लेकिन सभी हितधारकों को सतर्क रहने और आवश्यक सुरक्षा उपायों को सख्ती से अपनाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से हवाई अड्डा थाने में इस संबंध में केस दर्ज कराया गया है। इसके बाद पटना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल की मदद ली जा रही है, ताकि मेल भेजने वाले की पहचान की जा सके।

गौरतलब है कि इससे पहले 30 जून को भी पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, हालांकि उस वक्त भी सुरक्षा जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई थी।

एक बार फिर इस तरह की धमकी ने एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## युवक की निर्मम हत्या

**खगड़िया।** बेलदौर थाना क्षेत्र के कुर्बन पंचायत स्थित महद्दीपुर बासा निवासी सुधीर सिंह के इकलौते पुत्र 21 वर्षीय राजू कुमार की हत्या अपराधियों ने गोली मारकर कर दी। मृतक राजू कुमार डीजे और टेंट का काम करता था। वह एक शादी समारोह में टेंट के काम से ही कुर्बन गांव गया था। शुक्रवार की देर रात्रि राजू कुमार घर लौट रहा था। इस दौरान महद्दीपुर वासा के वीरेंद्र सिंह के आम बगीचे में अपराधियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। राजू कुमार को मुंह में एक गोली मारी गई है।

शनिवार की सुबह जब लोग बगीचा पहुंचे, तो युवक के नंग-धड़ंग शव को देखकर अचंभित रह गए। जंगल की आग की तरह यह बात फैल गई। इसकी सूचना मृतक के स्वजनों और बेलदौर पुलिस को दी गई। सूचना पर बेलदौर थानाध्यक्ष परशुराम सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आरंभिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम में सदर अस्पताल खगड़िया भेजा गया। एफएसएल टीम को सूचना दी गई। सूचना पर खगड़िया से पहुंची एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य एकत्रित किए।

# होमगार्ड बहाली प्रक्रिया में घूसखोरी का फूटा भंडा



## रिश्वत के पैसे के साथ दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** होमगार्ड भर्ती की पुलिस लाइन में चल रही प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों से अवैध उगाही किए जाने का मामला उजागर हुआ है। पुलिस की छापेमारी में दो पुलिस कर्मियों को घुस में लिए गए पैसों के साथ गिरफ्तार किया गया है जिनमे एक पीटीसी भी शामिल हैं। गिरफ्तार दोनों से पूछताछ कर पुलिस अन्य की संलिप्तता की जांच में लगी है।

गिरफ्तारी की पुष्टि करते पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि होमगार्ड भर्ती में वैसे लोगों को फिट घोषित करने का खेल चल रहा था जिन्हें मेडिकल जांच में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। ऐसे छात्रों से प्रति छात्र 10 हजार रुपये लेकर उन्हें फिट दिखाया जा रहा था। पत चला कि इस तरह के करीब 50 उम्मीदवार हैं जिन्हें अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उन्हें फिट दिखाने के लिए पैसों की मांग की गई थी। उनमें कुछ ने पैसे दे भी दिए थे।

इसकी जानकारी मिलते ही देर रात सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी के दौरान एक पीटीसी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों की तलाशी में छात्रों से लिये गए करीब 3.5 लाख रुपये भी बरामद किए गए हैं।

इस मामले में दोनों से पुलिस की फिलहाल पूछताछ चल रही है और उनसे यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि अवैध उगाही के इस गंदे खेल में और किन किन लोगों की संलिप्तता है। संलिप्तता उजागर होने के बाद अन्य को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## विद्यालयों में विभाग ने उपलब्ध कराया टैब

**अरवल।** विभिन्न सरकारी विद्यालयों में शिक्षा विभाग के द्वारा टैब उपलब्ध कराया गया है। अब टैब पर ही शिक्षकों के साथ छात्रों की उपस्थिति दर्ज होगी। प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शबाना हारून के द्वारा शनिवार की विद्यालय प्रधानों को टैब उपलब्ध कराया गया।

उन्होंने बताया कि सभी विद्यालय प्रधान को टैब संचालन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके पश्चात विद्यालय में दो बार छात्रों की उपस्थित टैब से दर्ज की जाएगी।

एक बार चेतना सत्र के पश्चात एवं दूसरी बार मध्याह्न भोजन के उपरांत छात्रों की उपस्थित टैब से बनाई जाएगी। आगमन के समय शिक्षक भी टैब से ही अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। विद्यालयों में टैब उपलब्ध कराने की तैयारी शिक्षा विभाग के द्वारा काफी दिनों से चल रही थी। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में छात्रों की उपस्थित के फजीवाड़े पर अंकुश लगाना, छात्रों की उपस्थिति शतप्रतिशत दर्ज करना, समय से चेतना सत्र, कक्षा संचालन एवं मध्याह्न भोजन योजना का संचालन सुनिश्चित करना है।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** नगर निगम की टीम ने शनिवार को नगर के मोहर्रम चौक से समाहरणालय चौक होते हुए स्टेशन चौक तक सड़क किनारे और नाला से अतिक्रमण हटाया गया। निगम के कर्मचारियों ने जेसीबी से सड़क व नाले को अतिक्रमित कर बनाए गए करीब पांच दर्जन दुकानें, झोपड़ी, पान की गुमटी, ठेला, दुकानों के शेड आदि को हटा दिया। कई दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी।

इस दौरान निगम के कर्मियों ने सड़क पर फैलाए गए दुकानदारों के सामान को भी जब्त कर लिया। पांच हजार रुपये जुमार्ना की वसूल की गई है। पूर्व निर्धारित योजना के तहत शनिवार की सुबह बड़े संख्या में पुलिस जवान और नगर निगम के पदाधिकारी और कर्मी मोहर्रम चौक पहुंचे और यहां से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई।जेसीबी से सड़क किनारे रखे गए सामान को हटाया जाने लगा। कार्रवाई होते देख कई लोगों ने खुद से अतिक्रमण हटा लिया। जबकि दुकानदार सड़क पर फैले समान समेटने लगे। अतिक्रमण हटाने के दौरान वहां लोगों की भीड़ लग गई।

निगम के कर्मियों ने सड़क व नाला को अतिक्रमण कर निकाले गए दुकानों के शेड आदि को तोड़ना शुरू कर दिया। नगर निगम के कर्मचारियों ने न्यायालय गेट के सामने सड़क की जमीन पर फैला कर बेचे जा रहे गद्दा, कुर्सी, टेबल, कंबल आदि सामग्रियों को जब्त कर लिया। आधा ट्रेलर बालू भी जब्त किया गया है।

अतिक्रमण हटाने के दौरान दो टेलर सामग्री जब्त की गई है। कर्मचारियों ने बताया कि नगर के विभिन्न इलाकों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। बता दें कि विगत गुरुवार को आलोक भारती चौक से स्टेडियम, शीतला माई स्थान, रमना गेट व सत्यनारायण पेट्रोल पंप से सोवाबाबू चौक तक गरीब 150 अतिक्रमण पर कार्रवाई हुई थी। सड़क की जमीन व नाले से अतिक्रमण हटाया गया था।

# सड़क के रास्ते पटना पहुंची मेट्रो की रैक

## जल्द होगी तकनीकी जांच और ट्रायल रन की प्रक्रिया शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना में मेट्रो का इंतजार करने वाले लोगों के लिए काम की खबर है। 35 दिन बाद पटना में मेट्रो ट्रेन दौड़ने लगेगी। इसके लिए गुजरात से रेल के रैक पहुंच गए हैं। अब जल्द ही पटना मेट्रो की टीम तकनीकी जांच और ट्रायल रन की प्रक्रिया शुरू करने वाली है। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह विशेष ट्रेलर पर कुछ रैक देखे गए थे।

जांच में पता चला कि यह मेट्रो रेल का रैक हैं। इसे गुजरात के सावली स्थित एल्सटॉम कंपनी की फैक्ट्री से सड़क मार्ग के जरिए पटना लाया गया है। फिलहाल इसे बाइपास के पास डिपो पर रखा गया है।

दरअसल, पटना मेट्रो के रैक निर्माण का टेंडर एल्सटॉम कंपनी को मिला है। कंपनी ने रैक को पटना भेज दिया है। यह रैक पहले कॉरिडर में लगाया जाएगा। बताया जा रहा है कि पटना मेट्रो में दो कॉरिडोर हैं।

पहला पटना जंक्शन से बस टर्मिनल तक और दूसरा दानापुर से मीठापुर तक। 2027 तक पहले कॉरिडोर को पूरी तरह शुरू करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि 15 अगस्त से मलाही पकड़ी से आइएसबीटी तक पहले चरण में मेट्रो को दौड़ाने की कोशिश चल रही है। बिहार सरकार के अधिकारियों की निगरानी में पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन साथ में मिलकर प्रोजेक्ट को पूरा करने में युद्धस्तर पर लगे हैं। ताकि इस विकास की बात एनडीए सरकार चुनाव में कर सकते।

## प्रेमी के साथ ससुराल पहुंची प्रेमिका

**भागलपुर।** मधुसुदनपुर इलाके के मनियारपुर गांव में शनिवार को प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ ससुराल पहुंची था। प्रेमी जिस महिला को उसके ससुराल छोड़ने आया था वह तीन बच्चों की मां थी।

जैसे वह प्रेमी और अपने तीन बच्चों के साथ ससुराल पहुंची वहां हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। ससुराल वालों की माने तो महिला अपने पति बेजुबान होने के कारण आए दिन प्रताड़ित करती है और कभी दिल्ली तो कभी चेन्नई भाग जाती है।

महिला का प्रेमी चेन्नई में ही काम करता था। ससुर ने बताया कि उनके बेटे की शादी 13 साल पहले हुई थी। उनका बेटा बोल नहीं पाता है। इसलिए उसकी बहु आए दिन प्रेमी के साथ भाग जाती है।

कुछ दिन रहने के बाद अपने मर्जी से ससुराल आती जाती है। जब माहौल लड़के के घर के पास बिगड़ा तो मौके पर कई ग्रामीण जुटने लगे। मुंगेर निवासी प्रेमी राजू को सभी पिटाई करने के लिए उतारू हो गए।

तभी किसी ने मौके पर 112 डायल नंबर पुलिस को मामले की सूचना दे दी। फौरन पुलिस टीम पहुंची और माहौल को शांत कराकर सभी को मधुसुदनपुर थाने ले आई।

# थानेदार हत्याकांड के आरोपित को गोलियों से भूना

## संपत्ति विवाद की लोगों में चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र में शनिवार को सनसनीखेज वारदात में थानेदार हत्याकांड के एक आरोपी रवि कुमार की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। रवि की हत्या उस समय की गई जब वह थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार से लौटकर अपने घर जा रहा था। हमलावरों ने घात लगाकर ताबड़तोड़ पांच गोलियां चलाईं, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान नगरनौसा थाना क्षेत्र के बडीहा गांव निवासी अशोक यादव के 32 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, रवि शनिवार को किसी जमीनी विवाद के मामले में नगरनौसा थाने में लगने वाले जनता दरबार में शामिल होने गया था। दरबार समाप्त होने के बाद वह घर लौट रहा था, तभी दुधैला गांव के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया।

बदमाशों ने रवि पर बिना कोई मौका दिए ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोलियां दोनों पैरों, सीने और गले के पास लगीं, जिससे रवि की मौके पर ही मौत हो गई। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दो हमलावरों को पकड़ लिया, जिन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के पीछे पारिवारिक संपत्ति विवाद की बात सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस ने इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है और स्थिति को नियंत्रित रखने की कोशिश की जा रही है। हिलसा डीएसपी वन सुमित कुमार खुद मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, और पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# मॉडल अस्पताल की कुव्यवस्था पर भड़के लोग

## निबंधन काउंटर पर काटा बवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** शहर के माडल अस्पताल में बिजली गुल होने के बाद अफरा-तफरी मच गई। दोपहर करीब साढे 12बजे बिजली कटी, जो करीब आधे घंटे तक बहाल नहीं हो सकी। इस दौरान अस्पताल में निबंधन सेवा ठप हो गई, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली कटने के बाद न तो जेनरेटर चालू हुआ और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। इससे नाराज मरीजों ने निबंधन काउंटर पर जमकर हंगामा किया।

कई मरीज बिना निबंधन और इलाज के वापस लौट गए। वहीं, कुछ मरीजों ने दूसरी पाली यानी चार बजे तक बैठकर इंतजार किया। मुशहरी से इलाज कराने पहुंचे राजेश राय ने नाराजगी जताते हुए कहा, यह केवल नाम का माडल अस्पताल रह गया है। मरीजों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है।उधर, बिजली कटने के कारण उमस से परेशान अस्पताल कर्मी भी कमरे में ताला लगाकर बाहर निकल गए। जब बिजली आई तब जाकर वे लौटे।

बिजली और निबंधन सेवा ठप रहने से करीब 100 मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ा। लोगों में अस्पताल प्रबंधन को लेकर नाराजगी देखी गई। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया कि जेनरेटर संचालन की जिम्मेदारी आउटसोर्सिंग एजेंसी को दी गई है। संबंधित एजेंसी से जानकारी मांगा गया है। उन्होंने बताया कि तकनीकी खामी के कारण थोड़ी देर परेशानी हुई, लेकिन बिजली नियमित होने से स्थिति सामान्य हो गई। साथ ही कहा कि अब से वे खुद निगरानी करेंगे ताकि ऐसी परेशानी दोबारा न हो।

इधर दूसरी ओर सड़क दुर्घटना में घायल दरियापुर कफेन निवासी अयोधी महतो को बेहतर इलाज की तलाश में उसके स्वजन सदर अस्पताल से लेकर एसकेएमसीएच तक दौड़ते रहे, लेकिन कहीं भी समुचित इलाज नहीं मिला। अंततः स्वजन उसे ई-रिक्शा से वापस घर ले गए।

पीड़ित के बेटे चंदन महतो ने नाराजगी जताते हुए कहा, सर, हर जगह पैसा देना पड़ रहा है। सरकारी अस्पतालों में अगर पैरवी न हो, तो गरीब की कोई सुनवाई नहीं होती। दरियापुर कफेन में एक वृद्ध पेंशन फार्म जमा करने सड़क पार कर रहे थे, तभी एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में अयोधी महतो का पैर टूट गया और हड्डी बाहर आ गई। सिर पर भी चोट लगी। करीब 3 बजकर 16 मिनट पर घायल को ई-रिक्शा से स्वजन सदर अस्पताल लाए।

इमरजेंसी वार्ड में उन्हें भर्ती किया गया, जहां पारा मेडिकल स्टाफ ने करीब 45 मिनट तक प्राथमिक इलाज किया। इसके बाद मरीज को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। चंदन का आरोप है कि अस्पताल में आर्थोपेडिक और सर्जन रहने के बावजूद, बिना डाक्टर की देखरेख के ही पारा मेडिकल स्टाफ ने पट्टी बांधी और मरीज को रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से उसे माडल अस्पताल होते हुए एसकेएमसीएच भेजा गया

## गोली मारकर महिला की हत्या

**बिहारशरीफ।** जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत डोईया गांव में शनिवार को एक महिला की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान 60 वर्षीय सुशीला देवी के रूप में हुई है, जो पटना पीएमसीएच में जीएनएम (स्टाफ नर्स) के पद पर कार्यरत थीं। घटना के समय सुशीला देवी खेत से लौट रही थीं, तभी पीछे से घात लगाए बदमाशों ने सिर में गोली मार दी। गोली लगने के बाद वह सड़क किनारे गिर पड़ीं। उनका पुत्र सोनू कुमार जब सड़क की ओर से लौट रहा था, तो उसने अपनी मां को घायल अवस्था में देखा। आनन-फानन में उन्हें बिहार शरीफ के मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया।

## बाइक सवार पर नीलगाय ने लगायी छलांग, युवक की मौत

**सीवान।** जिले के नौतन थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 38 वर्षीय युवक की जान चली गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब अंगोता पांडे टोला निवासी धीरन कुमार राम अपने ससुराल जा रहे थे और रास्ते में अचानक एक नीलगाय उनकी बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद अस्पताल ले जाते हुए उनकी मौत हो गई। इस घटना ने न सिर्फ एक परिवार को बेसहारा कर दिया, बल्कि क्षेत्र में वन्यजीवों की अनियंत्रित मौजूदगी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, हादसा नौतन थाना क्षेत्र के बांका मोड़ और मठिया मोड़ के बीच हुआ। धीरन कुमार राम अपनी बाइक से ससुराल की ओर जा रहे थे, तभी अचानक एक नीलगाय ने सड़क पार करते हुए उनकी बाइक पर छलांग लगा दी। धक्का इतना जबरदस्त था कि वे बाइक से उछलकर दूर जा गिरे और उनके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोग तुरंत धीरन को उठाकर सीवान सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गयी।

# गोप परिवार के 10 घरों पर कई प्रतिबंध लगाने वाले पर उपायुक्त ने कसा शिकंजा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में पहली बार असंवैधानिक कार्यों के आरोप लगने के बाद एक ग्रामीण मुंडा को उसके पद से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया है। यह दंडात्मक कार्रवाई उपायुक्त चंदन कुमार ने चिरुबेड़ा मौजा के ग्रामीण मुंडा बागुन जामुदा के विरुद्ध की है।

उपायुक्त कार्यालय परिसर में संचालित न्यायिक कार्य दिवस के दौरान चक्रधरपुर के गुलकेड़ा पंचायत अंतर्गत चिरूबेड़ा गांव के लुपुंगबेड़ा टोला के रवि गोप, मिथुन गोप, गंगाराम गोप, जितेन गोप, शुरू गोप, सरिता गोप, चंपा गोप आदि सहित तकरीबन 40 व्यक्तियों के द्वारा स्थानीय मुंडा के द्वारा असंवैधानिक कार्यशैली के संदर्भ में विभिन्न बिंदुओं पर शिकायत की।

बताया कि चिरुबेड़ा के गोप (ग्वाला) परिवार सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहे हैं। मुंडा बागुन जामुदा ने डाकुवा के माध्यम से गोप परिवार के 10 घरों पर कई प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। इन प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वाले तीन लोगों पर 5 से 10 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया गया है।

गोप परिवारों का आरोप है कि ग्रामीण मुंडा के फैसले से उन्हें शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। उन्हें आवश्यक सामग्री जैसे दाल, चावल और शौच के लिए दूसरे गांव जाना पड़ रहा है। गांव के लोग उन्हें धमकी दे रहे हैं और उन्हें गलत दृष्टि से देख रहे हैं।

गोप परिवार की मांग है कि इन प्रतिबंधों को हटाया जाए और उन्हें समान अधिकार दिए जाएं। इस मामले में प्रशासन को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है, ताकि गोप परिवार को न्याय मिल सके। गोप परिवार के 10 घरों के छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों ने चाईबासा में डीसी आफिस पहुंचकर लिखित शिकायत की।

उपायुक्त चंदन कुमार से ग्रामीणों ने कहा है कि हमारे 10 घरों के गरीब परिवारों को मौलिक अधिकार दिया जाए, ताकि हम लोग गांव में रह सकें। उपरोक्त मामले को दृष्टिगत रखते हुए उपायुक्त के द्वारा हुकूकनामा शर्त 22 से 29 में वर्णित शर्तों का उल्लंघन करने पर चिरुबेड़ा मौजा के ग्रामीण मुंडा बागुन जामुदा को बर्खास्त करने से संबंधित तत्काल न्यायिक कार्यवाही प्रारंभ करने का आदेश दिया गया है।

# अंतर हाउस कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर में शनिवार को अंतर-हाउस कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। टूर्नामेंट में बालक एवं बालिका वर्ग की चार-चार हाउस टीमों में नालंदा, विक्रमशिला, तक्षशिला और साकेत ने भाग लिया। सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। बालक वर्ग में विक्रमशिला विजेता रही, जबकि साकेत उपविजेता रही। बालिका वर्ग में तक्षशिला/विक्रमशिला ने संयुक्त रूप से विजेता का खिताब प्राप्त किया और साकेत उपविजेता रही।

टूर्नामेंट का उद्घाटन नूर उल हक, कोषागार पदाधिकारी ने किया। उन्होंने छात्रों को इस प्रकार की सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह टूर्नामेंट प्राचार्य दबीर आलम, समन्वयक कुमार आर्यन, स्कूल के खेल प्रभारी, एवं सभी शिक्षकों के सहयोग से शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

टूर्नामेंट में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में खुशी साह, खुशी परवीन, स्नेह कुमारी, अदिति, सोनम, स्वर्णा,अंशा, सानवी, आयुर्शी, दीपश्री, सना परवीन, अनन्या गुप्ता, कसफ, सोनी परवीन, फरहीन परवेज, परिधि राज, अनुष्का कुमारी,मीठी कुमारी, आयेशा गुप्ता, सुषमा साह, करिश्मा, पिहू, परी,अनाबिया, अंश राज, हर्षित अनानोल, रिषभ राज, साहेब,अनुभव राज, आदित्य कुमार, फव्वाद आलम, सुजीत, सौरभ, आदित्य, आयुष, शारीफ, अनुज कुमार, अदनान सामी, मीर उमर, फवाद,पुष्पम, नादिर, दीपांशु, नितीश,आर्यन,शिवम,ओम प्रकाश, उमर, अंशु कुमार राज,पुष्पम सिंह, सत्यम, शांतनु, जर्ताब, प्रिंस, अमीर, सतीश कुमार,जैद, दिव्या आलोक, साजन, इशांत. नवाजिश, नवाजिश नूर, दानिश रजा, दानिश, रोहन, शुभम, शर्जील, अमन, दीपित, शम्स कुमार, अबुलेश, अल्तमश आदि शामिल हैं।

# मतांतरण कराने वाले का हुआ भंडाफोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बायसी थाना के माला हरिणकोल गांव में सक्रिय मतांतरण कराने वाले बड़े रैकेट का पदार्फाश शनिवार को हुआ है। ग्रामीणों के विरोध व विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सक्रियता से इस रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है।

इस सिलसिले में पुलिस ने गांव के ही अनिल राय उर्फ अनिल दादा को गिरफ्तार किया है। लोगों के बीच कथित बाबा की छवि बनाने वाले अनिल राय व चंद अन्य परिवार द्वारा लगातार इसाई मिशनरीज के प्रभाव में कार्य किया जाता था।

साथ ही आसपास के हिंदू परिवार को आर्थिक प्रलोभन देकर उनका मतांतरण कराया जा रहा था। गांव के लोगों के विरोध पर भी इस पर अंकुश नहीं लगने पर उन लोगों ने इसकी सूचना विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल को दी और फिर पूरे मामले का फंडाफोड़ हुआ।

अमौर प्रखंड के विहिप अध्यक्ष अरुण शर्मा की सूचना पर जिला मंत्री राणा गौतम सिंह के साथ विहिप बजरंग दल की टीम उक्त गांव पहुंची, जहां शनिवार को भी मतातंरण कराने की तैयारी चल रही थी।

विहिप टीम एंव ग्रामीणों की मदद से मतातंरण करा रहे अनिल दादा उर्फ अनिल राय को पकड़कर स्थानीय बायसी थाना को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंच उसे अपने कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि गत वर्ष भी आरोपित द्वारा इस तरह का आयोजन किया गया था। उन लोगों ने उस समय पुलिस को सूचना भी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

मतांतरण के इस खेल के एक और मास्टरमाइंड उमेश राम गांव से भागने में सफल रहा। पुलिस ने मौके से एक बाइबिल, मतांतरण से संबंधित एक डायरी एवं कई अन्य दस्तावेज भी पुलिस ने बरामद किया है। इस संबंध में गांव की मीना देवी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

## डीएम ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण का अवलोकन

**अररिया।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, अनिल कुमार द्वारा जिले के कुर्साकांटा प्रखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के कार्यों का अवलोकन किया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने अपने समक्ष कुछ निर्वाचकों के भरे हुए गणना प्रपत्र प्रारूप एवं संलग्न दस्तावेजों को बीएलओ ऐप पर अपलोड कराया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ पर्यवेक्षक, बीएलओ एवं अन्य सभी संलग्न पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कई जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये।

जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड में विशेष गहन पुनिरीक्षण कार्य को लेकर बनाये गये कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने गणना प्रपत्रों के अपलोडिंग की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी लंबित/प्राप्त प्रपत्रों को पोर्टल पर अपलोड किया जाये।

# विशेष अभियान के तहत 148 कुर्की वारंटों का हुआ निष्पादन

## 190 लीटर देसी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** एसपी राज के निर्देश पर पूरे जिले में गिरफ्तारी एवं कुर्की-जब्ती व वारंटों के निष्पादन को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिले के सभी थाना अंतर्गत हत्या,डकैती, रंगदारी, अपहरण,आर्म्स एक्ट,शराब माफिया, भू-माफिया एवं कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

ऐसे सभी वांछित, जिन्होंने अभी तक न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं किया है, उनके ठिकानों पर कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया की गई। इसकी पुलिस अधीक्षक राज ने दी ।उन्होंने ने बताया कि इस अभियान के दौरान पूरे जिले में 60 जमानतीय, 115 अजमानतीय वारंटों एवं 148 कुर्की-जब्ती वारंटों को निष्पादित किया गया।यह अभियान अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने के दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह का अभियान लगातार संपूर्ण जिले में चलाया जाएगा। पुलिस की इस सख्ती से पूरे दिन हड़कंप मचा रहा। तीन दर्जन से अधिक वांछितों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इधर, एसपी के आदेश पर चलाए गए छापेमारी के दौरान 58 वांछित आरोपित व वारंटी पुलिस के हत्थे चढ़े। अभियान के दौरान आर्म्स एक्ट में तीन, हत्या के प्रयास में एक, वारंट में 34 पुलिस के हत्थे चढ़े ।इस दौरान करीब 17 अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 190 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। करीब 1700 लीटर पास विनष्ट किया गया। इस दौरान शराब पीने में 15 एवं बिक्री करने में एक को पकड़ा गया। करीब 291 वाहनों की जांच कर एक लाख 38 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया।

CMYK

# एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा चुनाव : राजीव प्रताप रूडी

## गठबंधन को बहुमत मिलने पर नीतीश कुमार ही बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में एनडीए के मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर जारी अटकलों के बीच भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में एनडीए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगा और अगर गठबंधन को बहुमत मिलता है तो वही बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे। रूडी ने शनिवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि एनडीए एकजुट है और नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनावी मैदान में उतरेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का प्रशासनिक अनुभव और सुशासन की छवि बिहार के लिए बेहद जरूरी है। उल्लेखनीय है कि रूडी का यह बयान ऐसे समय आया है जब सियासत में एनडीए के भीतर मुख्यमंत्री पद को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही थीं। भाजपा के अंदर भी कई नेताओं की बयानबाजी से यह कयास लगाए जा रहे थे कि क्या पार्टी नीतीश कुमार के फिर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाएगी या किसी नए चेहरे को सामने लाएगी। रूडी के इस बयान के बाद बिहार की सियासी सरगर्मी एक बार फिर तेज हो गई है। इस बयान को नीतीश कुमार को एनडीए के भीतर पूर्ण समर्थन देने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि बीते दिनों चिराग पासवान के चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद भी सियासत में खलबली मच गई थी कि क्या वे नीतीश कुमार की जगह लेने वाले हैं। हालांकि उन्होंने भी अपने बयान में स्पष्ट कहा था कि नीतीश कुमार ही एनडीए का सीएम फेस होंगे।

# कांग्रेस ने मनाई सत्येंद्र बाबू की 109 वीं जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की 109 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार को विकास के राह पर अग्रसर करने के लिए सत्येंद्र बाबू ने असीमित प्रयास किये। उनके द्वारा बिहार में उद्योग कारखानों के स्थापना को लेकर दूरदर्शी सोच थी जिसे उन्होंने मूर्त रूप दिया। बिहार के राजनैतिक इतिहास के नायक के रूप में उन्हें आज भी याद किया जाता है।

# पूर्व मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती पर शनिवार को आयोजित राजकीय समारोह में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सत्येन्द्र नारायण सिन्हा पार्क, श्रीकृष्णापुरी में आयोजित समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। समारोह में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा हुई और उनके योगदान को याद किया गया। उन्होंने बिहार की राजनीति में एक स्वच्छ, सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व की भूमिका निभाई थी। उनके विचार आज भी राजनीतिक और सामाजिक संदर्भों में प्रासंगिक माने जाते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सत्येंद्र बाबू का जीवन हमें जनता की सेवा और सिद्धांतों पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं और नेताओं ने उनके योगदान पर लिखी पुस्तकों और दस्तावेजों का अवलोकन किया। जयंती के उपलक्ष्य में राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सत्येन्द्र बाबू, जिन्हें स्नेह से 'छोटे साहब' कहा जाता था, बिहार और देश की राजनीति में एक ऊंचा स्थान रखते थे। एक ऐसे जननेता जिनका जीवन सेवा, संघर्ष और सिद्धांतों का प्रतीक था। उनका नेतृत्व, आदर्श और दूरदृष्टि आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक पटना, जितेन्द्र राणा, जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व. सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

# बिहारी अब और कितनी हत्याओं की भेंट चढ़ेंगे : चिराग पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर विपक्ष के साथ-साथ अब सरकार में शामिल दल भी अपनी ही सरकार पर सवाल उठाने लगे हैं। इसी कड़ी में केन्द्रीय मंत्री एवं लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान ने नीतीश सरकार से पूछा है कि बिहारी अब और कितनी हत्याओं की भेंट चढ़ेंगे। बिहार में हो रही हत्याओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि समझ से परे है कि बिहार पुलिस की जिम्मेदारी क्या है? जिस तरह से चिराग ने बिहार पुलिस की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए हैं, उसके बाद नीतीश सरकार को अब जवाब देना मुश्किल हो गया है। चिराग से इस पोस्ट के बाद सियासी गलियारे में सवाल उठने लगे हैं कि आखिर चिराग पासवान क्या करने वाले हैं और क्या एनडीए में सब कुछ ठीक नहीं है? चिराग पासवान से पहले उनकी पार्टी के खगड़िया से सांसद राजेश वर्मा ने बिहार में लगातार कारोबारियों की हो रही हत्या पर सवाल उठाए थे। राजेश वर्मा ने नीतीश सरकार की कानून व्यवस्था को ध्वस्त बताया था जिसके बाद जदयू के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा था कि चिराग पासवान को गठबंधन में साथ रहना है या नहीं वह खुलकर बताएं। इससे पहले चिराग पासवान के बहनोई अरूण भारती ने भी बिहार में आपराधिक घटनाओं की गिनती गिनाई थी और कहा था कि राष्ट्र के लिए आप धृतराष्ट्र नहीं बन सकते हैं।

# मंगलमूर्ति द्वारा लिखित राजेंद्र बाबू की जीवनी द हाउस ऑफ ट्रूथ का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय स्वाधीनता संग्राम में डा. राजेंद्र प्रसाद की भूमिका एक सदाकत के संत की रही जिसने महात्मा गांधी की राष्ट्र-भक्ति, देश-सेवा और ग्रामोत्थान के आदर्शों को अपने जीवन में पूरी तरह चरितार्थ किया। 11 जुलाई 25 को राजभवन में आयोजित एक समारोह में राजेंद्र बाबू की अंग्रेजी में डा. मंगलमूर्ति लिखी जीवनी 'द हाउस ऑफ ट्रूथ' का लोकार्पण करते हुए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपने भाषण में अपने ये उद्‌गार व्यक्त किये। पुस्तक के शीर्षक का महत्व बताते हुए राज्यपाल ने राजेन्द्र बाबू के पटना के 'सदाकत आश्रम' से उनके लम्बे जुड़ाव की चर्चा की और कहा कि किताब का यह नाम राजेंद्र बाबू के व्यक्तित्व को पूरी तरह चित्रित और परिभाषित करता है। उनकी जीवनी का यह नाम 'द हॉउस ऑफ ट्रूथ' जो सदाकत आश्रम का अंग्रेजी तर्जुमा है - इससे अच्छा कोई दूसरा नाम हो भी नहीं सकता था। सदाकत और आश्रम ये दो शब्द अपने आप में उर्दू-हिंदी के भाईचारे को उजागर करते हैं और उसी का यह अंग्रेजी तर्जुमा है 'द हॉउस ऑफ ट्रूथ' जिससे अच्छा इस जीवनी का और कोई नाम नहीं हो सकता था। राजेंद्र बाबू की हिंदी वाली 'आत्मकथा' तो लोगों ने पढ़ी होगी, लेकिन उसकी कहानी 1946 में ही आकर खत्म हो गयी थी। इस जीवनी में आजादी के बाद की कहानी और उसमें राजेन्द्र बाबू की संविधान सभा के अध्यक्ष और लगातार 1950 से 1962 - बारह साल तक राष्ट्रपति पद पर रहने की कहानी - जो उनके निजी जीवन की कहानी है, पढ़ने को मिलती है। यह एक महत्वपूर्ण काम है जिसे डा. मंगलमूर्ति ने पूरा किया है जिसके लिए मैं उनको विशेष बधाई देता हूं। राजेंद्र बाबू सचमुच सच्चाई और सदाकत के जीते-जागते स्वरुप थे। उनकी सदाकत की इस तस्वीर को इस किताब में गहराई से उतारा गया है। स्वाधीनता संग्राम के दौरान और अपने राष्ट्रपति-काल में भी वे कहीं भी इस सदाकत से नहीं डिगे। समारोह के प्रारम्भ में राष्ट्रगीत और दीपोज्ज्वलन के बाद बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष और आ. शिवपूजन सहाय स्मारक न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष विजय प्रकाश ने राज्यपाल का स्वागत और अभिनन्दन किया तथा राजेंद्र बाबू की जीवनी के साथ ही न्यास की ओर से सहायजी की कुछ पुस्तकें भी भेंट कीं। समारोह के अंत में पद्‌मश्री बिमल कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। श्वेता सुमन ने मंच संचालन का कार्य किया।

# राकेश कुमार राष्ट्रीय व्यापार प्रकोष्ठ महामंत्री नियुक्त, सदस्यता अभियान को देंगे गति



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जक्कनपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा ने राष्ट्रीय व्यापार प्रकोष्ठ महामंत्री नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर की स्वीकृति के बाद यह नियुक्ति की गई। राकेश कुमार को संगठन के नियमों का पालन करते हुए सभी राज्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया है। राकेश कुमार की सामाजिक सेवा, समाज के प्रति समर्पण, विनम्रता और लगनशीलता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने निर्देश दिया है कि वे प्रदेश अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर सदस्यता अभियान को गति देंगे।

# हज से लौटे तीन अलीग के सम्मान में दुआईया महफिल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एएमयू ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, बिहार चैप्टर, पटना द्वारा शनिवार को पटना स्थित नये कार्यालय में एक दुआईया महफिल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हज से लौटे तीन प्रतिष्ठित अलीग, अलहाज एडवोकेट मोहम्मद नसरुल हुदा खान, अलहाज इंजीनियर जकी अहमद खान और अलहाज एडवोकेट अशहर मुस्तफा के सम्मान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 25 से अधिक अलीग्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संबोधन से हुआ और हज यात्रा पर आधारित विचारों से सभी भावविभोर हो उठे। जनाब कसीम रजा साहब (सेक्रेटरी, मुस्लिम हाई स्कूल) ने एएमयूओबीए के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और सर सैयद शिक्षा स्कूल खोलने की घोषणा की। उन्होंने ऑफिस रिनोवेशन फंड में सहयोग की अपील की। इंजीनियर कमर आलम साहब ने संस्था के वरिष्ठ अलीग्स के योगदान का उल्लेख किया और आगे की योजना साझा की। अध्यक्ष एडवोकेट नदीम सिराज साहब ने सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। प्रो. रिजवानुल हक, इरफान सफदरी, अशरफ, आजाद कमाल, डॉ. अरशद हक, डॉ. अमजद अली, अली इमाम, एडवोकेट अनवर हुसैन, एडवोकेट सफियान, एडवोकेट इकबाल, आसिफ नियाजी, इंजीनियर शौकत और सैयद काजमी सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। महासचिव मोशीर आलम ने कहा कि नया कार्यालय केवल एक भवन नहीं बल्कि हमारी एकता, सेवा और सर सैयद के मिशन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सभी अलीग भाइयों से इस मिशन से जुड़ने की अपील करते हैं।

# 'अगड़ा-पिछड़ा' की बहस ने बिहार को काफी नुकसान पहुंचाया : ऋतुराज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने इंडिया गठबंधन पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि 'अगड़ा-पिछड़ा' की बहस ने बिहार को काफी नुकसान पहुंचाया है और इससे समाज का कोई कल्याण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार की असली लड़ाई गरीबी, अविकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और पलायन की समस्या से है न कि जातिगत विभाजन से। ऋतुराज सिन्हा ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि राजद बार-बार उसी पुराने जख्म को कुरेद रहा है जो समाज के लिए एक अभिशाप बन चुका है। अगड़ा-पिछड़ा की राजनीति ने राज्य को सिर्फ पीछे धकेला है। अगर कोई असल मुद्दा है तो वो है पलायन को रोकने का, बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने का और गरीबी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का है। वहीं कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर किसी पार्टी या राजनीति का विषय नहीं है बल्कि यह समाज की बुनियादी जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर कानून-व्यवस्था विफल होती है तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की बनती है और इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# लालू यादव ने 'भूरा बाल साफ करो' नारा देकर समाज में विद्वेष फैलाया था : नित्यानंद राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने शनिवार को पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव के समय बिहार में सिर्फ हिंसा और सामाजिक उन्माद था। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने 'भूरा बाल साफ करो' जैसा नारा देकर समाज में विभाजन और विद्वेष फैलाया था। उन्होंने कहा कि आज बिहार में एनडीए सरकार के चलते सामाजिक सौहार्द बना हुआ है और सबका विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी बिहार आते हैं, नई योजनाएं और सौगातें लेकर आते हैं जिससे राज्य का निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम जल्द ही मोतिहारी आने वाले हैं जो बिहारवासियों के लिए एक खुशी की बात है। वहीं महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर जारी विवाद पर नित्यानंद राय ने कहा कि भारत एक बहुभाषी देश है और हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई भाषाओं में ज्ञान-विज्ञान और संस्कृति की बात की है और हिंदी को राजभाषा मानते हुए सभी भाषाओं को सम्मान और संरक्षण दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर जवाब देते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि चोरी उनके नियत में है, चोरी उन्हें ही मुबारक हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का केवल झूठ और भ्रम फैलाने का काम है। वहीं राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि कहीं भी अपराध हो, वह दुखद होता है, लेकिन आज की सरकार में अपराधियों पर कार्रवाई होती है। पहले लालू राज में उन्हें संरक्षण मिलता था। नित्यानंद राय ने दावा किया कि राजद की सरकार अपराधियों को बचाती थी जबकि एनडीए सरकार कानून के अनुसार सजा दिलवाती है। उन्होंने कहा कि बिहार में केवल एनडीए की सरकार ही विकास कर सकती है और आज हर वर्ग के लिए काम हो रहा है।

# चेन पुलिंग में 612 व महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 1176 पुरुष यात्री हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रुप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रुप से विलंब न हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत पिछले माह के 15 जून से 30जून 2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 612 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 327 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 136, सोनपुर मंडल में 64, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 40 तथा धनबाद मंडल में 45 लोगों को हिरासत में लिया गया।


# मुफ्त बिजली पर वित्त विभाग का खंडन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के वित्त विभाग ने इस खबर का खंडन किया है कि उसने 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने के उर्जा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। दरअसल एक अखबार ने यह खबर छापी थी कि राज्य सरकार लोगों को मुफ्त में 100 यूनिट बिजली देने जा रही है। उर्जा विभाग के इस प्रस्ताव को वित्त विभाग ने मंजूरी दे दी है, लेकिन शनिवार शाम बिहार सरकार के वित्त विभाग ने फ्री बिजली पर खंडन पत्र जारी किया है। वित्त विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि कतिपय संचार माध्यमों में इस प्रकार की सूचना प्रसारित हो रही है कि वित्त विभाग द्वारा प्रत्येक माह 100 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान किये जाने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी है। इस संबंध में सूचित करना है कि ऐसी कोई सहमति वित्त विभाग द्वारा नहीं दी गयी है और इस संबंध में कोई भी निर्णय वित्त विभाग द्वारा नहीं लिया गया है। इस प्रकार यह खबर कि वित्त विभाग द्वारा 100 यूनिट के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी है। भ्रामक तथा तथ्यों से परे प्रतीत होता है। बता दें कि आज ही एक अखबार ने खबर छापी है कि ऊर्जा विभाग ने बिहार के लोगों को हर महीने 100 यूनिट बिजली फ्री देने की योजना तैयार की है। ऊर्जा विभाग ने इस प्रस्ताव को तैयार कर वित्त विभाग को भेजा था। वित्त विभाग ने इसकी मंजूरी दे दी है। अब यह प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में भेजा जाएगा। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद इस योजना को लागू कर दिया जाएगा।

# बी. डी. कॉलेज में सेहत केंद्र के तहत संयुक्त गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में 20वें विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सेहत केंद्र और एमबीए विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'जनसंख्या और संसाधन प्रबंधन' विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने वर्तमान जनसंख्या परिदृश्य और उससे उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर विमर्श किया। गोष्ठी में डॉ. सोहेल अहमद, डॉ. अभय कुमार सिंह, डॉ. शिवेन्द्र सिंह और सेहत केंद्र के नोडल पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार साव ने अपने विचार प्रकट किए। डॉ. अशोक कुमार साव ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत में जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति, उसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव, उसे नियंत्रित करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जनसंख्या को आज एक बोझ नहीं, बल्कि एक संसाधन के रूप में देखा जा रहा है यदि उसे उचित शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल के साथ सशक्त बनाया जाए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य पर भी प्रकाश डाला जिसमें जापान, रूस, इटली और जर्मनी जैसे देशों में जनसंख्या में गिरावट एक बड़ी चुनौती बन चुकी है जबकि भारत और नाइजीरिया जैसे देशों में अत्यधिक जनसंख्या एक प्रमुख चिंता का विषय है। इन विभिन्न स्थितियों का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे अलग-अलग देश जनसंख्या से संबंधित समस्याओं का समाधान ढूंढने में लगे हैं।

# बिहार में कोई भी सुरक्षित नहीं : अलका लांबा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सक्रिए हुई कांग्रेस के नेताओं का बिहार दौरा लगातार जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को दिल्ली से पटना पहुंची अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का स्वास्थ्य जिस तरह गिरता जा रहा है, उसी तरह बिहार की कानून व्यवस्था भी बुरी तरह गिर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज बिहार में न व्यापारी सुरक्षित हैं, न नेता, न महिलाएं और न ही बच्चियां। राज्य में लगातार हत्या, लूट और अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं जिससे आम जनता में असुरक्षा का माहौल है। अलका लांबा ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकार है, लेकिन अब इस सरकार को जाना होगा। उन्होंने दिल्ली में हाल ही में हुए दोहरे हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली हो या बिहार, दोनों जगह डबल इंजन की सरकारें हैं और दोनों जगह कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। अलका लांबा ने कहा कि जब राज्य के मुख्यमंत्री का स्वास्थ्य ही बिगड़ रहा है तो राज्य प्रशासन और शासन व्यवस्था से कैसे उम्मीद की जा सकती है? उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण पर दिए गए निर्देशों का जिक्र करते हुए कहा कि अब देखना होगा कि चुनाव आयोग इस पर क्या रुख अपनाता है? उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है।

# बढ़े हुए लीवर की चिकित्सा एक्युप्रेशर से होगी : डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** हिपाटोमेगाली का मतलब है लीवर का सामान्य आकार से बड़ा हो जाना, इसे हिन्दी में 'बढ़ा हुआ लीवर' या 'यकृत का बढ़ना' कहा जा सकता है। यह कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह एक लक्षण है जो किसी आन्तरिक स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है। हिपाटोमेगाली का लक्षण अलग-अलग हो सकता है। पेट के ऊपरी दाएं भाग में दर्द अथवा बेचैनी, पेट में सूजन, पीलिया, त्वचा एवं आंखों का पीला पड़ना, थकावट, मितली एवं उल्टी। इसका निदान शारीरिक परीक्षण, रक्त परीक्षण एवं इमेजिंग परीक्षण अल्ट्रासाउण्ड, सीटी स्कैन या एम.आर.आई द्वारा किया जाता है। हिपाटोमेगाली की चिकित्सा आन्तरिक कारणों पर निर्भर करता है। चिकित्सा में मर्मदाब एक्युप्रेशर, जीवनशैली में बदलाव, दवाएं एवं सर्जरी। सबसे अच्छी बात यह है कि लीवर एकमात्र आन्तरिक अंग है जो सर्जरी के बाद वापस बढ़ सकता है जिससे जीवित लीवर दान संभव हो जाता है। यदि आप अपने लीवर का एक हिस्सा दान करते हैं तो यह अपने मूल आकार में पुनः उत्पन्न हो जाएगा। साथ ही प्रत्यारोपित भाग भी बढ़ेगा। एक्युप्रेशर बढ़ा हुआ लीवर के कार्यों को नियंत्रित करने में जीवनी ऊर्जा एवं रक्त संचार को नियंत्रित करता है। उक्त बातें बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज द्वारा कॉलेज परिसर में एक्युप्रेशर जनक डा. चन्द्रमा प्रसाद गुप्त के पुण्यतिथि के अवसर पर हिपाटोमेगाली विषयक संगोष्ठी में एक्युप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कही। संगोष्ठी को वीणा प्रकाश एवं डा. शारदा सुमन ने भी संबोधित किया तथा सर्व प्रकाश, डा. संजय पोद्दार, डॉ सुशांत कुमार, डा. अभिषेक, डा. नीतीश, डा. रामअवतार, डा. मनीशंकर, डा. काजल, डा. चांद अली, डा. हरेन्द्र प्रसाद, डा. मानसी, डा. अनुप, डा. शबनम अंसारी, डा. नासरिन अंसारी, आदित्य प्रकाश, डॉ. प्रीति, जितेन्द्र कुमार, श्रुति, शशिभूषण, सोनी देवी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# गोस्वामी तुलसीदास स्मृति में अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का उद्घाटन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत गोस्वामी तुलसीदास स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह सावन मास की शुभ बेला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना) ने कहा–गोस्वामी तुलसीदास जी न केवल लोकभाषा के महान रचनाकार थे, बल्कि वे संस्कृत पर अत्यंत गहरी पकड़ रखने वाले विद्वान भी थे। उनकी काव्य चेतना और भावनात्मक गहराई संस्कृत साहित्य की परम्परा से अनुप्राणित है। 'रामचरितमानस' की संरचना में संस्कृत व्याकरण, अलंकार और दर्शन की छाया स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। उद्घाटनकर्ता डॉ. अनिल कुमार सिंह (पूर्व सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश एवं प्रधान संरक्षक, अभियान) ने उद्घाटन भाषण में कहा–तुलसीदास संस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित थे। उन्होंने संस्कृत ग्रंथों का अध्ययन कर जनभाषा में रामकथा को प्रस्तुत किया। उनका संस्कृत से संबंध केवल वैदुष्य तक सीमित नहीं था, बल्कि उनके चिंतन का आधार भी संस्कृत धर्मग्रंथ ही थे। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी (पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश) ने अपने वक्तव्य में कहा तुलसीदास का संस्कृत से ऐसा आत्मिक संबंध था कि उन्होंने लोक में प्रसार हेतु संस्कृत तत्वज्ञान को अवधी भाषा में व्यक्त किया।

# चंद्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना एवं टाइगर एनालिटिक्स के बीच एमओयू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** एआई कंपनी टाइगर एनालिटिक्स और बिहार सरकार की मदद से बना ऑटोनॉमस संस्था चंद्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) ने डेटा, एनालिटिक्स और एआई के क्षेत्र में साथ काम करने के लिए एक पार्टनरशिप (एमओयू) किया है। यह एमओयू मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में सीआईएमपी के पीजीडीएम बैच 2025-27 के ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान साइन किया गया। इस पार्टनरशिप का उद्देश्य इन जरूरी क्षेत्रों में नए आइडिया लाना, रिसर्च के मौके बढ़ाना और क्षमता बढ़ाना है। यह पार्टनरशिप भारत में सरकार, नीति बनाने और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में एआई के जरिए बदलाव लाने का एक बड़ा कदम है। दोनों संस्थान अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल करके मुश्किल समस्याओं को हल करेंगे और लगातार सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देंगे। इस एमओयू का एक मुख्य पहलू है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सीधे सरकारी कामकाज में लागू किया जाएगा। चंद्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना, जो बिहार सरकार द्वारा स्थापित एक संस्था है, एआई के जरिए शासन को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के साथ साझेदारी करेगा।

CMYK

## संपादकीय

# ऑनलाइन बाजार में फल-फूल रहा आतंक का नेटवर्क

आतंकवादी पिछले कुछ वर्षों से अपनी नापाक साजिशों को अंजाम देने के लिए पारंपरिक तरीके के बजाय आधुनिक तकनीक का सहारा लेने लगे हैं। खासकर इंटरनेट के जरिए विभिन्न तरह की मदद हासिल करना उनके लिए आसान और सुलभ तरीका बन गया है। वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण निगरानी संस्था एफएटीएफ ने भी चौंकाने वाला खुलासा किया है कि आतंकी धन जुटाने और हिंसक वारदातों के लिए आनलाइन सेवाओं का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग कर रहे हैं। फरवरी 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल विस्फोटक पदार्थ का एक हिस्सा आनलाइन कारोबारी मंच से खरीदा गया था। यही नहीं, आतंकी बम बनाने की विधि भी इंटरनेट से सीख रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। हाल के वर्षों में हुए कई आतंकी हमलों की जांच में इसके प्रमाण मिले हैं। इससे साफ है कि आनलाइन सेवाओं का दुरुपयोग किस कदर खतरनाक रूप ले चुका है।एफएटीएफ की रपट में कहा गया है कि आतंकवादी अपने हिंसक अभियानों के लिए उपकरण, हथियार, रसायन और यहां तक की 'थ्री डी-प्रिंटिंग' सामग्री की खरीदारी भी आनलाइन सेवाओं के जरिए कर रहे हैं। यह बात सही है कि आनलाइन खरीदारी की व्यवस्था से लोगों को काफी सहूलियत हुई है, लेकिन इस सुविधा का उपयोग खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए न हो, इस पर कड़ी नजर रखना जरूरी है। निगरानी तंत्र के अभाव में आतंकवादियों और उनके सहयोगियों द्वारा आनलाइन सेवाओं का इस्तेमाल हिंसक अभियानों के वित्तपोषण के लिए करने की संभावनाओं से भी अब इनकार नहीं किया जा सकता है।इंटरनेट पर विस्फोटक पदार्थ तैयार करने की तकनीक से जुड़ी सामग्री का होना भी चिंता का विषय है। सरकार और संबंधित प्राधिकारियों को इस दिशा में ठोस कदम उठाना होगा। साथ ही आनलाइन सेवा प्रदाता मंचों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे इस तरह की सामग्री की नियमित निगरानी करें, ताकि इसके दुरुपयोग पर रोक सुनिश्चित हो सके।एफएटीएफ का यह खुलासा भी अहम है कि आतंकवादी संगठनों को कुछ देशों की सरकारों से वित्तीय और अन्य मदद मिल रही है, जिनमें साजो-सामान और सामग्री संबंधी सहायता एवं प्रशिक्षण भी शामिल है। भारत समेत कई देश आतंकवाद के खात्मे के लिए एकजुट प्रयासों पर बल दे रहे हैं, लेकिन कुछ चुनिंदा देशों द्वारा आतंकियों के वित्तपोषण से इस पर पलीता लग रहा है। इससे पहले जून में वैश्विक निगरानी संस्था ने अपनी रपट में कहा था कि पहलगाम आतंकी हमला किसी वित्तीय मदद के बिना संभव नहीं था।इससे आतंकवाद का समर्थन करने की पाकिस्तान की नापाक नीति फिर से जगजाहिर हो गई है। यह बात छिपी नहीं है कि पाकिस्तान आतंकियों का पालन-पोषण कर उन्हें हथियार की तरह इस्तेमाल करता है।

**मोदी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेषकर दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में चीन की एकाधिकारवादी रणनीति की ओर इशारा करते हुए यह स्पष्ट किया कि कोई भी देश इन संसाधनों को 'हथियार' के रूप में इस्तेमाल न करे। यह बयान ना सिर्फ भारत की रणनीतिक चिंता को दर्शाता है, बल्कि मोदी के संतुलित, लेकिन दृढ़ वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक भी है। रूस और चीन जैसे देशों की मौजूदगी में भी मोदी ने न तो पश्चिमी ताक़तों की आलोचना की और न ही अंध समर्थन दिया। इसके बजाय उन्होंने ग्लोबल साउथ के अधिकारों, विकास के अवसरों और समावेशी वैश्वीकरण की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उनका यह रुख ब्रिक्स को एकतरफा मंच बनने से रोकता है और भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को उजागर करता है। प्रधानमंत्री के संबोधनों से यह भी स्पष्ट हुआ कि नरेंद्र मोदी केवल घरेलू राजनीति के माहिर नहीं, बल्कि वे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की बारीक समझ रखने वाले नेता भी हैं। देखा जाये तो वह भारत को वैश्विक शक्ति-संतुलन में एक निर्णायक खिलाड़ी के रूप में प्रस्तुत करने में सफल रहे हैं।**

# मोदी की ब्राजील यात्रा ने सफलता के नए कीर्तिमान रचे

**(नीरज कुमार दुबे)**

हम आपको बता दें कि ब्राजील के साथ मजबूत संबंध भारत को लैटिन अमेरिका में रणनीतिक पहुँच प्रदान करते हैं। यह महाद्वीप ऊर्जा, खनिज और कृषि संसाधनों से समृद्ध है और भारत के लिए एक नया आर्थिक और भू-राजनीतिक अवसर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया ब्राजील यात्रा सिर्फ एक कूटनीतिक यात्रा भर नहीं थी, बल्कि यह भारत के वैश्विक कद और मोदी की नेतृत्व क्षमता की ताक़त का स्पष्ट प्रमाण भी बनी। ब्राजील के रियो डी जेनेरो में हुई 17वीं ब्रिक्स शिखर बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह वैश्विक राजनीति, भू-आर्थिक चुनौतियों और बहुपक्षीय सहयोग को लेकर भारत का पक्ष रखा, उसने न केवल भारत की छवि को मज़बूत किया, बल्कि यह भी साबित किया कि एक दूरदर्शी नेतृत्व किस तरह जटिल वैश्विक माहौल में राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सकता है। मोदी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेषकर दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में चीन की एकाधिकारवादी रणनीति की ओर इशारा करते हुए यह स्पष्ट किया कि कोई भी देश इन संसाधनों को 'हथियार' के रूप में इस्तेमाल न करे। यह बयान ना सिर्फ भारत की रणनीतिक चिंता को दर्शाता है, बल्कि मोदी के संतुलित, लेकिन दृढ़ वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक भी है। रूस और चीन जैसे देशों की मौजूदगी में भी मोदी ने न तो पश्चिमी ताक़तों की आलोचना की और न ही अंध समर्थन दिया। इसके बजाय उन्होंने ग्लोबल साउथ के अधिकारों, विकास के अवसरों और समावेशी वैश्वीकरण की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उनका यह रुख ब्रिक्स को एकतरफा मंच बनने से रोकता है और भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को उजागर करता है। प्रधानमंत्री के संबोधनों से यह भी स्पष्ट हुआ कि नरेंद्र मोदी केवल घरेलू राजनीति के माहिर नहीं, बल्कि वे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की बारीक समझ रखने वाले नेता भी हैं। देखा जाये तो वह भारत को वैश्विक शक्ति-संतुलन में एक निर्णायक खिलाड़ी के रूप में प्रस्तुत करने में सफल रहे हैं।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत-ब्राजील के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक साझेदारी को मजबूत करने वाली भी साबित हुई। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, ऊर्जा, कृषि, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी 2.0 की ओर बढ़ने की प्रतिबद्धता जताई है।

हम आपको बता दें कि भारत और ब्राजील ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। खासतौर पर कृषि उत्पाद, औषधीय उद्योग, टेक्सटाइल, और आईटी सेवाओं में सहयोग के नए द्वार खुले हैं। इससे भारतीय एमएसएमई और निर्यातकों को नए बाजार मिलेंगे। इसके अलावा, ब्राजील जैव ईंधन और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी देश है। भारत के 'नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन' को देखते हुए दोनों देशों ने हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी साझेदारी को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। साथ ही ब्रिक्स, जी20 और संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंचों पर भारत और ब्राजील ने विकासशील देशों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए समन्वय बढ़ाने पर सहमति जताई। ब्राजील ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की मजबूत वकालत की।

इसके अलावा, ब्राजील के साथ मजबूत संबंध भारत को लैटिन अमेरिका में रणनीतिक पहुँच प्रदान करते हैं। यह महाद्वीप ऊर्जा, खनिज और कृषि संसाधनों से समृद्ध है और भारत के लिए एक नया आर्थिक और भू-राजनीतिक अवसर है। हम आपको यह भी बता दें कि ब्राजील, विश्व का सबसे बड़ा सोया उत्पादक और निर्यातक है। भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए यह साझेदारी महत्त्वपूर्ण हो सकती है। साथ ही, ब्राजील के पास प्रचुर मात्रा में कच्चा तेल, इथेनॉल और जलविद्युत क्षमता है जो भारत की ऊर्जा रणनीति में योगदान कर सकती है।



इसके अलावा, अंतरिक्ष तकनीक, रक्षा उत्पादन और एयरोनॉटिक्स के क्षेत्र में ब्राजील की विशेषज्ञता और भारत की विनिर्माण क्षमता मिलकर एक मजबूत टेक्नोलॉजिकल गठजोड़ बना सकते हैं। हेल और ऐम्बयर जैसे संस्थानों के बीच सहयोग की संभावनाएं प्रबल हैं। हम आपको यह भी बता दें कि भारत और ब्राजील दोनों जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर समान सोच रखते हैं। ग्लोबल साउथ के हिस्से के रूप में, दोनों मिलकर विकसित देशों से जलवायु फंड और तकनीकी हस्तांतरण के लिए सामूहिक दबाव बना सकते हैं।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा के बीच वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने आतंकवाद से निपटने पर भी विचार-विमर्श किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर स्पष्ट हैं कि आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। मोदी ने मीडिया को दिये अपने बयान में कहा, ''आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारी सोच एक जैसी है, यथा- आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और यह कि इसे लेकर दोहरा मानदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हम आतंकवाद और आतंकवाद का समर्थन करने वालों का कड़ा विरोध करते हैं।'' मोदी ने कहा, ''हम चाहते हैं कि भारत-ब्राजील संबंध कार्निवल (रंगारंग जुलूस) की तरह रंगीन हों, फुटबॉल की तरह जोशीले हों, और सांबा (नृत्य) की तरह दिलों को जोड़ने वाले हों और वीजा काउंटर पर लंबी कतारें न हों। इस भावना के साथ।'' उन्होंने कहा, ''हम दोनों देशों के लोगों, खासकर पर्यटकों, छात्रों, खिलाड़ियों और व्यापारियों के बीच आपसी संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रयास करेंगे। विभिन्न भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-ब्राजील साझेदारी स्थिरता और संतुलन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और दोनों पक्ष इस बात पर एकमत हैं कि सभी विवादों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए।

हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रमुख वैश्विक मंचों पर भारत-ब्राजील सहयोग बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया। मोदी ने लूला के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा, ''आज राष्ट्रपति द्वारा ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना न केवल मेरे लिए, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए भी अत्यंत गर्व और भावना का क्षण है।'' हम आपको बता दें कि मई 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से किसी विदेशी सरकार द्वारा उन्हें दिया गया यह 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी का ब्रासीलिया के अल्वोराडा पैलेस में 114 घोड़ों की एक अनूठी परेड के साथ भव्य औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद, प्रधानमंत्री के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत भारत माता की जय के नारों से किया। मोदी ने वहां मौजूद लोगों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री का स्वागत संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया।

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी की ब्राजील यात्रा एक बार फिर यह सिद्ध करती है कि उनका नेतृत्व केवल भाषणों या आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अंतरराष्ट्रीय रणनीति, साझेदारी और भारत के दीर्घकालिक हितों की ठोस पैरवी में भी प्रभावशाली है। आज जब विश्व एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, तो ऐसे में भारत का नेतृत्व एक ऐसे व्यक्ति के हाथों में है जो न केवल अपने देश के लिए सोचता है, बल्कि दुनिया के भविष्य को भी दिशा देने की क्षमता रखता है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा सिर्फ एक औपचारिक राजनयिक दौरा नहीं थी, बल्कि यह ग्लोबल साउथ की आवाज़ को संगठित करने और भारत की एक जिम्मेदार, भरोसेमंद भागीदार के रूप में छवि को और मजबूती देने की दिशा में एक ठोस कदम थी। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि भारत और ब्राजील के बीच बढ़ती निकटता न केवल दोनों देशों के नागरिकों को व्यावसायिक, तकनीकी और सांस्कृतिक लाभ देगी, बल्कि यह वैश्विक बहुध्रुवीय व्यवस्था को संतुलित करने में भी योगदान दे सकती है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# भारतीयों के लिए गोल्डन ट्रैप साबित हो सकता है दुबई का सस्ता वाला वीजा

**(अभिनय आकाश)**

सबसे बड़ा सवाल ये है कि इसका सबसे ज्यादा असर कहां पड़ेगा। क्या भारत को इससे नुकसान होगा या फायदा? क्या और भी ज्यादा ब्रेन ड्रेन होगा? सारे मामलों का एमआरआई स्कैन करते हैं। शुरुआत सबसे बेसिक से करते हैं।

क्या भारत की जनता अब दुबई शिफ्ट होने वाली है। एक ऐसी जगह न इनकम टैक्स देना होता है और न ही वीजा रिन्युल की झंझट है। जहां लग्जरी लाइफ स्टाइल और ग्लोबल एक्सपोजर भी मिलता है। अब तो उस देश ने एक ऐसी वीजा पॉलिसी की घोषणा कर दी है, जो दुनियाभर के टॉप माइंड, क्रिएटर्स और इंवेस्टर्स को अटैक करने वाली है। दुबई ने अब एक ऐसा मास्टर चेंज या प्लान तैयार किया है जिसमें लगभग 23 लाख रुपए की फीस देकर भारतीयों को यूएई गोल्डन वीजा दे रहा है। ये केवल एक आम वीजा पॉलिसी नहीं है। ये बड़े ग्लोबल टालेंट रेस का हिस्सा है, जिसमें दुबई ने एक बड़ी चाल चली है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि इसका सबसे ज्यादा असर कहां पड़ेगा। क्या भारत को इससे नुकसान होगा या फायदा? क्या और भी ज्यादा ब्रेन ड्रेन होगा? सारे मामलों का एमआरआई स्कैन करते हैं। शुरुआत सबसे बेसिक से करते हैं।

**आखिर गोल्डन वीजा की कहानी कहां से शुरू हुई:** गोल्डन वीजा का कंसेप्ट 2010 में सबसे पहली बार यूरोप में आया। स्पेन, पुर्तगल, ग्रीस जैसे देशों ने अपने इकनॉमिक स्लो डाउन के वक्त इसे लॉन्च किया ताकी फॉरेन इंवेस्टर्स आए और रिएल एस्टेट में पैसा लगाएं। जिससे उनकी अर्थव्यवस्था फिर से पटरी पर आ जाए। इस पॉलिसी का सीधा सा मतलब था कि तुम पैसा लाओ, हम तुम्हें वीजा देंगे। दरअसल, गोल्डन वीजा एक तरह रिजिडेंस वीजा होता है जो किसी देश में किसी भी विदेश नागरिक को लंबे समय तक काम और बिजनेस वो भी बिना किसी लोकल इंपासर के करने की इजाजत देता है। ये वीजा पांच-दस या कई केस में परमानेंट वैलिडिटी के साथ दिया जाता है। पहले ये सिर्फ अल्ट्रा रिच लोगों के लिए होता था। जैसे स्पेन, पुर्तगल, ग्रीस जैसे यूरोपियन देशों ने वैश्विक मंदी के बाद इसे लॉन्च किया था।

**यूएई का कॉन्सेप्ट थोड़ा अलग:** यूएई ने इस कॉन्सेप्ट को नए अंदाज में 2019 में लॉन्च किया। जिसमें पैसा महत्वपूर्ण है, लेकिन टैलेंट और योगदान को और ज्यादा वैल्यू दी गई।

तीन चीजों पर फोकस
तेल पर निर्भरता को कम करना
टेक और नॉलेज इकोनॉमी बनाना
ग्लोबल टैलेंट को मिडिल ईस्ट में लाना
कौन कर सकता है आवेदन ?

अब दुबई ने अब एक ऐसा मास्टर चेंज या प्लान तैयार किया है जिसमें लगभग 23 लाख रुपए की फीस देकर भारतीयों को यूएई गोल्डन वीजा दे रहा है। योजना की खास बात यह है कि ये अब सिर्फ अमीर निवेशकों तक सीमित नहीं है। मिडिल क्लास प्रोफेशनल्स और क्रिएटिव इंडस्ट्री से जुड़े लोग भी इसके योग्य है। इनमें शामिल हैं- टीचर, प्रिंसिपल, प्रोफेसर, वैज्ञानिक, रिसर्चर, अनुभवी नर्स, कॉर्पोरेट एग्जिक्यूटिव्स, यूट्यूबर, पॉडकास्टर ई-स्पोर्ट्स प्रोफेशनल (25 वर्ष से ऊपर), और मैरिटाइम सेक्टर के लोग जैसे पोर्ट अधिकारी, यॉट ओनर।

**23 लाख देकर वीजा मिल जाएगा:** नहीं। एईडू 100,000 (लगभग 23.3 लाख रुपये) की एकमुश्त फीस केवल तभी ली जाती है जब आप स्क्रीनिंग पास कर चुके हों और आपको नॉमिनेशन मिल गया हो।ृक्रने साफ किया है कि यह कोई पे-टु-स्टे योजना नहीं है, बल्कि योग्यता आधारित चयन है। इस वीजा के लिए कोई खुद सीधे अप्लाई नहीं कर सकता। आवेदन मान्यता प्राप्त कंसल्टेंसी के जरिए नामाकन के बाद शुरू होता है। पहले बैकग्राउड चेक होता है। इसके बाद कंसल्टेंसी यूएई अधिकारियों को आवेदन भेजती है। आवेदक को यूएई जाने की जरूरत नहीं होती। भारत में ऑनलाइन पोर्टल व कॉल सेंटर के जरिए आवेदन किया जा सकता है।

**पुराने वीजा से कैसे अलग है:** पहले वीजा के लिए कम से कम एईडी 2 मिलियन (करीब 4.7 करोड़ रुपये) की प्रॉपर्टी खरीदना जरूरी था। लेकिन नए स्कीम में रियल एस्टेट या बिजनेस की कोई शर्त नहीं है। अब सिर्फ आपकी काबिलियत मायने रखती है। हां, अगर आप अभी भी निवेश करना चाहते हैं तो पुराने तरीके जैसे रियल एस्टेट बिजनेस, स्टार्टअप, या टॉप स्टूडेंट्स के लिए भी विकल्प खुले हैं। इस वीजा से लाइफटाइम रेजिडेंसी, फ्री काम करने, पढ़ने और आने-जाने की आजादी मिलेगी। आप अपने परिवार और स्टाफ को भी स्पॉन्सर कर सकते है। नौकरी बदलें या प्रॉपर्टी बिके वीजा बना रहेगा।

**बेस्ट ऑफ बेस्ट मीडिल क्लास प्रोफेशनल्स पर नजर:** इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर यूजर्स अपने रिएक्शन दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर आपको भारत के अंदर मर्सिडीज खरीदनी है तो आप 23 लाख देकर यूएई का वीजा ले सकते हैं। टैक्स के बावजूद भी आप वहां पर रह सकते हैं। आराम से मर्सिडीज ई क्लास यूएई में खरीद सकते हैं। हालांकि ये पहली बार नहीं है कि दुबई ने ऐशा कोई प्लान तैयार किया हो। इससे पहले भी साल 2019 में अपनी स्टैटर्जी के जरिए दुबई ने बिलिनियर्स को टारगेट किया। दुबई में इनवेस्ट करो तो गोल्ड वीजा मिलेगा। फिर साल 2022 में मल्टी मिलेनियर्स को टारगेट किया। 4.7 करोड़ का इनवेस्टमेंट करो तो गोल्डन वीजा मिल जाएगा। लेकिन इस बार मीडिल क्लास और प्रोफेशनल्स को टारगेट किया जा रहा है। सबसे हैरानी की बात ये है कि इस वीजा में केवल पांच हजार स्लॉट ही खोले गए हैं।

# अपनी पहचान जाहिर करने में कैसी शर्म !

**इस मार्ग में भगवान शिव के कई बड़े प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर हैं। यहां पर श्रद्धालु भगवान का जलाभिषेक करते हैं। मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ से लेकर गाजियाबाद, हापुड़ तक के शिव मंदिरों में इस मार्ग से गंगाजल लेकर भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्ग पर तनाव बढ़ गया है। असल में, मुजफ्फरनगर जिले के बघरा गांव में योग साधना आश्रम के संचालक और सनातन धर्म के प्रचारक स्वामी यशवीर महाराज पिछले कुछ वर्षों से कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि कांवड़ मार्ग पर कुछ लोग हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर ढाबे और दुकानें चलाकर शिव भक्तों को धोखा दे रहे हैं।**

**(डॉ. आशीष वशिष्ठ)**

असल में, मुजफ्फरनगर जिले के बघरा गांव में योग साधना आश्रम के संचालक और सनातन धर्म के प्रचारक स्वामी यशवीर महाराज पिछले कुछ वर्षों से कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की मांग करते रहे हैं। भगवान शंकर के प्रिय माह सावन की शुरूआत 11 जुलाई से है। सावन की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा। कांवड़ यात्रा में शिवभक्त नंगे पांव हाथ में कांवड़ लेकर लंबी दूरी तय करके शिवलिंग या ज्योतिर्लिंग में जाते हैं और पवित्र नदियों के जल से उनका अभिषेक करते हैं।



उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा है। कांवड़ यात्रा का विराट रूप पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिखता है। हरिद्वार से कांवड़ लेकर निकलने वाले कांवड़ यात्री इस मार्ग से निकलते हैं। इस मार्ग में भगवान शिव के कई बड़े प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर हैं। यहां पर श्रद्धालु भगवान का जलाभिषेक करते हैं। मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ से लेकर गाजियाबाद, हापुड़ तक के शिव मंदिरों में इस मार्ग से गंगाजल लेकर भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्ग पर तनाव बढ़ गया है।

असल में, मुजफ्फरनगर जिले के बघरा गांव में योग साधना आश्रम के संचालक और सनातन धर्म के प्रचारक स्वामी यशवीर महाराज पिछले कुछ वर्षों से कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि कांवड़ मार्ग पर कुछ लोग हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर ढाबे और दुकानें चलाकर शिव भक्तों को धोखा दे रहे हैं। पहचान छुपाकर धोखा देने वाले कई मामले सामने आने के बाद पिछले साल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों ने आदेश जारी किए कि कांवड़-यात्रा के मार्ग के ढाबे, होटल, रेस्तरां, दुकानदार, खोमचेवाले स्पष्ट नाम पट्टिका लगाएंगे। सरकार का मंतव्य है कि कांवडियों की आस्था और श्रद्धा खंडित न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस साल भी उप्र और उत्तराखंड की सरकारों ने पिछले साल की भांति आदेश जारी किए हैं।

ताजा प्रकरण यह है कि, स्वामी यशवीर महाराज और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता कांवड़ मार्ग स्थित दिल्ली-दून हाईवे स्थित पंडित वैष्णो ढाबा पर पहुंचे। वास्तव में, ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था-'पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा।' यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था। पंडित वैष्णो ढाबे को सनव्वर नाम का एक मुस्लिम व्यक्ति चलाता है। इस ढाबे में उसका बेटा आदिल और जुबैर समेत दो अन्य लोग भी काम करते हैं। कहा जा रहा है कि यशवीर महाराज और अन्य ने ढाबे के मालिक और कर्मचारियों की धार्मिक पहचान जांचने के लिए पैंट उतरवाई। विवाद यहीं से भडक़ा। आग में घी डालते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने पहचान वाले मामले को पहलगाम आतंकी हमले से जोड़ने का काम किया। हसन ने कहा कि, %%मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक कर सकते हैं? क्या पहलगाम में आतंकियों ने पैंट नहीं उतरवाई थी? ऐसा करने वाले और पहलगाम के आतंकवादियों में क्या अंतर रह गया?

उस ढाबे पर यह घटना हुई अथवा नहीं, पुलिस इसकी जांच कर रही है। लेकिन प्रकरण को 'सांप्रदायिक मोड़' दे दिया गया। पहलगाम एक सुनियोजित आतंकी कृत्य था। इन दोनों घटनाओं की तुलना करना न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि यह समाज में धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने का प्रयास भी है।

और जहां तक बात पहचान छुपाने या धोखा देने की है तो यह धंधा लंबे समय से चल रहा है। जुलाई, 2021 में गाजियाबाद में दो ऐसे मुसलमान दुकानदारों का पता चला था, जो हिंदू नाम से दुकान चला रहे थे। इनमें एक दुकान पुरानी सब्जी मंडी में है, जिसका नाम है न्यू अग्रवाल पनीर भंडार। इस दुकान का मालिक है मंजूर अली। दूसरी दुकान लालाजी पनीर भंडार के नाम से है। इसका मालिक ताहिर हुसैन है। इन दोनों का कहना था कि हिंदू नाम रखने से ग्राहक कम पूछताछ करते हैं और धंधा अच्छा चलता है। यानी ये धंधे के लिए हिंदुओं के साथ धोखा कर रहे थे। इनकी पोल तब खुली जब कुछ लोगों को पता चला कि इनका जीएसटी नंबर इनके असली नाम से है। स्थानीय दुकानदारों ने इनका विरोध किया तो इन लोगों ने अपनी दुकानों के नाम बदल लिए हैं। पिछले साल कांवड़ यात्रा के समय जब नेम प्लेट लगाने के आदेश जारी हुए थे, तो खूब हंगामा मचा था। उस समय सोशल मीडिया से लेकर अखबारों और समाचार चैनलों तक में इस बात की बड़ी चर्चा थी कि कैसे एक आदेश के चलते रातों रात मुजफ्फरनगर का 'संगम शुद्ध शाकाहारी होटल' बन गया 'सलीम ढाबा।' 'मां भवानी जूस कार्नर' का नाम हो गया फहीम जूस केंद्र। 'टी प्वाइंट' का नाम हो गया 'अहमद टी स्टाल। ऐसे ही नीलम स्वीट्स का मालिक निकला मोहम्मद फजल अहमद। अनमोल कोल्ड ड्रिंक्स का मालिक है मोहम्मद कमर आलम। खतौली के चीतल ग्रैंड के बाहर एक बोर्ड लग गया है, जिस पर लिखा गया है- शारिक राणा डायरेक्टर। सहारनपुर में चल रहे जनता वैष्णो ढाबा का मालिक है मोहम्मद अनस सिद्दीकी। मुजफ्फरनगर के बझेड़ी गांव निवासी वसीम अहमद ने पिछले साल पहचान जाहिर होने के बाद अपना गणपति ढाबा बेच दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार देहरादून-नैनीताल राजमार्ग पर 20 से अधिक ढाबे ऐसे हैं, जो हिन्दू देवी-देवताओं के नाम पर हैं, लेकिन इन्हें चलाने वाले मुसलमान हैं। हरिद्वार नजीबाबाद रोड पर चिडियापुर और समीरपुर गंग नहर रोड पर भी ऐसे हिंदू नामधारी ढाबे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं। मेरठ, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, मुंडा पांडे हाईवे पर भी दर्जनों ऐसे ढाबे चल रहे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, धोखा देने के लिए ये लोग होटल के अंदर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र भी रखते हैं, ताकि हिंदू यात्रियों को लगे कि वे किसी हिंदू होटल में ही खाना खा रहे हैं। लेकिन जब कोई ग्राहक ऑनलाइन पैसा देता है, तब पता चलता है मालिक मुसलमान है।

# ‘एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड स्कीम’ के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से ‘एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड स्कीम’ के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बोकारो निवास में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बीएसएल के अधिशासी निदेशक, सम्बंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थिति थे. समारोह में बीएसएल और झारखण्ड ग्रुप ऑफ माइंस के कुल 10 अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया.‘एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड’ प्राप्त करने वालों में बीएसएल के चंद्रशेखर कुमार, उप महाप्रबंधक, जयप्रकाश, सहायक महाप्रबंधक, सुजीत राउत, सहायक महाप्रबंधक, सत्येंद्र प्रसाद वर्मा, सहायक महाप्रबंधक, कुणाल प्रसाद, वरीय प्रबंधक (आई &ए), रूद्र प्रताप, वरीय प्रबंधक (सिंटर प्लांट), गौरव कुमार, प्रबंधक (सी&ए), सुश्री रूपम कुमारी, उप प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), श्री अभिजीत आनंद, उप प्रबंधक (सी आर एम-I&II) एवं झारखण्ड ग्रुप ऑफ माइंस से राहुल कुमार यादव, प्रबंधक (केआई ओ एम-मैकेनिकल) शामिल थे. निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी पुरस्कार विजेताओं तथा उनके परिवार के सदस्यों को इस अवार्ड के लिए चुने जाने पर बधाई दी. उल्लेखनीय है कि ‘एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड’ अधिकारियों को उत्पादन, उत्पादकता,



कॉस्ट कंट्रोल और इनोवेशन से जुड़े विशिष्ट कार्यों के लिए प्रोत्साहन स्वरुप दिया जाता है. सभी पुरस्कृत अधिकारियों ने अपने- अपने कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता के इस क्रम को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की. कार्यक्रम का समन्वय सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) अभिषेक तथा धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) माला रानी ने किया.

**बीएसएल के क्वालिटी सर्कल टीम के ICQCC, NCQC और 5एस के विजेताओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन**

12 जुलाई को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में बीएसएल के क्वालिटी सर्कल टीम के ICQCC, NCQCऔर 5एस के विजेताओं के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएल के निदेशक प्रभारीबीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रँगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवती, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) अनीष सेनगुप्ता, बी जी एच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय के साथ मुख्य महाप्रबंधक, वरीय अधिकारी, क्वालिटी सर्कल टीम के ICQCC, NCQC और 5एस के विजेता तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे. सम्मान समारोह में बीएसएल के डीएनडब्लू विभाग की टीम जिसने श्रीलंका में तथा एसएमएस-II & सीसीएस विभाग की टीम जिसने चीन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय क्वालिटी सर्कल सम्मलेन में स्वर्ण पदक जीता था, उसे सम्मानित किया गया. नागपुर एवं ग्वालियर में आयोजित क्वालिटी सर्कल के राष्ट्रीय सम्मलेन में बीएसएल के पार एक्सीलेंस पुरस्कार प्राप्त 21 टीम और एक्सीलेंस पुरस्कार प्राप्त 15 टीमों को भी सम्मानित किया गया. इसके अलावा सम्मान समारोह में मदुरै और कोयंबटूर में आयोजित कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली के राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बी एस एल के पार एक्सीलेंस पुरस्कार प्राप्त 12 क्वालिटी सर्कल टीम तथा एक्सीलेंस पुरस्कार प्राप्त 03 टीमों को भी सम्मानित किया गया. निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अपने सम्बोधन में सभी विजेता टीमों को बधाई दी तथा उन्हें उत्कृष्टता के लिए लगातार प्रयासरत रहने का संदेश दिया. कार्यक्रम का सञ्चालन बिजनेस एक्सेलेंस विभाग की महाप्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी एवं वरीय प्रबंधक सुश्री देवयानी चक्रबर्ती तथा धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबंधक सुश्री सागरिका साहू के द्वारा किया गया.

## 18 को पचम्बा फोर लेन सड़क पर उतरेंगे माले नेता और सदस्य : राजेश सिन्हा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी मंगलवार को न्यू रेलवे लाइन के लिए माले नेता उतरेंगे सड़कों पर,गिरिडीह में राजनीतिक पार्टियों में घोर शिथिलता है,माले सब के बदले कार्य करेगा,सैकड़ों की संख्या में चलेंगे टूटे और गड्ढे सड़कों पर पचंबा फोर लेन को जल्द बनवाने के लिए कौन - कौन रोड में बैठेंगे और कहाँ - कहाँ, आगामी शुक्रवार को टॉवर चौक पर, नेता जी चौक, भंडारीडीह, अलकापुरी, फॉरेस्ट कॉलोनी, बिसनपुर, पचंबा और कल्याणडीह में 3 बजे से साढ़े चार शाम बजे तक रोड पर जगह जगह बैठेंगे,यह सांकेतिक बैठा बैठी होगी जिसमें, एंबुलेंस और जरूरी सुविधा को रोका नहीं जाएगा, जबरजस्ती किन्हीं को रोका नहीं जाएगा,आधा घंटा इस रास्ते में आवागमन एक साथ खुद से ब्रेक होना चाहिए,हरेक जगह का नेतृत्व कौन करेंगे,इसका नेतृत्व तय किया जा रहा है।

# गिरिडीह को क्लीन और ग्रीन सिटी बनाने के लिए इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनसाइन और मीडिया के बीच संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा होटल गैली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के प्रमुख मीडिया प्रतिनिधियों के साथ मिलकर गिरिडीह को ‘क्लीन एंड ग्रीन सिटी’ बनाने पर गंभीर चर्चा की गई। क्लब की प्रेसिडेंट कविता राजगढ़िया के नेतृत्व में आयोजित इस संवाद का मुख्य उद्देश्य मीडिया और क्लब के संयुक्त प्रयासों से शहर को पर्यावरण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया आयाम देना था। प्रेसिडेंट कविता राजगढ़िया ने कहा कि मीडिया की भूमिका किसी भी सामाजिक परिवर्तन में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जबतक कोई कार्य लोगों तक नहीं पहुंचेगा, उसका प्रभाव सीमित रह जाएगा। इसीलिए मीडिया से सहयोग की अपील की गई, ताकि क्लब की सकारात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। क्लब की पर्यावरणीय पहल की बात करें तो उनका ‘सिग्नेचर प्रोजेक्ट’ झ सीड बॉल्स बनाना और बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना विशेष रूप से सराहनीय है। स्कूलों में जाकर बच्चों को विभिन्न फल-फूल और किचन वेस्ट से बीजों की जानकारी दी जाती है, जिससे वे प्रकृति के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं। इसके साथ ही, तीन साल पहले लगाया गया क्लब का वाटिका प्रोजेक्ट आज हरे-भरे पेड़ों से लहलहा रहा है। इनर व्हील क्लब पिछले 4 वर्षों से ‘से नो टू प्लास्टिक’ अभियान पर भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। फल और सब्जी विक्रेताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, क्लब नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी करवाता है, जिससे नालियों व कुओं में साफ-सफाई बनी रहे और मच्छरों से बचाव हो सके। अब तक क्लब की ओर से 3 से 4 हजार पेड़ लगाए जा चुके हैं। वहीं कर्मशाली गांव में मियावाकी फॉरेस्ट विकसित किया गया है और चंदनडीह गांव में एक सुंदर छठ घाट का निर्माण और सौंदर्यीकरण किया गया है, जिसे आगामी वर्षों में एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। क्लब का यह प्रयास न केवल शहर के पर्यावरण को संवारने की दिशा में है, बल्कि समाज को एक प्रेरणा देने वाला भी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सभी मीडिया बंधुओं ने इस मिशन में साथ देने का आश्वासन दिया। गिरिडीह को बदलने की यह छोटी सी शुरूआत, एक बड़े बदलाव की ओर बढ़ता कदम है। इस परिचर्चा मे पीडीसी पूनम सहाय प्रेसिडेंट कविता राजगढ़िया सचिव स्मृति आनंद आईएसओ दीप्ति सिंहा एडिटर संगीता सिंहा और मेंबर्स तनुजा सहाय, जुली सहाय, रिया अग्रवाल, संगीता सिंह उपस्थि थी।

# डीएमएफटी मद से कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट के अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा हेतु सभी संबंधित एजेंसी के पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई है।इस दौरान भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग(कार्य प्रमंडल) धनबाद, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1 एवं 2, लघु सिंचाई विभाग, लघु प्रमंडल धनबाद, नगर निगम धनबाद, झमाडा धनबाद, जिला समाज कल्याण कार्यालय, जिला शिक्षा कार्यालय, जुडको धनबाद, भवन निर्माण निगम लिमिटेड धनबाद, पथ प्रमंडल धनबाद, नगर परिषद चिरकुंडा, एवं विद्युत कार्य प्रमंडल धनबाद द्वारा एजेन्सी वार डीएमएफटी मद से सभी कार्यान्वित योजनाओं (पूर्ण/अपूर्ण एवं अन्य) का अद्यतन प्रतिवेदन एवं जिओ टैग फोटोग्राफ के साथ की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जितने भी बिल्डिंग बन कर तैयार है उसे जल्द से जल्द हैंड ओवर कर संबंधित विभाग के साथ शिफ्ट करने की कार्य में प्रगति लाएं। इसके अलावा जितने भी निर्माण कार्य जमीन विवाद के कारण रुकी हुई है उसकी अलग रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें, ताकि अंचलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द जमीन मुहैया कराकर निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। साथ हीं जिन जिन विभागों में एनओसी पेंडिंग है वैसे मामलों को भी जल्द से जल्द निपटाएं। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला में जितने भी हॉस्टल है उन सभी का सर्वे करा कर रिपोर्ट दें कि कितने बच्चे हॉस्टल में रहते हैं, हॉस्टल की क्या स्थिति है और क्या-क्या आवश्यकता है हॉस्टल में जिसे पूरा करना है। ग्रामीण कार्य विभाग(कार्य प्रमंडल) एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की समीक्षा के दौरान उपायुक्त में संबंधित एजेंसी के कार्यपालक अभियंता को गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी सड़कों के गुणवत्ता जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही सभी रोड की यूटिलिटी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें तभी बाकी के सड़क सैंक्शन किए जाएंगे। इसके अलावा योजनाओं का दोहरीकरण ना हो यह भी सभी एजेंसी आपसी समन्वय से सुनिश्चित करें। विशेष प्रमंडल द्वारा कई कार्य समय सीमा से अधिक होने पर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित पदाधिकारी को तय समय सीमा पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही जो भी बिल्डर कार्य में देरी करते हैं उनके भुगतान में नियमानुसार कटौती भी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1 एवं 2, झमाडा एवं जुडको के द्वारा डीएमएफटी मद के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पेयजल जलापूर्ति योजना का कार्य प्राथमिकता पर करने हेतु निर्देशित किया। साथ हीं पथ प्रमंडल धनबाद द्वारा डीएमएफटी मद के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक कार्य सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अलावा नगर परिषद चिरकुंडा द्वारा डीएमएफटी मद से निर्मित विद्युत शवदाह गृह को जल्द से जल्द चालू कराने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अलावा बैठक में जिले के विभिन्न विभाग के अंतर्गत डीएमएफटी मद के माध्यम से संचालित योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिये गये।

## संक्षिप्त समाचार

### पीड़िता गीता और मालती देवी को मिला न्याय



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला अंतर्गत जमुआ में गिरिडीह कोर्ट अमला, अंचलाधिकारी संजय पाण्डेय, थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, नाजीर अमित कुमार एवं भारी पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में, क्योंकि लंबे समय से मकान से संबंधित मामला कोर्ट में पेंडिंग था प्रशासन की मौजूदगी में पीड़िता पीड़िता गीता देवी और मालती देवी को दखल दियानी करवाया गया ! दखल दीवानी करते वक्त प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रही। आपको बताते चले मामला एक मकान से संबंधित था जिसमें पीड़िता गीता देवी मालती देवी ने बनाम राजू साव के साथ बताया जा रहा है कि लंबे वक्त से मकान को लेकर के विवाद चल रहा था। गीता देवी ने बताया कि राजू साहू अवैध तरीके से मकान में रह रहा था कई बार हम लोगों ने उन्हें खाली करने का प्रयास किया परंतु नहीं किया जिसके कारण हमें कानून का सहारा लेना पड़ा बताया गया की 12 वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई चली। अंत में गिरिडीह जिला कोर्ट से सिविल जज के द्वारा 72/23 में आदेश पारित की गई जिसमें फैसला मालती देवी और गीता देवी के पक्ष में आया इसी के आलोक में दूसरे पक्ष राजू साहू के पहले से रखे सामान को खाली करवाया गया और पूरी कानूनी प्रक्रिया के तहत मालती देवी और गीता देवी को मकान खाली करवा कर सौंप दिया गया।

### खरगडीहा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को किया टीकाकरण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुआ प्रखंड अंतर्गत खरगडीहा उतरी भाग आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन टीकाकरण योजना अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीका लगाया गया इस दौरान एनएम शीला मरांडी, आंगनबाड़ी सेविका रीता सिन्हा, पोषण सखी सविता कुमारी, सहायिका सोनी देवी की उपस्थिति में टीकाकरण किया गया जिसमें कई गर्भवती महिलाएं एवं बच्चों को उनके समय अनुसार टीकाकरण किया गया जो की बिल्कुल फ्री होता है आंगनबाड़ी सेविका रीता सिन्हा के द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम प्रत्येक महीना चलता है और आगे भी चलता रहेगा क्योंकि स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ टीकाकरण होता है जो की जरूरी भी है और तमाम अभिभावकों से मेरा निवेदन होगा कि समय अनुसार टीकाकरण जरूर लगवावे ताकि स्वास्थ्य लाभ मिलता रहे।

### भाजपा नेता शिवपूजन राम बने सांसद प्रतिनिधि, कैबिनेट मंत्री ने जारी किया पत्र



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेंगाबाद प्रखंडवासियों के लिए बड़ी खबर है। कैबिनेट मंत्री सह कोडरमा सांसद श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने बेंगाबाद प्रखंड के भाजपा नेता शिवपूजन राम को सांसद प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत भी किया है। इस संबंध में मंत्री ने लों पत्रांक संख्या 315/को0/2025, दिनांक 09 जुलाई 2025 के आलोक में उपायुक्त गिरिडीह के नाम पत्र प्रेषित किया है। भाजपा नेता शिवपूजन राम को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर प्रखंड समेत पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कई भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ अन्य राजनीतिक संगठनों के नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में पूर्व प्रमुख रामप्रसाद यादव, पूर्व उप प्रमुख उपेंद्र कुमार, राजेश पोद्दार, महेश राम, सौरभ सागर मिश्रा, महेंद्र प्रसाद वर्मा, रामरतन राम, रंजीत मरांडी, हेमराज साह, नितेश यादव, मुखिया सद्दीक अंसारी, देवेंद्र यादव, बिपिन सिंह, आशुतोष गुप्ता, दशरथ प्रसाद सिंह और नेता दशरथ सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हैं।

### सीसीआई के कांवरिया सेवा शिविर में फर्स्ट एड की व्यवस्था

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीसीआई के कांवरिया सेवा शिविर के दूसरे दिन आज चाय, बिस्किट -पानी के साथ फर्स्ट एड की सुविधा भी शुरू की गई। इस दौरान कई घायल कांवरियों की सेवा की गई व आवश्यक दवाइयां भी दी गयी। इस सेवा शिविर की कांवरियों ने जमकर सराहना की है।बताया जाता है की सीसीआई के सदस्य इसबार कावरियों को अपने संस्था के तरफ से गिरिडीह के रास्ते देवघर जाने वाले कावरियों को कोई तकलीफ ना हो इसके लिए सिविर लगा कर आने जाने वाले कावरियों की से मे लगे है

# सीसीएल डीएवी में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन



गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के भव्य प्रांगण के एटीएल सभागार में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम जो 12 और 13 जुलाई2025 तक चलेगा का आरंभ हुआ। इस क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का मुख्य विषय ' किशोरावस्था शिक्षा' था। यह कार्यक्रम सी बी एस ई, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, पटना के तत्वाधान में आयोजित किया गया। सी बीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पटना ने संसाधन व्यक्तियों के रूप में श्रीमती नीता दास और श्री प्रदीप कुमार सिन्हा थे।सेंटर निर्देशक विद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल थे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल ने दोनों संसाधन व्यक्तियों का स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान करके किया। मंत्रोच्चार के साथ संसाधन व्यक्तियों को रोली टिका लगाकर एटीएल सभागार में मंचासीन किया। दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का सेंटर निर्देशक सह प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल, संसाधन व्यक्ति श्रीमती नीता दास एवं श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड शबाना रब्बानी एवं श्री विश्वनाथ घोषाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के शुरूआत सेंटर निर्देशक सह प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल ने अपने संबोधन में 'किशोरावस्था शिक्षा' का अर्थ है किशोरों को उनके शारीरिक, मानसिक,सामाजिक और भावनात्मक विकास के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना। किशोरावस्था शिक्षा किशोरों के स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मकता के लिए आवश्यक है।हम शिक्षकों का भी दायित्व है उनमें होने वाले बदलावों को सकारात्मक रूप से लें ताकि किशोर आपसे दूर न होकर आपसे जुड़ने का काम करें। प्राचार्य ने सभी शिक्षकों से कहा कि किशोरों को स्वस्थ और जिम्मेदार जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना।उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना। सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाना भी है।इस अवसर पर दोनों संसाधन व्यक्तियों ने अपने संबोधन में किशोरावस्था शिक्षा पर बल देते हुए कहा इस परिस्थितियों में कैसे किशोरों को वास्तविकता से रूबरू कराते हुए उनमें होने वाले बदलावों को समझे और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करने का कार्य करें। मंच का संचालन सुपरवाइजरी हेड शबाना रब्बानी ने किया।

# लाइव डिमांट्रेशन के माध्यम से बीएलओ को एसआईआर -2026 का प्रशिक्षण



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध चतुर्थ दिवस के प्रशिक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह के द्वारा प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनरों के द्वारा 32 गिरिडीह विधानसभा एवं एवं 31 गांडेय विधानसभा के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति बूथ लेवल पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रदत्त दिशा-निदेर्शों के आलोक में पीपीटी के माध्यम से एवं डमी प्रपत्रों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी बूथ लेवल पदाधिकारियो को को गणन प्रपत्र, भवनों का मानकीकरण, नजरी नक्शा का टैगिंग, प्रपत्र 6 ,7 8,घोषणा प्रपत्र एवं पुनरीक्षण के हेतु मानक वर्ष 2003 के वोटर लिस्ट के बारे में बताया गया। सभी ट्रेनी बूथ लेवल पदाधिकारियों को ट्रेनिंग के उपरांत लाइव रॉल डिमॉन्स्ट्रेशन के माध्यम से उनके कार्यो एवं दायित्वों के बारे में बताया गया। एसआईआर 2003 में कार्यरत रहे वरिष्ठ बीएलओ संत कुमार लाल के द्वारा अपने अनुभवों को भी सभी वर्तमान बीएलओ से शेयर किया गया। सभी बूथ लेवल पदाधिकारी को डमी प्रपत्रों में निर्धारित कॉलम एवं शर्तो के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑनलाइन मतदाता सूची देखने और मोबाइल एप के बारे में विशद प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अरविंद कुमार, बद्रीनारायण एवं विजेंद्र सेठ उपस्थित रहे। कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में रंजीत कुमार वर्मा अशोक कुमार भी अपना योगदान दिए।

# धनबाद रेल मंडल द्वारा आयोजित रोजगार मेला में 143 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के 47 स्थानों पर 51 हजार से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित भी किया। यह रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। आशा है कि यह रोजगार मेला आगे चलकर रोजगार सृजन में उत्प्रेरक का काम करेगा और युवाओं को सशक्त बनाने तथा राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी के सार्थक अवसर प्रदान करेगा। इसी कड़ी में धनबाद मंडल के रेलवे ऑडिटोरियम, धनबाद में रोजगार मेला समारोह का आयोजन किया गया जहां रेलवे के साथ-साथ अन्य मंत्रालयों के लिए कुल 143 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। रेलवे ऑडिटोरियम में केंद्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार सह सांसद (लोकसभा) डॉ. राज भूषण चौधरी मुख्या अथिति के रूप में तथा सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा एवं माननीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे` इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्या अथिति एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पहल के लिए कोटि-कोटि आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया । उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामानाएं दीं।





# खाद्य आपूर्ति जमुआ में अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेता परमेश्वर यादव ने उपायुक्त को दिया आवेदन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला अंतर्गत जमुआ में खाद्य आपूर्ति विभाग के तरफ से घोर अनियमितता और बढ़ते भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेता समाजसेवी परमेश्वर यादव ने उपयुक्त रामनिवास यादव से मिलकर अपने बातों को रखा साथ में उन्होंने आवेदन के माध्यम से दोषियों पर कार्रवाई करने का भी निवेदन किया यादव ने कहा हमने कल दो पत्र उपायुक्त महोदय को दिया हूं प्रथम पत्र में 6 बिंदुओं के माध्यम से उपायुक्त महोदय को पत्र दिया गया जिसमें गोदाम से संबंधित मामला उनके तरफ से कहा गया की गोदाम मे भंडारण ना करते हुए डीलरों के पास सीधा अनाज भेज दिया जाता है वही गोदाम प्रबंधन में अनियमितता की भी शिकायत उपायुक्त महोदय से की गई है वजन गड़बड़ी और छेड़छाड़ की भी बात कही गई है जिसके कारण डीलरों के पास अनाज कम पहुंचता है, वहीं वर्तमान में प्रखंड में जनसेवक को आपूर्ति पदाधिकारी और गोदाम प्रबंधक का जिम्मा देने पर सरकार के नियमों का उल्लंघन भी बताया झारखंड सरकार के कृषि विभाग के विभागीय पत्र का भी जिक्र किया गया है जन सेवक को कृषि कार्यों के अलावा अन्य कार्यों लगाना अनुचित है जिसमें बिना राशन भेजे ही अंगूठा लिए जाने का भी मामला पत्र के माध्यम से दिया गया है धरने में झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सुंदिव्य कुमार सोनू के अध्यक्षता में धरने के खत्म करने के उपरांत आपूर्ति से संबंधित 8 बिंदुओं पर सहमति बनी थी जिसके ऊपर धरना खत्म हुए करीब 3 महीना हो जाने के बाद भी आज तक किसी भी कार्रवाई की बात सामने निकलकर नहीं आई है ।

# उपायुक्त ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन की





**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उपायुक्त ने योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में जिला उपायुक्त ने योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस योजना का उद्देश्य घरों के छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करके मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। योजना के तहत, घरों को सब्सिडी मिलती है ताकि वे सौर पैनल स्थापित कर सकें, जिससे उन्हें बिजली बिलों पर बचत होती है और उन्हें अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। इसके अलावा उपायुक्त ने जरेडा द्वारा लगाए गए सोलर सिस्टम की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला सांख्यिकी पदाधिकारी से 5000 से अधिक आबादी वाले ग्राम/पंचायतों सूची प्राप्त करें तथा जरेडा से समन्वय स्थापित करते हुए सोलर लाइट का क्रियान्वयन सुचारू रूप से कराएं। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण का कार्य नहीं हो पाया है, वहां जल्द से जल्द विद्युतीकरण का कार्य संपन्न कराए। साथ ही विद्युत विभाग को बिजली आपूर्ति में सुधार करने तथा आमजनों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभाग को नियमित रूप से निगरानी रखने और बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत रहने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, कार्यपालक अभियंता, जेबीविएनएल, कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## दुनिया में बज रहा है चीन के बैंकों का डंका, टॉप 10 में भारत का एक भी नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन दुनिया की दूसरी बड़ी इकॉनमी है। लेकिन एसेट्स के हिसाब से दुनिया के 10 सबसे बड़े बैंकों की लिस्ट देखें तो इसमें चीन का दबदबा है। इस लिस्ट में टॉप पर चीन के चार बैंक हैं। इन चार बैकों की कुल एसेट्स करीब 23 ट्रिलियन डॉलर है। दूर-दूर तक दुनिया का कोई बैंक इनके मुकाबले में नहीं है। टॉप 10 की लिस्ट में अमेरिका और फ्रांस को 2-2 बैंक शामिल हैं जबकि जापान और ब्रिटेन के एक-एक बैंक को इसमें जगह मिली है। इस




लिस्ट में भारत के बैंक एसबीआई और एचडीएफसी बैंक काफी पीछे शामिल हैं।

ब्लूमबर्ग के मुताबिक चीन का इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना इस लिस्ट में टॉप पर है। इस बैंक की एसेट 6.7 ट्रिलियन डॉलर है। यानी एसेट्स के हिसाब से यह दुनिया का सबसे बड़ा बैंक है। एग्रीकल्चर बैंक ऑफ चाइना दूसरे नंबर पर है जिसकी कुल एसेट 5.9 ट्रिलियन डॉलर है। चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक कॉरपोरेशन 5.6 ट्रिलियन डॉलर की एसेट के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। बैंक ऑफ चाइना इस लिस्ट में चौथे नंबर पर है। इस बैंक की कुल एसेट 4.8 ट्रिलियन डॉलर है। इस तरह दुनिया के बैंकों की लिस्ट में चीन के चार बैंक हैं जिनकी कुल एसेट्स करीब 23 ट्रिलियन डॉलर है जो चीन की जीडीपी (19.23 ट्रिलियन डॉलर) से अधिक है।

**भारत का हाल-** इस लिस्ट में अमेरिका का दिग्गज जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी बैंक 4 ट्रिलियन डॉलर की एसेट्स के साथ पांचवें नंबर पर है। बैंक ऑफ अमेरिका 3.3 ट्रिलियन डॉलर की एसेट्स के साथ इस लिस्ट में छठे नंबर पर है।

## मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज 18 जुलाई को जारी करेगी नतीजे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजों का ऐलान इसी महीने होगा। शुक्रवार, 11 जुलाई को कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों का ऐलान 18 जुलाई को हो सकता है।

एक्सचेंज को दी जानकारी में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बताया है, कंपनी की बोर्ड मीटिंग 18 जुलाई 2025 को प्रस्तावित है। इसी दिन बोर्ड की तरफ से तिमाही नतीजों का ऐलान किया जा सकता है।

**क्या उम्मीद कर रहे हैं एक्सपर्ट-** कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटी की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) 19517 करोड़ रुपये रह सकता है। इसमें बड़ा योगदान एशियन पेंट्स में हिस्सेदारी बेचने की वजह से देखने को मिल सकता है। हालांकि, ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के सेल्स में सालाना आधार पर 1 प्रतिशत की गिरावट की देखने को मिल सकती है। नेट सेल्स जून क्वार्टर में 2,29,475.70 करोड़ रुपये रह सकता है। एक साल पहले इसी तिमाही में इसी तिमाही में सेल्स 2,31,784 करोड़ रुपये रह सकता है।

घरेलू ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज का मानना है कि पीएटी में 32 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। इस बार प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) 20,0000 करोड़ रुपये के करीब रह सकता है। ब्रोकरेज हाउस कंपनी के रेवन्यू ग्रोथ में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान जता रहे हैं।

# एफपीआई का भरोसा बरकरार, इस हफ्ते भारतीय बाजार में डाले गए 5260 करोड़ रुपये

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस सप्ताह भारतीय बाजारों में शुद्ध खरीदार बने रहे। उन्होंने 7 जुलाई से 11 जुलाई के दौरान कुल 5,260 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने यह जानकारी दी।

आंकड़ों से पता चला है कि एफपीआई सप्ताह के सभी कारोबारी दिनों में शुद्ध खरीदार रहे। यह भारतीय बाजारों के प्रति सकारात्मक निवेशक रुझान का संकेत है। सबसे ज्यादा शुद्ध निवेश मंगलवार को दर्ज किया गया। एफपीआई ने मंगलावर को भारतीय बाजारों में 2,771 करोड़ रुपये डाले।




**जुलाई का शुद्ध निवेश 3,839 करोड़ रुपये पहुंचा-** इस हफ्ते के निवेश के साथ, जुलाई महीने में इक्विटी सेगमेंट में विदेशी निवेशकों का कुल शुद्ध निवेश 3,839 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह पिछले हफ्ते की तुलना में सुधार दर्शाता है।

**इन कारणों से पड़ेगा नकारात्मक असर -** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि आगामी सप्ताह में विदेशी संस्थागत निवेशक गतिविधियां धीमी रहने की उम्मीद है। अमेरिकी व्यापार वार्ता को लेकर जारी अनिश्चितता के कारण बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अधिकांश व्यापार साझेदारों पर 15 प्रतिशत या 20 प्रतिशत का व्यापक टैरिफ लगाने की योजना से सतर्कता बढ़ गई है।

### निवेशकों की है इन पर नजर

खेमका ने कहा कि निवेशक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों सहित प्रमुख घरेलू वृहद आर्थिक संकेतकों पर बारीकी से नजर रखेंगे। इसके अलावा, बाजार सहभागी पहली तिमाही की आय और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से संबंधित किसी भी अपडेट पर नजर रखेंगे।

### मई रहा अब तक का सबसे बेहतरीन महीना

पिछले महीने जून में, एफपीआई ने भारतीय इक्विटी सेगमेंट में 14,590 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। मई में, विदेशी निवेशकों ने 19,860 करोड़ रुपये का निवेश किया, जिससे यह एफपीआई प्रवाह के मामले में साल का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला महीना बन गया। हालांकि, इस साल की शुरुआत में, एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों से बड़ी मात्रा में निकासी की थी। उन्होंने मार्च में 3,973 करोड़ रुपये, जबकि जनवरी और फरवरी में क्रमशः 78,027 करोड़ रुपये और 34,574 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

## सरकार ई-ट्रक के लिए दे रही 9 लाख रुपये से अधिक की सब्सिडी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को ई-ट्रक इंसेंटिव स्कीम की शुरुआत की। पीएम ई-ड्राइव स्कीम के तहत शुरू की गई इस योजना में दी जाने वाली सब्सिडी से इलेक्ट्रिक ट्रकों का दाम 9 लाख 60 हजार रुपये तक कम हो जाएगा। ई-ट्रकों के लिए पहली बार शुरू की गई स्कीम से फिलहाल देशभर में 5600 ई-ट्रक सड़कों पर उतारने में मदद मिलने की उम्मीद है। वायु प्रदूषण की बड़ी समस्या को देखते हुए इसमें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 1100 ई-ट्रकों के लिए खासतौर पर प्रावधान किया गया है और अनुमानित लागत के रूप में 100 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं। कुमारस्वामी ने कहा, कुल गाड़ियों में डीजल ट्रकों का



हिस्सा केवल 3 प्रतिशत है, लेकिन परिवहन से जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में इनका हिस्सा 42 प्रतिशत है। यह स्कीम इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए भारत की पहली स्कीम है। इससे 2047 तक विकसित भारत बनाने और 2070 तक नेट-जीरो एमिशन का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

**कितनी मिलेगी सब्सिडी-** इसमें ई-ट्रकों के ग्रॉस व्हीकल बेट के आधार पर सब्सिडी दी जाएगी। वह प्रति ई-ट्रक अधिकतम 9.6 लाख रुपये होगी। इसके चलते परचेज प्राइस घट जाएगी और सब्सिडी पीएम बी-डीआरवीइ पोर्टल के जरिए मैन्युफैक्चरर के पास चली जाएगी। इंसेंटिव पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। इंसेंटिव के लिए पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले ट्रकों की स्क्रैपिंग अनिवार्य की गई है।

स्कीम के तहत मैन्युफैक्चरर बैकड वॉरंटीज की बात भी की गई है। इसमें कहा गया है कि बैटरी की 5 साल की या 5 लाख किलोमीटर तक में जो भी कम हो, वॉरंटी होनी चाहिए व्हीकल और मोटर की वॉरंटी भी 5 साल या ढाई लाख किलोमीटर में से भी जो कम हो, होनी चाहिए।

## दिलीप जाजोदिया... ड्यूक्स बॉल बनाने वाले कंपनी के मालिक, कभी जेब में 500 रुपये लेकर आए थे लंदन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज चल रही है। दोनों टीमें 1-1 से अभी बराबर हैं और तीसरा टेस्ट मैच चल रहा है। लेकिन इस सीरीज में शुभमान गिल की सेंचुरी और बुमराह, सिराज और आकाशदीप की बॉलिंग से ज्यादा एक चीज की चर्चा और है। वह है ड्यूक्स बॉल। वही लाल गेंद जो इन टेस्ट सीरीज में इस्तेमाल हो रही है। इस बॉल को बनाने वाली कंपनी का मालिक कोई और नहीं, बल्कि एक भारतीय है जिसका नाम दिलीप जाजोदिया है।

दिलीप जाजोदिया ऐसे बिजनेसमैन हैं जिन्होंने ब्रिटेन के व्यापार और उद्योग में अपना नाम बनाया है। करीब 80 साल के जाजोदिया ने क्रिकेट के



प्रति अपने प्यार को अपने बिजनस के साथ मिला दिया है। जाजोदिया की कंपनी ड्यूक्स क्रिकेट बॉल बनाती है। यह गेंद एशेज मैचों और दूसरे इंटरनेशनल मैचों में इस्तेमाल होती है। यह कंपनी कई सालों से क्रिकेट के सामान बना रही है। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और एमएस धोनी जैसे बड़े खिलाड़ी भी इनके सामान का इस्तेमाल कर चुके हैं।

**क्यों हैं चर्चा में?-** अब जानते हैं कि दिलीप जाजोदिया चर्चा में क्यों हैं। दरअसल, भारत और इंग्लैंड की सीरीज में ड्यूक्स बॉल की क्वालिटी पर उंगली उठने लगी है। दोनों ही टीमों की ओर से कहा गया कि यह गेंद पहले की तुलना में जल्दी नरम हो जाती है। इससे गेंदबाजों को समस्या होती है। हालांकि इस बारे में दिलीप जाजोदिया ने भी जवाब दिया है। उनका कहना है कि अब बल्ले भी पहले की तुलना में बदल गए हैं। इससे भी गेंद का आकार बदल जाता है। जाजोदिया ने कहा कि अगर वह बहुत ज्यादा हार्ड गेंद बनाएंगे तो बल्ले टूट जाएंगे।

### राजस्थान के परिवार से कनेक्शन

दिलीप जाजोदिया राजस्थान के मारवाड़ इलाके के एक बिजनस परिवार से हैं। उनकी परवरिश शानदार हुई। वह पढ़ने के लिए इंग्लैंड गए। उनके पिता का वहां पहले से बिजनस था। उनके पिता ब्रिटिश इंडियन आर्मी को यूनिफार्म सप्लाई करते थे। जाजोदिया जब लंदन पहुंचे, तो उनके पास सिर्फ 5 पाउंड यानी करीब 500 रुपये थे। वहां उनके परिवार और दोस्त उनका इंतजार कर रहे थे। लेकिन उन्होंने अपनी पहचान खुद बनाने की ठानी। शुरुआत में उन्होंने इंश्योरेंस कंपनी में काम किया। फिर 1973 में उन्होंने मोरंट नाम की एक कंपनी खरीद ली। आज मोरंट क्रिकेट के सामान बनाने वाली बड़ी कंपनी है। यह कंपनी अल्ट्रा-लाइट पैड भी बनाती है, जिसे कई बड़े क्रिकेटर इस्तेमाल करते हैं।

### दो कंपनियों के मालिक

जाजोदिया दो मुख्य कंपनियों मोरंट और ड्यूक्स के मालिक हैं। इन कंपनियों का क्रिकेट के सामान के बाजार में बड़ा नाम है। इसके अलावा ये कंपनियां हॉकी और रग्बी के सामान भी सप्लाई करती हैं। जाजोदिया का पूरा ध्यान ड्यूक्स क्रिकेट बॉल पर रहता है। वह खुद बॉल को पॉलिश करते हैं और सबसे अच्छी क्वालिटी के सामान का इस्तेमाल करते हैं।

### कितनी है नेटवर्थ?

विकिपीडिया के मुताबिक ड्यूक्स कंपनी का टर्नओवर सालाना एक अरब पाउंड (11.60 हजार करोड़ रुपये) से कम है। वहीं जाजोदिया की नेटवर्थ कितनी है, इसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी मौजूद नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जाजोदिया की नेटवर्थ 150 करोड़ रुपये है।

# फास्टैग पास से एक्सप्रेसवे पर महज 15 रुपये टोल टैक्स लगेगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार की वार्षिक फास्टैग पास योजना से देश के किसी भी एक्सप्रेस-वे अथवा एक्सेस कंट्रोल नेशनल हाइवे को महज 15 रुपये टोल टैक्स देकर पार किया जा सकेगा। क्योंकि, वार्षिक फास्टैग पास में सड़क यात्री से टोल टैक्स दूरी के अनुपात के बजाए एक टोल प्लाजा पार करने के हिसाब से लेने का प्रावधान है। यह योजना आगामी 15 अगस्त से शुरू होने वाली है। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के 17 जून को वार्षिक फास्टैग पास योजना के नोटिफिकेशन में भी इस बात का उल्लेख है कि एक्सप्रेस-वे तथा एक्सेस कंट्रोल नेशनल हाईवे में प्रवेश-निकास टोल प्लाजा को एक की टोल गेट माना जाएगा।

**200 टोल प्लाजा पार कर सकता है वाहन चालक-** मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक्सप्रेस-वे में शुरू के टोल प्लाजा पर कार चालक को एक पर्ची दी जाती है और निकास टोल गेट पर दूसरी के हिसाब से टोल




टैक्स फास्टैग से काट लिया जाता है, लेकिन सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की 3000 रुपये की वार्षिक फास्टैग योजना में वाहन चालक 200 टोल प्लाजा को पार कर सकता है। इस प्रकार से उसे प्रत्येक टोल प्लाजा को पार करने के लिए महज 15 रुपये टोल देना होगा। प्रत्येक 60 किलोमीटर पर टोल टैक्स का प्रावधान होता है।

**देश में निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे जहां मिलेगा लाभ-** एनएचएआई के प्रवक्ता ने माना कि 3000 रुपये के वार्षिक फास्टैग पास संबंधी अधिसूचना के मुताबिक एक्सेस कंट्रोल व एक्सप्रेस-वे पर सड़क यात्री को सिर्फ 15 रुपये ही टोल टैक्स देना होगा। लेकिन तकनीकी रूप से यह व्यवहारिक नहीं लगता है। उदाहरण के लिए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की दूरी 1386 किलोमीटर है। इतनी दूरी का कम से कम 500-600 रुपये टोल लगता है। विभाग इसमें संशोधन पर विचार कर रहा है।

## एवन्यू सुपरमार्ट्स की सुस्त शुरुआत, नेट प्रॉफिट में महज 2 प्रतिशत का इजाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डी-मार्ट का संचालन करने वाली कंपनी एवन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड ने शुक्रवार को तिमाही नतीजों का ऐलान किया है। कंपनी की तरफ से जारी किए गए रिजल्ट बहुत उत्साहजनक नहीं रहे हैं। कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 829.73 करोड़ रुपये रहा है। एक्सपर्ट्स का अनुमान था कि कंपनी को इस साल जून तिमाही में 856.20 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट होगा।

**कंपनी के रेवन्यू में हुआ इजाफा-** अप्रैल से जून 2025 के दौरान एवन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड का रेवन्यू 15932 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 16.19 प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि, यह भी एक्सपर्ट्स के अनुमान से कम है। ब्लूमबर्ग के पोल में 4 एनालिस्ट ने 16579 करोड़ रुपये के रेवन्यू का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का खर्च भी बढ़ चुका है।



पहली तिमाही में कुल खर्च 15,321.66 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 13,056.61 करोड़ रुपये था।

**कंपनी ने खोले नए स्टोर्स-** मुंबई की रिटेल कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान 9 नए स्टोर्स खोले हैं। जिसके बाद अब उनके कुल स्टोर्स की संख्या 424 हो गई है। मर्चेंडाइज और अपैरल जोकि ज्यादा मार्जिन देते हैं उनका रेवन्यू में 24.70 प्रतिशत का योगदान है। वहीं, लो मार्जिन वाले प्रोडक्ट जैसे फूड और ग्रॉसरी का सेल्स में 55.60 प्रतिशत का योगदान है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि नए स्टोर्स के खोलने और कर्मचारियों का खर्च बढ़ने का असर कंपनी पर दिख रहा है। जिसकी वजह से नतीजे सुस्त नजर आ रहे हैं। हालांकि, भविष्य में इसमें सुधार की उम्मीद है।

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 4063.90 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। 2025 में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 14 प्रतिशत की तेजी आई है। हालांकि, एक साल से कंपनी के शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 17 प्रतिशत का नुकसान हुआ है।

# 13 साल में सिर से उठ गया था पिता का साया, काम करते हुए पढ़ाई पूरी की, आज होटलों की चेन के मालिक हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** संघर्ष की भट्ठी से तप कर निकले व्यक्ति का रंग तो मलीन हो जाता है, लेकिन उनकी आभा में सोने की चमक होती है। गोवा के मूल निवासी परकिन रोचा की कहानी कुछ ऐसी ही है। उन्होंने महज 13 साल की उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। सिर से पिता का साया भले ही उठ गया था लेकिन उनके हौंसले पर फर्क नहीं पड़ा। आज वह होटलों की चेन चला रहे हैं।

कहते हैं उद्यमिता सिखायी नहीं जाती है बल्कि यह व्यक्ति के अंतर्मन में स्वमेव होता है। ऐसी ही उद्यमिता परकिन रोचा में भी पहले से विद्यमान थी। वह रॉयल आर्किड होटल्स जैसी बड़ी कंपनी में ईवीपी थे। कंपनी के बोर्ड में मेम्बर थे। लेकिन उनके अंदर चल रहा था कि उनका भी अपना होटल चेन हो। आखिर में उनकी यह साध पूरी हुई। आज की तारीख में उनका खुद का होटल का चेन खुल गया है। सक्सेस स्टोरी की आज की श्रृंखला में आज हम आपको बता रहे हैं इको होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के फाउंडर एंड सीईओ परकिन रोचा के बारे में।

**13 साल में सिर से उठ गया पिता का साया-** परकिन रोचा के परिवार वाले मूल रूप से पुर्तगीज थे और गोवा में रहते थे। उनके पिता



माइकल रोचा गोडफ्रे फिलिप्स इंडिया में नौकरी करते थे और दिल्ली में पोस्टेड थे। उनकी माताजी डोर्सी रोचा भी यहींकाम करती थीं। लेकिन 22 सितंबर 1989 को उनके पिताजी अचानक इस जहां से कूच कर गए। उस समय परकिन महज 13 साल के थे। पतिकेअसमयनिधनसे डोर्सी रोचा परेशान तो हुईं लेकिन हौंसला नहीं टूटा। बेटे को दिल्ली के अति प्रतिष्ठित सेंट कोलम्बाज स्कूल में पढ़ाया। फिर दार्जीलिंग के एक प्रतिष्ठित इंस्टीच्यूट से होटल मैनेजमेंट करवाया।

**सेना में जाने का था मन-** जब परकिन ने स्कूली शिक्षा खत्म की तो सेना ज्वॉइन कर देश सेवा का मन बनाया। इसके लिए उन्होंने अति प्रतिष्ठित एनडीए की परीक्षा पास भी की। लेकिन कम उम्र में ही पति को खो चुकी डोर्सी ने इसके लिए अनुमतिनहीं दी। उन्हें लगता था कि सेना में जाने के बाद जिस तरह उनका पति कम उम्र में ही उन्हें छोड़ गए, बेटा भी ऐसा कर सकता है। फिर वह होटल मैनेजमेंट की तरफ मुड़े।

**कॉलेज खत्म करते ही नौकरी करने लगे-** परकिन रोचा ने होटल मैनेजमेंट पूरा करते ही इंटर कांटिनेंटल होटल में नौकरी करने लगे। वहां नौकरी करते हुए भी पढ़ाई करते रहे ताकि ग्रोथ में कोई कमी नहीं रहे। इसके बाद वह कुछ अन्य होटलों में नौकरी की।फिर वह दिल्ली के बसंतकुंज स्थित जेपी बसंत कांटिनेंटल ज्वॉइन कर लिया। साल 2003 में होटल लेमन ट्री शुरू हो रहा था। वह उसके शुरुआती टीम का हिस्सा बने। वहां वह पटु केसवानी और रतन केसवानी के साथ मिल कर लेमन ट्री की सफलता की कहानी लिखी। वहां वह जीएम थे। उनकी अगुवाई में लेमन ट्री के कई होटल लॉन्च हुए। दरसअल लेमन ट्री के संस्थापक पीजी केसवानी भी दिल्ली के सेंट कोलम्बाज स्कूल से ही पढ़े हैं। इसलिए उनसे उनकी खूब छनती थी।

**रॉयल आर्किड होटल्स के बोर्ड मेम्बर लेकिन...-** कई संस्थानों में नौकरी करते हुए वह बेंगलुरु के रॉयल आर्किड होटल्स में एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट बन गए थे। वह कंपनी के बोर्ड में शामिल हो गए थे। लेकिन वह चाहते थे कि उनका भी अपना होटल हो। होटल के सहकर्मी और प्रोमोटर इसके लिए प्रोत्साहित भी करते थे। इस बीच उनके साथ ऐसी घटना हुई कि उनकी दिशा ही बदल गई और महानगर से निकल कर धार्मिक स्थान पर होटल और रिसॉर्ट खोलने लगे।

### लैला के निधन ने बदल दी जिंदगी

आजकल बहुत से लोग घर में पालतू पशुओं को पालते हैं। परकिन के पास भी एक घरेलू पेट थी जिनका नाम था लैला। उससे पूरा परिवार घुला-मिला था। बीते साल लैला का निधन हो गया। इससे वह काफी व्यथित हुए। उन्होंने उसका अंतिम संस्कार किया और उसकी आत्मा की शांति के लिए अवशेष लेकर हरिद्वार गए थे। वहीं गंगा के किनारे वह बैठे थे, तभी मन में विचार आया कि यहां गंगा तट पर उनका होटल खुलना चाहिए। बस उन्होंने बड़ी कंपनी की नौकरी छोड़ने का मन बना लिया। इसके बाद ही इको होटल्स एंड रिसॉर्ट्स की नींव पड़ी।

### हरिद्वार में खुला पहला होटल

उन्होंने पहला होटल हरिद्वार मेंगंगाकेकिनारे खोला। इसके लिए चुकम्बर होटल्स प्राइवेट लिमिटेड सेताजग्रुप ऑफहोटल्सकेपीलीभीतहाउसकेपास 35 कमरोंयाकीज वाला होटल 15 साल के लॉन्ग टर्म लीज पर लिया। यह होटल गंगा के किराने अवस्थित है। पहले उस होटल का पूरी तरह से कायाकल्प किया। उसके बाद उसे गेस्ट के लिए खोल दिया। इसके बाद ऋषिकेश में चन्द्रभागा नदी के तट पर 32 कीज का होटल लॉन्ग टर्म लीज पर लिया। इसका भी कायाकल्प करके खोला गया। इसके बाद ऋषिकेष में ही एक और होटल खोला गया।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 12-07-2025 21:19 Page 1



# ऑक्सीजन पाइप व पंखे ले गये चोर

**▶ सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल ▶ प्राथमिकी दर्ज, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा सदर अस्पताल परिसर स्थित प्री फेब्रिकेटेड वार्ड में चोरों ने एक बार फिर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस बार लाखों रुपये के सामानों की चोरी कर ली गई है।

इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना से अस्पताल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं।

सदर अस्पताल परिसर में संक्रमित मरीजों को आइसोलेट रखने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से 50 बेड वाला प्री फेब्रिकेटेड अस्पताल भवन का निर्माण कराया गया है।

हालांकि भवन बनकर तैयार होने के बावजूद उसमें इलाज शुरू नहीं हो सका है। इसी बीच, चोरों ने सुनसान पड़े इस अस्पताल भवन को निशाना बनाते हुए आक्सीजन पाइप, कांसंन्ट्रेटर, तार एवं पंखे सहित कई अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों की चोरी कर ली।

अस्पताल के कर्मचारियों को तब इसकी जानकारी हुई, जब वे हाल ही में उक्त भवन की सफाई एवं निरीक्षण के लिए पहुंचे।

वहां जरूरी उपकरण गायब थे। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह चोरी एक-दो दिन में नहीं, बल्कि योजनाबद्ध ढंग से की गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले भी अस्पताल परिसर में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में आरटी-पीसीआर लैब के पास से जनरेटर की बैटरी एवं एसी की पाइप चुराई गई थी। इसके साथ ही अस्पताल में लगे सोलर पैनल की वायरिंग भी गायब कर दी गई थी।

विभाग ने इन घटनाओं को लेकर कई बार प्राथमिकी दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई अब तक नाकाफी रही है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## कागजी प्रक्रिया में अटकी योजनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोहरदगा ।** लोहरदगा जिला में खेल विभाग की योजनाओं को गति नहीं मिल पा रही है। विभाग की ज्यादातर योजनाएं कागजी कार्रवाई में अटकी हैं। ललित नारायण स्टेडियम, प्रखंड स्तरीय स्टेडियम, बैडमिंटन कोर्ट का जीर्णोद्धार करने की योजनाएं लंबित पड़ी हुई हैं।

शहरी क्षेत्र में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स और स्वीमिंग पुल निर्माण की योजना भी फाइलों में अटकी हुई हैं। जिससे खेल और खिलाड़ियों का विकास नहीं हो रहा है। विभाग ने प्रस्ताव बना कर सरकार को भेजा है।

अब तक उन योजनाओं को लेकर कोई गति नहीं मिल पाई है। लोग वर्षों से इन योजनाओं का इंतजार कर रहे हैं। कई बार प्रशासन और प्रतिनिधियों से गुहार भी लगा चुके हैं, इसके बाद भी इन योजनाओं को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के मौके पर भी उपरोक्त योजनाओं को लेकर घोषणा की गई है। बावजूद इसके स्थिति जस की तस है। कौन सी योजना का क्या है हाल जिला खेल विभाग ने सरकार को अलग-अलग योजनाओं को लेकर प्रस्ताव बना कर भेजा है।

इसके बाद भी योजनाएं यथावत हैं। ललित नारायण स्टेडियम के गैलरी, बाउंड्री वाल, पवेलियन, कैरिज रूम सहित विभिन्न निर्माण कार्य को लेकर विगत आठ सितंबर 2023 को प्राक्कलन तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति एवं आवंटन की मांग को लेकर विभाग को प्रस्ताव भेजा गया था।इस योजना को लेकर पहले ही 23 मार्च 2021 को 50 लाख रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ था। लोहरदगा के किस्को प्रखंड के तिसिया में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण को लेकर अभी भी प्राक्कलन तैयार करने का काम ही चल रहा है।

चिरी में मिनी स्टेडियम निर्माण को लेकर माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निदेशक को पत्राचार किया गया है। सदर प्रखंड के जुरिया में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण को लेकर भूमि सत्यापित किया गया है। ग्राम सभा कराकर प्राक्कलन तैयार कराया जाएगा। शहरी क्षेत्र में स्पोर्ट्स कांपलेक्स एवं स्विमिंग पूल निर्माण को लेकर भूमि सत्यापित किया गया है।

## डायरिया से दर्जनों आक्रांत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में लगातार डायरिया का प्रकोप बढ़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र के छोटा आमड़ा के बाद डुंगरीडीह ,बांदु ,रांगाडीह में डायरिया का प्रकोप से दर्जनों ग्रामीण आक्रांत है। चुनीडीह में भी गुरुवार रात से डायरिया से 10 ग्रामीण पीड़ित हैं। चुनीडीह में शुक्रवार को डॉ रवि कुमार के नेतृत्व में चिकित्सा शिविर लगाया गया और डायरिया पीड़ितों के बीच दवा का वितरण किया गया।

वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र में लगे चिकित्सा शिविर का मुखिया गंगामनी देवी ने निरीक्षण किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति ध्यान देने व पानी को उबालकर पीने का अपील किया। मालूम हो कि रांगाडीह में 9 वर्षीय लखन माझी नामक बच्चे का डायरिया से मृत्यु होने के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि, चिकित्सा शिविर लगाए जाने से डायरिया पीड़ितों में काफी सुधार आया।वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ के चिकित्सक डॉ रवि कुमार ने बताया कि डायरिया का प्रकोप अलग-अलग गांवों में फैल रहा है और चिकित्सा शिविर लगाकर चिकित्सा सुविधा दिया जा है।

## मानसिक रुप से विक्षिप्त के साथ महीनों सामूहिक दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** अनगड़ा थाना क्षेत्र की एक मानसिक दिव्यांग युवती के साथ पिछले छह माह से लगातार सामूहिक दुष्कर्म होता रहा। गांव के कई युवकों ने उसे हवस का शिकार बनाया। युवती बोलने और समझने में असमर्थ है। इसी दौरान वह छह माह की गर्भवती हो गई। चार दिन पहले इस मामले की जानकारी अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह को मिली। उन्होंने तुरंत मामले की छानबीन की। दिव्यांग युवती की भाभी ने अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। छानबीन के बाद एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि युवती के साथ गांव के कई युवकों ने दुष्कर्म किया है। इसमें कई शादीशुदा युवक भी शामिल हैं। थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है और अन्य आरोपितों की पहचान की जा रही है। यह घटना न केवल समाज के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है, बल्कि यह मानसिक दिव्यांगों के प्रति असंवेदनशीलता को भी उजागर करती है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई करने का आश्वासन दे रही है।

### भतीजे के साथ चाची फरार

**रांची।** बुढ़मू प्रखंड के बंसरी सेमरटोला गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सेमरटोला की निवासी महिला अपने भतीजे सिकंदर साहु के साथ गुरुवार की रात फरार हो गई। पिछले दो वर्षों से दोनों के बीच प्रेम संबंध थे।

परिजनों ने एक सप्ताह पूर्व सामाजिक बैठक कर उन्हें अलग रहने की सलाह दी थी। इसके बावजूद, दोनों का मिलना जारी रहा और अंततः वे घर से भाग गए। महिला के दो बच्चे हैं, जबकि सिकंदर साहु भी शादीशुदा है। उसके भी दो बच्चे हैं। इस मामले में ममता के पति ने थाना में आवेदन देकर दोनों की खोजबीन की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी विनित कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है और ठाकुरगांव पुलिस दोनों की सकुशल बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# किसानों को मांग के अनुसार नहीं मिल रहा बीज, हो रहे हलकान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा ।** इस बार किसानों पर भले ही प्रकृति समय पर वर्षा देकर मेहरबान रही, लेकिन सरकार ने बीज आपूर्ति से हाथ खड़ा कर लिए हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।



जैसे-तैसे किसान बाजार से महंगे दामों में बीच खरीदकर बिचड़ा लगा रहे हैं। विभाग द्वारा अनुदानित दर पर मिलने वाली धान बीज जिला को नहीं मिल पाया है।

कृषि विभाग द्वारा 1750 क्विंटल धान बीज का डिमांड भेजा गया था, लेकिन मात्र 600 क्विंटल बीज की ही आपूर्ति हुई। इसमें भी 226 क्विंटल धान का एक वेराइटी को किसान लेने से इंकार कर दिया।

इसे वापस कर दिया गया। ऐसे में कोडरमा जिला को डिमांड का मात्र 25 प्रतिशत भी धान बीज ही उपलब्ध नहीं हो सका।

किसान लंबे इंतजार के बाद ऊंचे दाम में धान बीज खरीदने को मजबूर हैं।

इधर, जिले में अधिकतर किसानों द्वारा धान का बिचड़ा लगाने का कार्य भी लगभग पूरा कर लिया गया है। विभाग स्तर से धान बीज की उम्मीदें नगण्य हैं। किसान महंगे बीज खरीद कर बिचड़ा लगा रहें हैं। वहीं मरकच्चो प्रखंड में जो बीज उपलब्ध कराया गया है वह काफी छोटा दाना का है जो यहां के वातारण में नहीं होता है। किसान उस वैराइटी के बीज को पैक्स को वापस कर चुके हैं।

किसानों के अनुसार पूर्व में डीआरआरएच टू वेराइटी के धान बीज बड़ा और लंबा दाना का था, लेकिन इस बार छोटा दाना का था। कुछ किसान प्रयोग के तौर पर इस बीज का उपयोग कर रहें है, लेकिन अधिकतर किसानों ने लेने से इंकार कर दिया।

धान को लेकर बिचड़ा लगाने का समय बीत जाने के कारण अब नोडल पैक्स धान बीज को लेकर रूचि नहीं दिखा रहें है। कृषि विभाग को भी डिमांड के अनुरूप संबंधित कंपनी का बीज नहीं मिल पाया। लिहाजा अब नोडल पैक्स राशि लगाने नहीं चाह रहे है।

पथलडीहा पैक्स अध्यक्ष सदानंद यादन कहते हैं कि किसानों के जरूरत के हिसाब से विभाग द्वारा बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

वहीं अच्छी क्वालिटी के बीज नहीं मिल पाया। डिमांड से काफी कम बीज मिलने से पंचायत में विवाद उत्पन्न होता है। वहीं अन्य प्रखंडों के किसान वेराइटी के कारण विभागीय बीज वापस कर रहें है।

## अगस्त में दो दिन रद्द रहेगी कामाख्या एक्सप्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चक्रधरपुर।** इस्टर्न रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन में 31 अगस्त से लेकर 05 सितंबर तक रेल प्रशासन प्री एनआई और एनआई का कार्य कर यार्ड रीमॉडलिंग कार्य करेगी।

इस वजह से रेलवे ने खड़गपुर, आद्रा एवं चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर से गुजरने वाली दो ट्रेनों का परिचालन रद कर दिया है। जबकि लंबी दूरी की तीन ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने की घोषणा कर दी है। 02 सितंबर को ट्रेन नंबर 15639 पुरी - कामाख्या एक्सप्रेस का परिचालन रद रहेगी। 31 अगस्त को ट्रेन नंबर 15640 कामाख्या - पुरी एक्सप्रेस का परिचालन रद रहेगी। 01 सितंबर को ताम्बरम स्टेशन से चलने वाली ट्रेन नंबर 15629 ताम्बरम - सिलघाट टाउन नागांव एक्सप्रेस आसनसोल, अंडाल, रामपुरहाट, गुमानी, मालदा टाउन स्टेशन की बजाए परिवर्तित मार्ग आसनसोल, झाझा, बरौनी,कटिहार स्टेशन होते हुए सिलघाट टाउन स्टेशन तक चलेगी।

## सावन में भक्तिमय हुआ कोयलांचल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** सावन माह के आगमन के साथ ही कोयलांचल धनबाद में उत्सव का माहौल शुरू हो गया है। जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं सावन उत्सव के भव्य आयोजनों की तैयारी में जुटी हैं, जिसमें खासकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस दौरान महिलाएं हरी चूड़ी और हरी साड़ी पहनकर एकजुट होंगी और पारंपरिक सावन गीतों पर नृत्य व संगीत के माध्यम से अपनी खुशी का इजहार करेंगी। कई संस्थाएं इस अवसर पर सावन मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

जहां लजीज पकवानों और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी प्रबंध होगा। सावन उत्सव में झूला झूलना एक विशेष आकर्षण रहेगा और कई जगहों पर पौधारोपण जैसे नेक कार्य भी किए जाएंगे।

धनबाद गुजराती महिला मंडल 25 जुलाई को जैन मिलन में एक भव्य सावन उत्सव का आयोजन कर रहा है। इस उत्सव में नृत्य नाटिका, संवाद और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जैसे मनोरंजक कार्यक्रम होंगे।



ये आयोजन विशेष रूप से शिव परिवार की झांकी पर आधारित होंगे। मंडल की सभी महिला सदस्य हरे रंग की साड़ी और चूड़ियां पहनकर उत्सव में चार चांद लगाएंगी, जो सावन के पारंपरिक रंग को दशार्ता है।

वहीं, ब्राह्मण महिला मंडल 19 जुलाई को अपना सावन महोत्सव मनाएगा। इस आयोजन में मंडल की दो दर्जन से अधिक सदस्य शामिल होंगी। कार्यक्रम में हाउजी गेम, संगीत, विशेष वेशभूषा के साथ अंताक्षरी और स्वादिष्ट अल्पाहार की व्यवस्था की गई है। सभी महिलाएं एक साथ मिलकर सावन के इस उत्सव का आनंद लेंगी, जो उन्हें एक-दूसरे के करीब आने और अपनी सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करेगा।

इसी तरह बंगाली समुदाय की महिलाएं सिटी सेंटर में 20 जुलाई को एक शानदार श्रावणी महफिल का आयोजन करने जा रही हैं। इसमें समुदाय की महिलाओं का एक समूह इस कार्यक्रम में नृत्य और गायन के साथ सावन उत्सव मनाएगा।

## धनबाद-गया रेलखण्ड पर ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली का काम हुआ पूर्ण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर एक ट्रैक पर एक के पीछे दूसरी ट्रेन चलाई जा सकेगी। साथ ही लेटलतीफी और दुर्घटना की आशंका भी कम होगी। सुरक्षित रेल परिचालन के लिए रेलवे ने ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली अपनाना शुरू कर दिया है।

प्रधानखंता से मानपुर तक धनबाद रेल मंडल के 200 किमी तक रेल मार्ग पर मानपुर से शमार्टांड़ तक 67 किमी रेल मार्ग को ऑटोमेटिक सिग्नल से लैस कर दिया गया है।

इनमें मानपुर से शमार्टांड़ व शमार्टांड़ से चिचाकी तक का हिस्सा शामिल है। 200 किमी तक के पूरे रेल मार्ग पर जुलाई 2026 तक ऑटोमेटिक सिग्नलिंग पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर 160 की रफ्तार से सेमी हाई स्पीड ट्रेन का ट्रायल अप्रैल में हो चुका है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय से धनबाद तक रेल महाप्रबंधक स्पीड ट्रायल कर चुके हैं। मौजूदा 130 किमी की अधिकतम गति से चल रही यात्री ट्रेनों को 160 किमी प्रति घंटे की गति से चलाने से पहले ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली अपनायी जा रही है। रेलवे के नियम के अनुसार, दो स्टेशन के बीच की दूरी औसत 10 किमी होती है। एक स्टेशन से चलने वाली ट्रेन जब तक दूसरे स्टेशन पर नहीं पहुंच जाती, तब तक दूसरी ट्रेन नहीं चलाई जाती है। एक स्टेशन से अगले स्टेशन तक पहुंचने में 10-12 मिनट का समय लग जाता है।

यानी 10-12 मिनट तक एक ट्रैक पर दूसरी दूरी नहीं चल पाती है। पीछे की ट्रेन को रोक कर रखना पड़ता है। ऑटोमेटिक सिग्नल से इस तकनीकी बाधा को दूर किया जा सकेगा। ऑटोमेटिक सिग्नल से एक के पीछे दूसरी ट्रेन चलाई जा सकेगी। स्टेशन के खुलने के बाद ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंचने का इंतजार नहीं करना होगा। सूत्रों का कहना है कि ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली से बगैर किसी अतिरिक्त स्टेशन के निर्माण और रखरखाव के अधिक से अधिक ट्रेन चलाने के लिए प्रमुख जंक्शन स्टेशन के ट्रैफिक को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

# पुलिस लाइन में मार्निंग वाक की मिली अनुमति, लोगों ने जताया आभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** पुलिस लाइन में गेट लगने से सुबह शाम टहलने वालों के प्रवेश पर पुलिस प्रशासन ने रोक लगा दी थी। वर्षो से पुलिस लाइन मैदान में धावक, बुजुर्ग, बच्चे व महिलाओं के टहलने पर पाबंदी से लोग मायूस हो गए थे। सुभाष चौक, साक्षरता चौक, कबूतर खोपी, चानन गांव व पुलिस कालोनी के बुजुर्ग व बच्चों को स्टेडियम आने में परेशानी होने लगी थी।

उपायुक्त ने एसपी से वार्ता कर समस्या को जाना और खोलने का आदेश दिया। अभी तक सिर्फ सुबह में नौ बजे तक पुलिस लाइन मैदान में खेलने और टहलने का आदेश जारी हुआ है। समय से पहले निकलने का आदेश दिया गया है।

शनिवार को गेट पर तैनात सिपाही ने स्थानीय लोगों को अंदर प्रवेश करने दिया और समय से पहले निकल जाने को कहा। चुकी पहला दिन था इसलिए कुछ लोग ही पहुंच पाए।

इधर उपायुक्त के सकारात्मक पहल पर गेट खोलने व टहलने की अनुमति मिलने से शहरवासियों में खुशी का माहौल है। सोशल मीडिया पर समाजसेवियों ने खुशी प्रकट की।



रतन केशरी, प्रवीण कुमार, बबलू कुमार, प्रशांत शेखर सहित दर्जनों लोगो ने उपायुक्त व एसपी अमित सिंह को धन्यवाद और आभार प्रकट किया है। इन लोगो ने कहा कि जनहित को लेकर सराहनीय कार्य हुआ है।

शहर में बच्चों को खेलने की प्राप्त जगह नहीं है। बुजुर्ग अब नजदीक के फील्ड में टहल लिया करेंगे। सुबह शाम लोग अपना स्वास्थ्य बना सकते हैं। शांत वातावरण में व्यायाम कर अपने मन को शांत कर डिप्रेशन को दूर कर सकते है।

समाजसेवियों ने कहा कि शाम को भी बच्चों को खेलने की अनुमति दी जाए। गौरतलब है कि पुलिस लाइन का मैदान वर्षों बाद जिला प्रशासन ने डीएमएफटी फंड से चारदीवारी का कार्य कराया। बाद में पुलिस प्रशासन ने दो लोहा का गेट का निर्माण कराया। गेट नंबर एक व दो। गेट लगने के साथ सुरक्षा के ख्याल से पुलिस प्रशासन ने बाहरी लोगों के अनुमति पर रोक लगा दिया। डीसी के पहल पर पुनः टहलने की अनुमति मिली।

### लापता जवान की कुएं से मिली लाश

**पुरुलिया।** पिछले गुरुवार शाम से लापता छुट्टी से आए भारतीय सेना के जवान का शव घर के सामने एक कुआं का अंदर मिला है। सूत्रों के अनुसार मृत मुकेश गड़ाई (26), जयपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रोपो गांव का निवासी था। जानकारी के अनुसार पंजाब रेजीमेंट का यह जवान कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर अपना घर आया था। गुरुवार शाम के बाद अचानक वह लापता हो गया था। काफी तलाश करने के बाद भी उनका पता नहीं चला। उनके घर के सामने एक कुआं के अंदर उनको देखकर लोग उनको स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गए।

स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के बाद चिकित्सक ने उनको मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करने के लिए पुरुलिया मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भेज कर एक अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है।

## वायरल वीडियो से आहत महिला ने किया विषपान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चतरा।** जिले में एक महिला की आत्महत्या की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। कुंदा थाना क्षेत्र की रहने वाली सोनी कुमारी नामक महिला ने शनिवार सुबह सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल चतरा लाया गया, जहां से हजारीबाग रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, सोनी कुमारी तीन दिवसीय महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेने चतरा आई थी। इसी दौरान सोशल मीडिया पर उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल हो गईं। बताया जा रहा है कि ये तस्वीरें कुंदा निवासी बब्लू कुमार के साथ थीं। तस्वीरों के सार्वजनिक होते ही सोनी पर सामाजिक और मानसिक दबाव काफी बढ़ गया।

इस विवाद की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया मनोज साहू ने हस्तक्षेप किया और सोनी कुमारी के पति रिंकू प्रसाद गुप्ता से बातचीत कर मामला शांत कराने की कोशिश की। हालांकि मामला भले ही सतह पर शांत दिख रहा था, लेकिन महिला के मानसिक तनाव में कोई कमी नहीं आई थी।

शनिवार सुबह करीब 9 बजे, शहर के सदर टीओपी 02 क्षेत्र स्थित रौशन होटल के बाहर सोनी कुमारी ने फोन पर पति से बात करते हुए फिल्मी अंदाज में सल्फास की गोलियां खा लीं। फोन पर उसने कहा झ ₹मैं जहर खा ली हूं, जाओ अब तुम्हें जो करना है सो करो।₹ इसके बाद वह होटल के बाहर प्लेटफॉर्म पर अचेत होकर गिर पड़ीं।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत सदर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सोनी को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने हजारीबाग रेफर कर दिया। पति रिंकू गुप्ता भी इस दौरान अस्पताल पहुंच गए और अपनी पत्नी को लेकर हजारीबाग रवाना हुए।

# चार दिनों में तीन हाथियों की मौत से तरह-तरह के कयास

**हाथी दांत और अन्य वन्यजीव उत्पादों की तस्करी हो सकता है कारण**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोल्हान।** झारखंड के कोल्हान प्रमंडल में बीते चार दिनों में तीन हाथियों की मौत से वन्यजीव प्रेमियों में गहरी निराशा है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार को दो हाथियों की मौत हुई, जबकि इससे पहले एक और हाथी ने दम तोड़ दिया था।

इन घटनाओं ने हाथियों के सामने मौजूद गंभीर खतरों को उजागर किया है, जिनमें नक्सली हिंसा और अज्ञात कारण दोनों शामिल हैं। पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी विस्फोट में घायल एक मादा हाथी ने गुरुवार को दम तोड़ दिया।

यह हाथी लगभग 14 वर्ष की थी और पिछले 10-15 दिनों से घायल अवस्था में भटक रही थी। पशु चिकित्सक डॉ. संजय घोलटकर के अनुसार, उसके पिछले पैर में गंभीर चोट थी, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ।

इस घटना से चार दिन पहले इसी क्षेत्र में एक नन्हे हाथी की मौत भी आईईडी विस्फोट के कारण हुई थी, जिससे कुल मिलाकर तीन हाथियों की मौत हुई है।

मृत मादा हाथी को जराइकेला वन विभाग कार्यालय लाया गया है, जहां शुक्रवार को उसका



पोस्टमार्टम किया जाएगा।

इसी दिन, चाईबासा के टोंटो प्रखंड में लगभग 45 वर्षीय एक दंतैल हाथी का शव मिला है। बताया जा रहा है कि हाथियों का एक झुंड रात में उत्पात मचाने के बाद सुबह इस मृत हाथी को छोड़कर चला गया।

प्रारंभिक जांच में हाथी के शरीर पर किसी बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। इन घटनाओं से पहले, नीमडीह में भी एक हाथी की मौत हुई थी, जिसने कोल्हान क्षेत्र में हाथियों की सुरक्षा पर चिंता बढ़ा दी है। यह घटना भी हाथियों के लिए बढ़ते खतरों को दर्शाती है।

कोल्हान प्रमंडल में हाथियों की लगातार हो रही मौतों ने इस सवाल को जन्म दिया है कि आखिर हाथियों के दुश्मन कौन हैं? नक्सली गतिविधियां-सारंडा जैसे इलाकों में नक्सलियों द्वारा बिछाई गई आईईडी हाथियों के लिए सबसे बड़ा खतरा साबित हो रही हैं। ये विस्फोटक न केवल सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हैं, बल्कि निर्दोष वन्यजीवों की जान भी ले रहे हैं।

टोंटो में मिले दंतैल हाथी के शव की तरह कई बार हाथियों की मौत के कारण स्पष्ट नहीं होते हैं। ये प्राकृतिक कारण, बीमारी या फिर मानव-हाथी संघर्ष के अप्रत्यक्ष परिणाम हो सकते हैं, जिनकी विस्तृत जांच की आवश्यकता है।

अवैध शिकार और वन उत्पादों की तस्करी-हालांकि इस मामले में इसका सीधा प्रमाण नहीं है, लेकिन हाथी दांत और अन्य वन्यजीव उत्पादों की तस्करी भी हाथियों के लिए एक सतत खतरा बनी हुई है।

इन लगातार हो रही मौतों को रोकने के लिए वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हाथियों की सुरक्षा के लिए विशेष रणनीति बनाने और हाथियों के लिए सुरक्षित गलियारे सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा, अज्ञात कारणों से होने वाली मौतों की गहन जांच कर वास्तविक कारणों का पता लगाना भी महत्वपूर्ण है। वन विभाग हाथियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## दुर्घटना में पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह-देवघर मुख्य मार्ग पर बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मधवा टोल टैक्स परसुरामडीह के समीप बीती देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ। वहां तेज रफ्तार ट्रक ने स्विफ्ट डिजायर कार को टक्कर मार दी, जिसके बाद स्विफ्ट डिजायर कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घायल महिलाओं को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है, वहीं तीनों मृतकों के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। मृतकों में लीलो तुरी, छोटू तुरी और राजन तुरी शामिल हैं। छोटू तुरी और राजन तुरी पिता-पुत्र हैं। इस घटना के बाद सदर अस्पताल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना के बारे में बताया गया कि वे लोग अखाड़ी पूजा का प्रसाद खाने के लिए नावडीह ओपी क्षेत्र के जंगरीडीह से स्विफ्ट डिजायर कार से बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महुआर स्थित लीलो तुरी की भतीजी के घर गए थे।

## वन भूमि घोटाले में दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** बोकारो के तेतुलिया मौजा में वन भूमि की करीब 107 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले की जांच कर रहा अपराध अनुसंधान विभाग रांची की टीम ने दो मुख्य आरोपित व इस घोटाले के किंग पिन इजहार हुसैन व अख्तर हुसैन को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

दोनों ही गिरफ्तार आरोपितों को रांची स्थित न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से दोनों ही आरोपित 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए हैं। दोनों ही आरोपितों पर उक्त जमीन से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसकी खरीद-बिक्री करने के आरोपों की पुष्टि हुई है।

इसी केस में राज्य सरकार को जमीन का मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। सीआइडी ने डीजीपी के आदेश पर बोकारो के सेक्टर 12 थाना में 18 मार्च 2024 को दर्ज प्राथमिकी को टेकओवर करते हुए केस दर्ज किया और अनुसंधान शुरू किया था।

इस केस के शिकायतकर्ता वन प्रमंडल बोकारो के प्रभारी वनपाल सह वनरक्षी रूद्र प्रताप सिंह थे। उन्होंने इस केस में नौ नामजद को आरोपित बनाया था।

आरोपितों में बोकारो के सेक्टर-12 के उकरीद गांव निवासी इजहार हुसैन, उसके भाई अख्तर हुसैन, सेक्टर चार के सिटी सेंटर निवासी शैलेश कुमार सिंह, चास के अभिमन्यू नगर निवासी रंगनाथ सिंह, बोकारो स्टील प्लांट कालोनी निवासी जेएन सिंह सचिंद्र प्रसाद पांडेय, सत्येंद्र सत्यार्थी, माधव प्रसाद सिन्हा व आरबी सिंह शामिल थे।




वर्ष 2012 में आरोपित इजहार हुसैन, अख्तर हुसैन ने एक आपराधिक साजिश रचकर उक्त विवादित जमीन का फर्जी कागजात बनाया। आरोपितों ने दावा किया कि चास थाना के तेतुलिया मौजा के प्लांट नंबर 426 के 40.60 एकड़, प्लाट नंबर 450 का 86.60 एकड़ भूमि उसके दादा को 23 अक्टूबर 1933 में 1551 रुपये में प्राप्त है।

यह जानकारी पुरुलिया के उच्च कोर्ट में 1993 में आक्शन प्रोसिडिंग के तहत दी। इसके बाद कथित सेल सर्टिफिकेट की सर्टिफायड कापी डिप्टी रजिस्ट्रार पुरुलिया के कार्यालय से 26 अप्रैल 2005 को सत्यापित दिखाया।

उसके आधार पर आरोपित ने सीओ चास को म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया। वर्ष 2012-2013 में हल्का कर्मचारी रंगनाथ सिंह की जांच रिपोर्ट पर 29 जून 2012 को उक्त जमीन का म्यूटेशन हुआ था। मामला उजागर होने के बाद डीसी बोकारो ने वर्ष 2016 में म्यूटेशन रद कर दिया था।

C M Y K

## पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण पदक, प्रीति पाल भी शीर्ष पर रहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने शुक्रवार को सातवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की भाला फेंक (एफ12 एवं एफ64) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। यह चैंपियनशिप काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन से इस साल के आखिर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल का चयन निर्भर करेगा।हरियाणा के अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। हरियाणा का स्वर्णिम प्रदर्शन एफ40 एवं एफ41 भाला फेंक वर्ग में भी जारी रहा। पेरिस पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह ने 42.63 मीटर भाला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रिंस ने 31.90 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता और दिल्ली के रितेन्द्र ने 30.85 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

## गिरने के कारण दौड़ पूरी नहीं कर पाए अविनाश साबले



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अनुभवी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले गिरने के कारण मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर पाए। हालांकि, तेजी से उभरते धावक अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रगति जारी रखते हुए अंडर-23 की 200 मीटर स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के एक आदिवासी गांव में जन्में कुजूर ने भारतीय पुरुष स्प्रिंटिंग में नई उम्मीद जगाई है। अब कुजूर की नजर सितंबर 2025 में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए 20.16 सेकंड के कठिन क्वालिफाइंग मार्क पर है। अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर स्पर्धा में 10 सेकंड की बाधा को तोड़ने का संकल्प लिया है। ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अविनाश साबले को अपनी पसंदीदा 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में शीर्ष 5 में जगह बनाने की उम्मीद थी, लेकिन शुक्रवार 11 जुलाई की रात वह दौड़ की शुरुआत में ही ही गिर गए। इसके बाद वह असहज महसूस करने लगे। मौजूदा एशियाई चैंपियन अविनाश साबले लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए और उनकी चोट की गंभीरता अब तक ज्ञात नहीं है। यह 30 वर्षीय खिलाड़ी सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुका है, लेकिन इस वर्ष वह अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। वह पिछले दो डायमंड लीग मुकाबलों में 13वें और आठवें स्थान पर रहे हैं।

# टेलर फ्रिट्ज को हराकर फाइनल में पहुंचे कार्लोस अल्काराज





**लंदन, एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को चार सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के कार्लोस अल्काराज को पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फ्रिट्ज ने कड़ी टक्कर दी। लेकिन, अंत में अल्काराज ने मैच अपने नाम कर लिया। हार के साथ ही फ्रिट्ज का विंबलडन फाइनल खेलने का सपना टूट गया। 2009 में एंडी रोडिक आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी थे, जो इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराया। यह उनकी लगातार 24वीं जीत है।

पहला सेट अल्काराज ने जीता, और दूसरा सेट फ्रिट्ज ने जीतकर बराबरी की कोशिश की। लेकिन, तीसरा सेट जीतकर अल्काराज ने फिर से बढ़त बना ली। चौथा सेट सबसे रोमांचक साबित हुआ, जिसका समापन टाई-ब्रेक में हुआ, जहां फ्रिट्ज ने 6/4 की बढ़त बना ली। दो सेट पॉइंट के बाद निर्णायक सेट हुआ। लेकिन, अल्काराज ने अपने दृढ़ निश्चय और प्रतिभा से दोनों सेट पॉइंट बचा लिए। अल्काराज ने लगातार चार अंक हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया।

विंबलडन 2025 में पुरुष सिंगल्स का फाइनल रविवार को होगा। अल्काराज का फाइनल में टॉप सीड यानिक सिनर और 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच में से किसी एक से सामना होगा। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल खेला जाना है।

अल्काराज एक बेहद खास क्लब में शामिल होने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। अगर वह रविवार को फाइनल जीत जाते हैं, तो वह इतिहास के सिर्फ पांचवें ऐसे व्यक्ति होंगे, जो लगातार तीन विंबलडन खिताब अपने नाम करेंगे। वहीं, अगर अल्काराज जीतते हैं, तो यह उनका छठा ग्रैंड स्लैम खिताब होगा।

## संन्यास की अटकलों पर आया जोकोविच का बयान, बोले- यह मेरा आखिरी विंबलडन...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए साफ कहा है कि वह एक बार और विंबलडन में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि उनका इरादा कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का है। बता दें कि, शुक्रवार को विंबलडन के सेमीफाइनल में यानिक सिनर ने जोकोविच को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। अब सिनर का सामना अल्कारेज से होगा।

सेंटर कोर्ट पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से 6-3, 6-3, 6-4 से मिली हार ने जोकोविच के विंबलडन में रोजर फेडरर के आठ चैंपियनशिप के पुरुष रिकॉर्ड की बराबरी करने और 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रयास पर पानी फेर दिया। जोकोविच ने कहा, मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं।

### चोट पर भी की बात

जोकोविच क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान आखिरी सेट में चोटिल हो गए थे और सेमीफाइनल में वह अपने पूरे रंग में नहीं दिखे। जोकोविच ने कहा, मैं अपनी चोट के बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहता। मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन को लेकर बात करना चाहता हूं। मुझे इस बात की निराशा जरूर है कि मैं उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जितना मैंने सोचा था या उम्मीद की थी। जोकोविच ने इस साल अभी तक तीनों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाए। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वह चोट के कारण पहले सेट के बाद बाहर हो गए थे जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन में सिनर ने उन्हें फाइनल में नहीं पहुंचने दिया।

# मैं थक गया हूं...

### बुमराह ने अचानक ऐसा क्यों बोल दिया?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट की पहली पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया. इसके साथ ही उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया.उन्होंने लॉर्ड्स के मैदान में शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाजी लाइनअप को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया. हालांकि जसप्रीत बुमराह को विकेट लेने के बाद ज्यादा सेलिब्रेट करते हुए नहीं देखा गया. इसका खुलासा बुमराह ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद किया. उन्होंने कहा कि वो थक गए हैं. अब सवाल ये उठता है कि आखिरी बुमराह ने ऐसा क्यों कहा?

जसप्रीत बुमराह ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैंने इसलिए सेलिब्रेट नहीं किया क्योंकि मैं थक गया था. मैं 21 या 22 साल का नहीं हूं कि पूरे ग्राउंड पर उछलता रहूंगा. मैं सिर्फ अपने मार्क में वापस जाना चाहता था और फिर से गेंदबाजी करना चाहता था. लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में भारतीय तेज गेंदबाज ने अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को आउट किया. यही नहीं उन्होंने हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, क्रिस वोक्स और जोफ्रा आर्चर को भी वापस पवेलियन की राह दिखाई.

# जिंदगी का कोई भरोसा नही...

### जोटा की मौत से टूटे रोनाल्डो के फैन मोहम्मद सिराज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि लिवरपूल के फुटबॉलर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मौत की खबर सुनकर वह काफी भावुक हो गए। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन जैमी स्मिथ का विकेट लेने के बाद उनकी प्रतिक्रिया पुर्तगाली फारवर्ड के प्रति श्रद्धांजलि थी।स्मिथ को आउट करने के बाद सिराज ने अपनी उंगलियों से '20' (लिवरपूल में जोटा की जर्सी नंबर जिसे अब रिटायर कर दिया गया है) का अंक बनाया और फिर इस फुटबॉलर के सम्मान में दोनों हाथ आसमान की ओर उठाए, जिनकी तीन जुलाई को स्पेन के जमोरा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

# भारत-इंग्लैंड सीरीज में ड्यूक्स बॉल पर क्यों हो रहा विवाद!



'ड्यूक्स बॉल' कर रही बखेड़ा

**लंदन, एजेंसी।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा है. फिलहाल 10 जुलाई से लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच जारी है. 5 मैचों की सीरीज में ड्यूक बॉल का इस्तेमाल हो रहा है. लेकिन खिलाड़ी इसकी क्वालिटी से खुश नहीं दिख रहे हैं. लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन भारत को दो बार बॉल बदलनी पड़ी. खिलाड़ी बॉल की क्वालिटी से खुश नहीं थे. ड्यूक्स कंपनी की शुरुआत 1760 में ड्यूक्स परिवार ने की थी. अब इस कंपनी के मालिक भारतीय बिजनेसमैन दिलीप जाजोदिया हैं, जिन्होंने इसे 1987 में खरीदा था.

अब इस पूरे मसले पर दिलीप जाजोदिया ने सफाई दी है. उन्होंने खिलाड़ियों से धैर्य रखने को कहा है. खास बात यह है कि यह गेंद मेरठ से यूके आती है, फिर इंग्लैंड में उनका फाइनल टच दिया जाता है. उन्होंने बातचीत में कहा कि उनकी कंपनी, जिसकी शुरुआत 18वीं सदी में हुई थी. यूके के असामान्य रूप से गर्म मौसम और आज के दौर की क्रिकेट की मांगों को ध्यान में रखते हुए बॉल में सुधार करने के लिए तैयार है. जहां बल्लेबाज भारी बल्लों से बॉल पर जोरदार प्रहार कर रहे हैं.


लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन की सुबह के सेशन में ड्यूक्स बॉल दो बार बदली गई. 10 ओवर पुरानी बॉल बदली जाने के बाद भी भारतीय खिलाड़ी काफी नाखुश थे, जिसके चलते कुछ ही मिनटों में दोबारा बॉल बदलनी पड़ी. जाजोदिया ने कहा- दुनिया में सिर्फ तीन मान्यता प्राप्त क्रिकेट बॉल निर्माता हैं (ड्यूक्स, स्ग और कूकाबुरा). क्रिकेट बॉल बनाना आसान नहीं है. अगर यह आसान होता, तो दुनिया भर में सैकड़ों निर्माता होते. जाजोदिया ने कहा- इसलिए मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को यह समझना होगा कि हम चुपचाप बैठे नहीं रह सकते, हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं, और अगर कोई समस्या है, तो इसका रिव्यू होगा. हम देखेंगे कि समस्या कहां है, चाहे वह चमड़े में कोई खराबी हो या किसी और चीज में, हम इसकी जांच करेंगे. मैं पैर ऊपर करके सिगार पीने नहीं जा रहा हूं.

# एशिया कप और जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारत में पाकिस्तान के आने की संभावना कम

**मुंबई,।** भारत में एशिया कप हॉकी और जूनियर हॉकी विश्व कप का आयोजन होना है। भारत सरकार की तरफ से पाकिस्तानी टीम को आने को लेकर सकारात्मक रुख रखा गया है। लेकिन पाकिस्तान सरकार इन आयोजनों के लिए अपनी सीनियर और जूनियर टीम को भारत नहीं भेजने का विचार कर रही है। पाकिस्तान को 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप में भाग लेना है, जिसके लिए पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सरकार से मंजूरी मांगी है। पाकिस्तान को इस साल नवंबर-दिसंबर में चेन्नई में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में भी भाग लेना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट को बताया, दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए शहजाद शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान सरकार द्वारा राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत आने की अनुमति देने की कोई संभावना नहीं है। सूत्रों ने कहा कि गठबंधन सरकार के सदस्यों का मानना है कि दोनों पड़ोसियों के बीच सशस्त्र संघर्ष के बाद टीम भेजना सुरक्षित नहीं होगा। दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद, दोनों देशों के बीच संघर्ष हुआ था।

सूत्रों ने बताया कि सरकार से स्पष्ट नहीं सुनने के बाद पाकिस्तान हॉकी महासंघ एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) से मांग करेगा कि वे इन प्रतियोगिताओं को मलेशिया या ओमान जैसे किसी तटस्थ स्थान पर स्थानांतरित करें। पीएचएफ सूत्रों ने कहा, पीएचएफ इन आयोजनों को भारत से बाहर कराने की कोशिश करेगा, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है, क्योंकि मलेशिया और ओमान के पास इन आयोजनों के लिए बोली लगाने के लिए जरूरी धनराशि नहीं है, जो लगभग एक लाख डॉलर है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने पिछली बार 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत का दौरा किया था, जहां वह छह टीमों में पांचवें स्थान पर रही थी। भारत ने यह प्रतियोगिता जीती थी। इस आयोजन के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई थी।

भारत से हाल ही में आई रिपोर्टों से पता चला है कि अधिकारी पाकिस्तान को हॉकी आयोजनों में भाग लेने की अनुमति देने को तैयार हैं। हॉकी इंडिया ने यह भी कहा था कि उन्हें विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय से अनुमति मिल गई है।



## संक्षिप्त समाचार

### बच्चे की सर्जरी कराना बाप का फर्ज, दिल्ली हाईकोर्ट ने पिता को नसीहत संग दिया यह आदेश

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गर्भ से रूबेला सिंड्रोम से पीड़ित बच्चे के पिता को अपना फर्ज निभाने की नसीहत दी। साथ ही यह भी कहा कि 8 साल के हो चुके बच्चे को तत्काल कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी की जरूरत है, इसलिए इलाज का पूरा खर्च पिता ही उठाएगा। जस्टिस रेणु भटनागर और जस्टिस नवीन चावला की डिवीजन बेंच ने अपने आदेश में कहा कि बच्चे का इलाज दो साल की उम्र से एक निजी संस्थान में चल रहा है। अब पिता यह कहकर उसकी सर्जरी का भार उठाने से इनकार कर रहा है कि सर्जरी एम्स में हो सकती है तो निजी अस्पताल में क्यों कराई जाए। बेंच ने कहा कि पिता आर्थिक रूप से समृद्ध है। इसके बावजूद बच्चे की सर्जरी वहां कराने से इनकार कर रहा है, जहां उसका पिछले छह साल से इलाज चल रहा है। बेंच ने यह भी माना कि बच्चे को जन्मजात बीमारी है। इसके लिए आधुनिक तकनीक वाले अस्पताल की आवश्यकता है। उक्त निजी संस्थान में आधुनिक उपकरण हैं। वहां बच्चे को उचित इलाज मिल पाएगा। बेंच ने कहा कि यदि आर्थिक तंगी की स्थिति होती तो समझा जा सकता है कि महंगी सर्जरी एम्स में कराना उचित है, लेकिन यहां ऐसे हालात नहीं हैं। फैमिली कोर्ट ने पिता पर 75त्न की डाली थी जिम्मेदारी ¬ साकेत स्थित फैमिली कोर्ट ने बच्चे के इलाज की 75त्न जिम्मेदारी पिता और 25त्न खर्च मां को उठाने को कहा था, लेकिन हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि जब मां-बच्चे दोनों को पति/पिता गुजाराभत्ते का भुगतान कर रहा है तो इससे स्पष्ट है कि बच्चे की मां इलाज का खर्च उठाने में समर्थ नहीं है। बेंच ने फैमिली कोर्ट के 75¬25 फीसदी के अनुपात को रद्द कर दिया है और सारा खर्च पिता को उठाने को कहा है। साथ ही, फैमिली कोर्ट को बच्चे के इलाज पर निगरानी रखने और रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए। दंपती की शादी 2015 में हुई थी। 2017 में महिला ने बच्चे (लड़के) को जन्म दिया। बच्चा रूबेला सिंड्रोम से पीड़ित पाया गया। महिला का आरोप है कि पति ने उसे और उसके बच्चे को इस मुश्किल परिस्थिति में अकेला छोड़ दिया। बता दें कि जन्मजात रूबेला सिंड्रोम एक ऐसी स्थिति है, जो गर्भावस्था के दौरान मां को रूबेला (जर्मन खसरा) होने पर उसके अजन्मे बच्चे को हो सकता है। इस संक्रमण के कारण बच्चे में कई तरह के जन्म दोष हो सकते हैं जैसे कि हृदय की समस्याएं, मोतियाबिंद, सुनने में समस्या एवं शारीरिक विकास में देरी।

### पति की हत्या के लिए डाला था मिर्च मिला गर्म पानी, कोर्ट ने आरोपी पत्नी को दी बेल

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने अपने पति की हत्या के इरादे से उस पर लाल मिर्च पाउडर मिला गर्म पानी डालने की आरोपी महिला को जमानत दे दी। यह घटना नांगलोई थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी है। पति के वकील ने पीड़ित और गवाहों धमकाने का शक जताते हुए महिला को जमानत देने का विरोध किया था। एडिशनल सेशंस जज (एएसजे) सौरभ कुलश्रेष्ठ ने एमएलसी के अनुसार, पीड़ित को मामूली चोटें आने पर विचार करते हुए आरोपी ज्योति उर्फ किट्टू को जमानत दे दी।कोर्ट ने कहा, जहां तक पीड़ित और गवाहों को धमकियों का सवाल है, उचित शर्तें लगाकर इसका समाधान किया जा सकता है। जज ने 9 जुलाई को अपने आदेश कहा, तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आरोपी ज्योति उर्फ किट्टू को 30,000 रुपये का बेल बॉन्ड बांड और इतनी ही रकम का एक जमानती के आधार पर नियमित जमानत पर स्वीकार करने का आदेश दिया जाता है। आरोप है कि 01 जनवरी 2025 को आरोपी महिला ने पति की हत्या के इराद से उसके चेहरे, मुंह और छाती पर लाल मिर्च पाउडर मिला उबलता हुआ पानी डाल दिया था। जब आरोपी ने उससे इसकी वजह पूछी तो उसने कहा, तुझे तो जान से मारना ही है। इतना ही नहीं, इसके बाद महिला ने कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और पति का मोबाइल फोन लेकर वहां से भाग गई ताकि वह फोन कर किसी को मदद के लिए न बुला सके। पीड़ित पति खिड़की तोड़कर बालकनी में आया और मदद के लिए चिल्लाया। इसके बाद, उसके मकान मालिक विकास वहां आए और पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया।

# अमित शाह ने संभाला यमुना की सफाई का मोर्चा, दिल्ली सरकार को दिए 5 अहम निर्देश

**नईदिल्ली , एजेंसी।**
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में यमुना पुनर्जीवन को लेकर एक हाई लेवल समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसमें शाह ने कहा कि दिल्ली सरकार औद्योगिक इकाइयों से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने के जैसे सुझावों के साथ पांच महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। शाह ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को जल प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के लिए एक्शन मोड में कार्य करना चाहिए। शाह ने यमुना में ई-फ्लो (पर्यावरणीय प्रवाह) बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि इस विषय पर उत्तर प्रदेश सरकार से बातचीत करके समाधान निकाला जाना चाहिए ताकि यमुना में दिल्ली में प्रवेश करते समय जल प्रवाह बेहतर हो सके। वहीं, दिल्ली सरकार को औद्योगिक इकाइयों से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए सतत एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

बैठक में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय गृह सचिव, दिल्ली के मुख्य सचिव सहित केंद्र और दिल्ली सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह




ने कहा कि यमुना नदी में दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों से भी अपशिष्ट के माध्यम से रसायन आ रहा है, इसलिए इन सभी राज्यों को मिलकर नदी को स्वच्छ करने के उपायों पर कार्य करना चाहिए।

अमित शाह ने नजफगढ़ और शाहदरा के मुख्य ड्रेनों में बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) को सुधारने की कार्ययोजना पर कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने इसके लिए दिल्ली के दो मुख्य ड्रेन नजफगढ़ और शाहदरा ड्रेन का ड्रोन सर्वे कराने पर जोर दिया।शाह ने कहा कि नदियों को स्वच्छ करने के लिए दिल्ली सरकार के द्वारा की जा रही कोशिशों के अलावा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) का बजट बढ़ाने की आवश्यकता है। शाह ने यमुना की सफाई के साथ-साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने 2028 तक एसटीपी की क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, शाह ने कहा कि यमुना पुनर्जीवन के लिए हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश, इन तीनों राज्यों को प्रयास करने चाहिए और उनके एसटीपी से निकल रहे जल की निरंतर और निष्पक्ष जांच हो। अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में कई जलाशय हैं, जिनमें दिल्ली सरकार को बरसाती पानी संग्रह करने की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन जलाशयों को विकसित करने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि डेयरी और गौशालाओं से उत्पन्न अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए दिल्ली सरकार को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली के हर एक घर की जलापूर्ति को ध्यान में रखकर एक विस्तृत सर्वे किया जाए, जिससे पूरी दिल्ली में जलापूर्ति का व्यापक प्लान बन सके। बोरवेल पर दिल्ली जल बोर्ड को कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। ताकि लोगों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े। यमुना नदी की सफाई के लिए दिल्ली सरकार द्वारा बनाया जा रहा सीवेज का मास्टर प्लान अगले 15 दिनों के भीतर तैयार हो जाएगा। इसकी रिपोर्ट आने से सरकार यमुना सफाई के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं बना सकेगी और उसे लागू करने में बड़ी मदद मिलेगी। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जल मंत्री ने कहा कि पहले सरकार को जानकारी थी कि यमुना में लगभग 450 एमजीडी सीवेज गिरता है, लेकिन अब जानकारी मिली है कि यह आंकड़ा 800 एमजीडी तक है। यमुना की सफाई के लिए सरकार द्वारा तय किए गए बिंदुओं पर काम चल रहा है।

### पिता से मिलने आए 17 साल के लड़के की तालाब में डूबने से मौत

**नईदिल्ली , एजेंसी।**
दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में स्थित अशोक पार्क के एक तालाब में तैरते समय 17 साल के लड़के की डूबने सौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर में घटी। उत्तर प्रदेश के मेरठ के कस्तबड्डा गांव निवासी सलमान नाम का लड़का अपने कुछ परिचितों के साथ पार्क गया था। एक अधिकारी ने बताया कि डूबने की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि लड़का हाल ही में अपने पिता से मिलने दिल्ली आया था। उसके पिता मज़दूरी करते हैं और खिजराबाद में किराए के मकान में रहते हैं।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सलमान अशोक पार्क स्थित वाटर फ़ाउंटेन तालाब में तैरने के लिए उतरा था। कुछ ही देर बाद वह डूब गया। अधिकारी ने कहा कि गोताखोरों को बुलाया गया और उन्होंने लड़के को पानी से बाहर निकाला। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तालाब लोहे की रेलिंग से घिरा हुआ है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 (आत्महत्या या संदिग्ध मृत्यु) के तहत कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। शव को एम्स के शवगृह में भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम किया गया। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## दिल्ली से पटना के बीच चलेगी बुलेट ट्रेन, 350 किमी की स्पीड से हावड़ा तक जाएगी; क्या होगा रूट

**नईदिल्ली , एजेंसी।**
मुंबई से अहमदबाद के बीच बुलेट ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है। इस बीच दिल्ली से हवाड़ा के बीच भी बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह बुलेट ट्रेन दिल्ली से चलकर पश्चिम बंगाल के हावड़ा तक जाएगी। इस दौरान इसकी स्पीड 350 किलोमीटर प्रति घंटे की होगी। ऐसे में दिल्ली से पटना पहुंचने में 4 घंटे से भी कम समय लगेगा। दिल्ली से हावड़ा पहुंचने के लिए इस ट्रेन के लिए 9 स्टेशन बनाए जाएंगे। पहला स्टेशन दिल्ली होगा। दिल्ली से निकलने के बाद ट्रेन सीधा आगरा कैंट पहुंचेगी। आगरा कैंट के बाद कानपुर सेंट्रल, फिर अयोध्या से लखनऊ होते हुए यह बुलेट ट्रेन वाराणसी पहुंच जाएगी। वाराणसी से चलने के बाद यह सीधा पटना रुकेगी और पटना से आसनसोल और आखिरी स्टॉपेज पश्चिम बंगाल का हवाड़ा होगा। दैनिक भास्कर की रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में दिल्ली-हवड़ा



बुलेट ट्रेन का सर्वे पूरा हो गया है। इस सर्वे की रिपोर्ट को रेलवे मंत्रालय को सौंप दिया गया है। इसका निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में दिल्ली से वाराणसी तक किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में वाराणसी से लेकर हवड़ा तक पूरा किया जाएगा। इसके लिए कुल 5 लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा। दिल्ली से हवाड़ा के बीच 1669 किलोमीटर का सफर तय करने में इस बुलेट ट्रेन को कुल साढ़े 6 घंटे लगेंगे। इसके साथ ही दिल्ली से पटना पहुंचने के लिए 1078 किलोमीटर का सफर महज चार घंटों में पूरा कर लिया जाएगा।

## जेवर एयरपोर्ट के 20 किमी दायरे में घर बनाने और पेड़ लगाने के लिए भी लेनी होगी एनओसी

**नईदिल्ली , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर दायरे में किसी भी प्रकार का निर्माण करने या पेड़ लगाने से पहले अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना होगा। विमानों की सुरक्षित लैंडिंग और टेकऑफ के दृष्टिगत हवाई परिस्थिति तंत्र को सुरक्षित बनाने के लिए यह यह निर्णय लिया गया है। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) की सीओओ किरण जैन ने बताया कि 9 जुलाई को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एयरपोर्ट पर्यावरणीय समिति की समीक्षा बैठक हुई थी। इस दौरान गलती से 10 किलोमीटर दायरे में अवैध निर्माण ध्वस्त करने व बिना एनओसी निर्माण न करने का आदेश जारी हो गया था।




उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के पास भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की एनओसी के बिना कोई भी निर्माण गतिविधि, ढांचा खड़ा करना या पेड़ लगाने की अनुमति नहीं है। एयरपोर्ट का संचालन नजदीक है। ऐसे में उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ ही बिल्डरों और स्थानीय अधिकारियों के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा निर्धारित ऊंचाई के तहत अनुमति लेकर निर्माण करने की अपील की है। ऐसे में अब एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर के दायरे में किसी भी ऊंचे विकास को शुरू करने से पहले अनुमति लेनी होगी। प्राधिकरण ऊंचाई सीमा का आकलन करने के लिए एएआई द्वारा जारी कलर-कोडेड जोनिंग मैप (सीसीजेडएम) से परामर्श करेंगे। निर्माण ऊंचाई के आधार पर आवेदक एएआई के पोर्टल पर ऊंचाई एनओसी के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण के लिए 1334 हेक्टेयर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण कार्य चल रहा है। सीओओ ने कहा कि हवाई क्षेत्र के भीतर कोई भी निर्माण ऑब्स्टेकल लिमिटेशन सरफेसेस (ओएलएस) और नेविगेशन सिस्टम के लिए गंभीर जोखिम पैदा करेगा, जिससे विमान को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने बिल्डरों, भूस्वामियों और निवासियों द्वारा हवाई क्षेत्र के भीतर किसी भी अनाधिकृत विकास गतिविधि को रोकने के लिए जिला प्रशासन से मांग की है। उन्होंने कहा कि विमान (भवन और पेड़ों से उत्पन्न बाधाओं को गिराना) नियम 2023 अधिकारियों को कानूनी कार्रवाई शुरू करने का अधिकार देते हैं, जिसमें अनाधिकृत संरचनाओं या पेड़ों को गिराना और विमान नियमों के तहत दंड लगाना शामिल है। ऐसे में नियम का पालन करें।

## चीन के स्कूलों में कैदी की तरह रह रहे 10 लाख तिब्बती बच्चे

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन तिब्बत का एक चेहरा दुनिया को दिखाता है, जिसमें शानदार गगनचुंबी इमारतें हैं और शानदार इंफ्रास्ट्?र्क्चर है। लेकिन तिब्बत का एक दूसरा चेहरा भी है, जिसे दुनिया से छिपाकर रखा जाता है।

छिपाकर रखे गए इन चेहरों में चीन सरकार की तरफ से वहां चलाए जा रहे बोर्डिंग स्कूल भी हैं, जिसमें लाखों बच्चों को कैदी की तरह जबरदस्ती रखा जाता है। इस बात का पर्दाफाश तिब्बतन एक्शन इंस्टीट्यूट (टीएआई) की एक नई रिपोर्ट में किया गया है।

इसे शुक्रवार को एक कार्यक्रम में रिलीज किया गया। इसके मुताबिक, 10 लाख के करीब तिब्बती बच्चों को सरकार की तरफ से संचालित बोर्डिंग स्कूलों में रखा गया है। इसमें चार से छह वर्ष के बच्चों की संख्या एक लाख से ज्यादा है। टीएआई की यह रिपोर्ट कई वर्षों की साहसिक मेहनत का काम है। जिसमें इन बच्चों के सैकड़ों अभिभावकों का साक्षात्कार शामिल है। टीएआई ने कहा है कि चीन की सरकार जहां दलाई लामा संस्थान पर ही सवाल उठा रही है और उन्हें गलत साबित करने की कोशिश कर रही है, वहीं बोर्डिंग स्कूल के



नेटवर्क के जरिये तिब्बती बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है। इसका एकमात्र उद्देश्य तिब्बत के असली निवासियों की पहचान को खत्म करना है। इस ग्राउंड रिपोर्ट को तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ. ग्याल लो का कहना है कि 4500 साल पुरानी परंपरा और संस्कृति को नष्ट करने की यह रणनीति राष्ट्रपति शी चिनफिंग की है। इसमें से अधिकांश स्कूल ग्रामीण इलाकों में हैं, जहां छोटे- छोटे बच्चों को निशाने पर लिया जाता है। इसमें 18 वर्ष से कम आयु के बौद्ध भिक्षुओं को भी जबरदस्ती भर्ती किया जाता है। बच्चों को जबरन उनके परिवारों से अलग कर दिया जाता है। आमदो और खाम राज्य में इस तरह के 50 से ज्यादा स्कूलों का दौरा करने के बाद रिपोर्ट तैयार की गई है। यहां तिब्बत के बौद्ध धर्म के बारे में नहीं बल्कि चीन की पहचान, एकल संस्कृति और चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी के बारे में बताया जाता है। तिब्बत एक्शन ने संयुक्त राष्ट्र, भारत सरकार व दुनिया के अन्य देशों से आग्रह किया है कि वह चीन की सरकार से इस रिपोर्ट की जांच कराने की मांग करे।

## म्यांमार में बौद्ध मठ पर बमबारी, चार बच्चों समेत 23 की मौत; सागाइंग कस्बे में रात 1 बजे गिराए बम

**बैंकॉक, एजेंसी।** म्यांमार के सागाइंग कस्बे के लिन ता लू गांव स्थित एक बौद्ध मठ पर बृहस्पतिवार की रात जमकर हवाई हमले किए गए। मठ परिसर में शरण लिए 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हो गए। इनमें से 10 की हालत गंभीर है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक इमारत पर रात 1 बजे बम गिराया गया, जहां 4 बच्चों समेत 23 लोग मारे गए। क्षेत्र में लड़ाई से बचने के लिए आसपास के गांवों के 150 से अधिक लोगों ने शरण ली हुई थी। म्यांमार की स्वतंत्र डेमोक्रेटिक वॉयस ऑफ बर्मा ने बताया, मृतक संख्या 30 तक हो सकती है। सेना ने घटना पर टिप्पणी नहीं की है।दरअसल, फरवरी 2021 में सेना द्वारा आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार से सत्ता हथियाने और गृह युद्ध शुरू होने के बाद से म्यांमार उथल-पुथल में है। मठ पर हमला ऐसे वक्त हुआ, जब सैकड़ों सैनिकों ने लिन ता लू से 5 किमी क्षेत्र में टैंकों-विमानों के साथ आक्रामक अभियान में भाग लिया था। वे प्रतिरोध समूहों द्वारा नियंत्रित क्षेत्र वापस लेना चाहते थे। प्रतिरोध सेनानी ने कहा, यहां हजारों लोग गांवों में विस्थापित हो गए हैं। विपक्ष की राष्ट्रीय एकता सरकार के प्रवक्ता ने कहा, सैन्य शासन वर्ष के अंत में होने वाले आम चुनाव से पहले विद्रोही नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर फिर से कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। इस सर्वेक्षण को व्यापक रूप से मतपेटी के माध्यम से सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने को सामान्य बनाने का प्रयास बताया जा रहा है।

## दो दिन में दूसरी बार, चीनी फाइटर जेट ने यूएस सहयोगी का विमान 100 फीट की दूरी पर 15 मिनट रोका

**बीजिंग, एजेंसी।**
पड़ोसी देश चीन, अपनी सीमा से सटे चीन सागर में लंबे समय से दादागीरी दिखाता रहा है। यही वजह है कि पड़ोसी देशों वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान से उसका विवाद चल रहा है। अब नए घटनाक्रम में चीन ने दो दिन लगातार पूर्वी चीन सागर के ऊपर आसमान में अमेरिका के सहयोगी और अपने निकटस्थ पड़ोसी जापान के टोही विमान को अपने फाइटर-बमवर्षक विमान 'जेएच-7' की आड़ में करीब 10-15 मिनट तक रोके रखा।

जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार और बृहस्पतिवार को लगातार दो दिन चीनी लड़ाकू-बमवर्षक विमान 'जेएच-7' ने जापान 'एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स' के 'वाईएस-11ईबी' 'इलेक्ट्रॉनिक-इंटेलिजेंस विमान' के पास से न सिर्फ उड़ान भरी बल्कि 10 से 15 मिनट तक रास्ता रोके रखा। मंत्रालय ने कहा कि यह घटना पूर्वी चीन सागर के ऊपर हुई। हालांकि यह जापानी हवाई क्षेत्र नहीं था और इससे जापानी पक्ष को कोई नुकसान भी नहीं हुआ। जिस वक्त चीनी बमवर्षक विमानों ने जापानी टोही विमानों का रास्ता रोका था, उस वक्त दोनों विमानों के बीच क्षैतिज दूरी सिर्फ 196 फीट और दोनों विमानों के बीच ऊंचाई सिर्फ 98 फीट थी।

जापान ने चीन से कहा है कि वह अपने लड़ाकू विमानों को जापानी टोही विमानों के करीब उड़ाना बंद करे। जापान के अनुसार चीन लगातार ऐसा कर रहा है और इससे टकराव हो सकता है। चीन ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। इससे पहले, चीन ने आरोप लगाया था कि जापानी विमान उसके विमान के करीब से उड़ान भर रहे हैं और चीन की सैन्य गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं तथा उसने जापान से इन गतिविधियों को बंद करने को कहा था।

जापान के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि उप मंत्री



ताकेहिरो फुनाकोशी ने जापान में मौजूद चीनी राजदूत वू जियांगहाओ के समक्ष 'गंभीर चिंता' व्यक्त की और चीन से ऐसी गतिविधि को रोकने का कहा है। बयान के अनुसार जापान ने कहा कि चीन की इस तरह की कार्रवाई 'टकराव भड़का सकती हैं', साथ ही चीन से यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ऐसी कार्रवाइयां दोबारा नहीं हों।

बता दें कि अमेरिकी समुद्री नियंत्रण रणनीति के तहत, जापान पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में ताइवान और फिलीपींस के साथ प्रथम द्वीप श्रृंखला का एक सहयोगी और हिस्सा है। इस रक्षात्मक रेखा का उद्देश्य युद्ध की स्थिति में अपने निकटवर्ती जलक्षेत्र में चीन की सैन्य गतिविधियों को कंट्रोल करना है। इसी वजह से प्रथम द्वीप श्रृंखला के आसपास चीन की बढ़ती सैन्य उपस्थिति का पता लगाने और उसे माकूल जवाब देने के लिए जापान अपने टोही विमानों के जरिए आस-पास के हवाई क्षेत्र और जलक्षेत्र में चीनी वायु और नौसैनिक अभियानों पर कड़ी नजर रख रहा है। चीन को यह नागवार गुजरा। इसलिए उसने हवा में दादागीरी दिखाते हुए जापानी टोही विमानों का रास्ता रोक लिया।

हालांकि, यह साफ नहीं हो सका है कि इन घटनाओं में दोनों तरफ से एक-एक विमान ही शामिल थे या उससे ज्यादा विमान मौके पर तैनात थे। पिछले महीने जून की शुरुआत में, फर्स्ट आइलैंड चेन के पूर्वी हिस्से में एक विमानवाहक पोत से प्रक्षेपित चीनी लड़ाकू विमानों ने एक जापानी गश्ती विमान को रोक लिया था।

### भारतीय नर्स गरीबी मिटाने गई विदेश, अब फांसी के बाद लौटेगी लाश या...

**सना, एजेंसी।** यमन की जेल में बंद केरल की नर्स निमिषा प्रिया की जिंदगी अब सिर्फ एक उम्मीद पर टिकी है और वह है ब्लड मनी। यमन की अदालत ने निमिषा को 16 जुलाई को फांसी देने की तारीख तय कर दी है। साल 2008 में केरल की निमिषा बेहतर कमाई के लिए यमन गई थीं। पहले उन्होंने अस्पतालों में काम किया और फिर हिम्मत कर अपना क्लिनिक खोला। लेकिन यमन के नियमों के मुताबिक, विदेशी को बिजनेस चलाने के लिए स्थानीय पार्टनर जरूरी था। इसी सिलसिले में उसने तलाल अब्दो मेहदी को पार्टनर बनाया, जिसने बाद में उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया। 2017 में पासपोर्ट छुड़वाने के लिए निमिषा ने मेहदी को बेहोशी की दवा दी। लेकिन ओवरडोज से उसकी मौत हो गई। भागने की कोशिश में निमिषा पकड़ी गई और 2020 में उसे मौत की सजा सुना दी गई।

# महिलाएं कमजोर अबला नहीं, पूरी कायनात आपकी बदौलत : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'महिलाएं अबला नहीं, सदियों से सशक्त रही हैं। पूरी कायनात आपके बदौलत चल रही है। वर्तमान समय में पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी एक अहम बदलाव का संकेत है और इसका उद्देश्य केवल प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका को मजबूती देना है। गांव और पंचायत से जुड़े फैसलों में उन्हें खुद निर्णय लेना है, न कि किसी दूसरे के निर्देश पर चलना है। कोई भी निर्णय आप पर नहीं थोपा जाए, यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। उक्त बातें उपायुक्त आजय नाथ झा ने कहीं। वह शनिवार को जिले के टाउन हॉल में पंचायती राज विभाग द्वारा जिले के महिला मुखियाओं के लिए सशक्त पंचायत झ नेत्री अभियान अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि आप पंचायत की प्रथम नागरिक हैं और आपकी समझदारी ही गांव के विकास की दिशा तय करेगी। पुरूषों के अंदर यह अहंकार होता है कि, वहीं सब कर सकते हैं। इससे उन्हें बाहर लाना होगा, वर्तमान में यह कम भी हुआ है और एक दिन खत्म भी हो जाएगा। लेकिन, इसके लिए आपको लगातार प्रयास करना होगा। अपने परिस्थितियों को समझ आगे बढ़ें।





**ग्रामीणों के भरोसे पर खरा उतरें, अन्य महिलाओं को भी करें सशक्त**

उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि गांव की जनता ने आप पर भरोसा कर आपको प्रतिनिधि चुना है। यह केवल पद नहीं, बल्कि एक जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि महिला मुखियाओं को चाहिए कि वे अन्य महिलाओं को भी समाज में नेतृत्व की प्रेरणा दें और पंचायत की योजनाओं में उन्हें सहभागी बनाएं। उन्हें बताएं कि कोई भी महिला, कमजोर झ अबला नहीं है। इस पहचान से उन्हें मुक्ति दिलाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के दौरान कई बार दिखावटी या लोकलुभावन बातें सामने आती हैं, लेकिन ऐसे समय में यह जरूरी है कि आप भावनात्मक नहीं, सही निर्णय लें और सही मार्ग को चुनें। कहा कि महिला नेतृत्व में संवेदनशीलता की विशेष भूमिका होती है, जो पूरे गांव को एक नई दिशा दे सकती है।

**बेटियों के जन्म को बनाएं उत्सव - शिक्षा का संकल्प लें**

कार्यक्रम में उपायुक्त ने उपस्थित महिला मुखियाओं को बेटियों के जन्म को उत्सव की तरह मनाने और परिवार को सार्वजनिक रूप से बधाई देने की बात कहीं। कहा कि पंचायत स्तर पर बेटियों के जन्म को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की पहल आपसे शुरू होनी चाहिए। इससे समाज में बेटियों के प्रति सोच बदलेगी। इसका संकल्प दिलाया। साथ ही उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए सभी महिला मुखियाओं को संकल्प दिलाया कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में हर बेटी को स्कूल भेजने हेतु व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करेंगे और विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**महिला नेतृत्व का सशक्तिकरण, राज्य सरकार की प्राथमिकता**

इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम ने कहा कि राज्य सरकार महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त, आत्मनिर्भर और नीति निर्माण में निर्णायक बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। मुखियाओं के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके नेतृत्व कौशल को मजबूत करते हैं, जिससे वे पंचायत की योजनाओं को न केवल बेहतर समझ सकें, बल्कि पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित कर सकें। इसी उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है। बताया कि आगामी 21 जुलाई 2025 से सभी निर्वाचित महिला मुखियाओं को हजारीबाग स्थित प्रमण्डलीय प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिले की 05 मुखिया को मास्टर ट्रेनर बनाया गया है, जिन्होंने राज्य स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

**प्रशिक्षण सत्र में महिला मुखियाओं को दिया व्यवहारिक मार्गदर्शन**

इस जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, पंचायती राज रश्मि किरण, मुखिया मास्टर ट्रेनर निहारिका स्वीकृति बुंडू पंचायत, चन्दना मिश्रा गोबिंदपुर डी पंचायत, कंचन देवी जरीडीह पूर्वी पंचायत, बबीता कुमारी नरकेला पुनर्वास पंचायत, दीपिका देवी बांधडीह उत्तरी पंचायत सहित अन्य उपस्थित रहीं। उन्होंने महिला मुखियाओं को योजना निर्माण, क्रियान्वयन, लेखा-जोखा, सरकारी योजनाओं में महिला सहभागिता, बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य आदि से संबंधित विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर सभी महिला मुखियाओं ने यह संकल्प लिया कि वे अपने पंचायत क्षेत्र को सशक्त, समावेशी और पारदर्शी शासन की दिशा में आगे बढ़ाएंगी।

# उपायुक्त ने शराब दुकान का किया औचक निरीक्षण

## स्टॉक पंजी की जांच, खरीद-बिक्री की ली जानकारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-वन स्थित शराब दुकान का उपायुक्त अजय नाथ झा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकान में रखे स्टॉक पंजी का अवलोकन किया और अब तक की खरीद-बिक्री की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शराब दुकानों के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। सभी रिकॉर्ड अपडेट और सुस्पष्ट होने चाहिए।

**दुकान में प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने दुकान में प्रतिनियुक्त कर्मियों से जानकारी ली और उन्हें स्पष्ट निर्देश दिया कि वह तय नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। ग्राहकों को शराब की बिक्री तय दर पर की जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता या अव्यवस्था नही हो, इस पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने दुकानों की साफ-सफाई, स्टॉक का उचित रख-रखाव का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित सहायक उत्पाद आयुक्त उमा शंकर सिंह को दुकान में प्रतिदिन हो रही शराब की बिक्री का एक कच्चा



रजिस्टर्ड विभाग को उपलब्ध कराने को कहा। जिस पर कर्मी द्वारा कौन सी ब्रांड की कौन सी शराब की बोतल बिक्री हुई, उसका लेखा झ जोखा अंकित करेंगे। दुकान बंद होने के बाद उसी के आधार पर फाइनल रजिस्टर्ड में उसे अंकित करेंगे। उन्होंने कर्मियों को इसके लिए प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिया।

**अगले दो माह तक प्रशासन की निगरानी में होगा संचालन**

उपायुक्त ने बताया कि जिले की कुल 41 शराब दुकानों का संचालन आगामी दो माह तक प्रशासन की देख रेख में किया जाएगा। इस अवधि में सभी दुकानों के कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पारदर्शी और व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग व बुजुर्ग रेल यात्रियों के लिए चैंबर ने उपलब्ध कराया व्हीलचेयर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा बोकारो रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक सादे समारोह में स्टेशन मास्टर अजय कुमार हलधर को व्हीलचेयर भेंट किया। चेंबर के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि बोकारो रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले बुजुर्गों,मरीज एवं दिव्यांग लोगों की सुविधा के लिए चैंबर ने व्हीलचेयर बोकारो रेलवे स्टेशन को उपलब्ध कराई है। कार्यक्रम के संयोजक संजय बैद ने कहा कि रेलवे यात्री की शारीरिक स्थिति कैसी भी हो, स्वतंत्र रूप से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर सके इसलिए बोकारो रेलवे स्टेशन को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई है। स्टेशन मास्टर अजय हलधर ने इस नेक कार्य के लिए चेंबर की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि चैंबर मानवता और सामाजिकता के प्रति संवेदनशील है। चैंबर के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि चैंबर व्यवसायिक प्रतिबद्धता के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्व के प्रति भी प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर वाणिज्य निरीक्षक निलेश कुमार,नरेंद्र सिंह, कुमार अमरदीप,मुकेश अग्रवाल, अंकित चोपड़ा,शैलेन्द्र जायसवाल, अनुप भालोटिया,बिनय सिंह आदि उपस्थित थे।



### सांसद ढुलू महतो के जन संवाद कार्यक्रम में जुटी भारी भीड़

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ढुलू महतो धनबाद से सांसद बनने के बाद पहली बार बोकारो और चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए सेक्टर वन स्थित आवासीय कार्यालय में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ अपनी समस्या को लेकर पहुंची। सांसद से समस्या के समाधान के लिए फरियाद लगाया। इस दौरान सांसद ने फोन के माध्यम से अधिकारियों को लोगों की समस्याओ के समाधान का निर्देश दिया। इस दौरान जमीन, सड़क, बिजली, विस्थापित सहित अन्य समस्याओं से लोगों ने सांसद को रूबरू कराया। इस जन संवाद में आए लोगों का कहना था कि हम लोगों ने जो समस्या लेकर यहां आए। उसका निष्पादन सांसद ने किया है। यह आम जनता के लिए एक बेहतर माध्यम है। सांसद ढुलू महतो ने कहा कि मैं जब से सांसद बना हूं, तब से लोगों के बीच जाकर समस्या को सुनने के साथ उसका समाधान भी करने का काम निरंतर कर रहा हूं। मैं समस्याओं को चुनौती के रूप में लेता हूं ।आज इस जन संवाद के माध्यम से लोगों की समस्या को सुनने और उसके समाधान का काम किया है। आने वाले समय में इससे भी बेहतर ढंग से लोगों के समस्या का समाधान करने का काम किया जाएगा।



### प्ले स्कूल की तरह बनाए जाएंगे जिले के आंगनबाड़ी केंद्र : उपायुक्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज बाबुडीह स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण किया। उपायुक्त ने कहा कि देश के सबसे उत्कृष्ट प्ले स्कूल की तरह जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों को विकसित करने का जिला प्रशासन प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है। यहां पढ़ने वाले बच्चे हमारे देश का भविष्य है। केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार और अच्छी पढ़ाई देना, धातृ व गर्भवती महिलाओं को योजनाओं का लाभ प्रदान करना, प्रशासन का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रशासन तीन चरणों में काम कर रहा है। पहले चरण में सेविका व सहायिका का प्रशिक्षण, दूसरे में आंगनबाड़ी केंद्र, सेविका व सहायिका का असेसमेंट तथा तीसरे चरण में सेंटर का मोडलीकरण शामिल है। इसके बाद उन्होंने केन्द्र की सेविका, सहायिका व पोषण सखी से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, डीएमएफटी टीम लीडर श्री शैलेश तिवारी के अलावा डीएमएफटी पीएमयू के सदस्य, सेविका, सहायिका, पोषण सखी व अन्य लोग उपस्थित थे।



### एसएसपी ने सुनीं पुलिस कर्मियों की समस्या, समाधान को किया आश्वस्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस केंद्र धनबाद में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा पुलिस सभा का आयोजन किया गया। एसएसपी ने बारी-बारी से सभी संवर्ग के अधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को अपनी समस्याएं साझा करने को कहा गया। इस सभा में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सामूहिक समस्याओं एवं आवश्यकताओं को द्वारा गंभीरता से सुना गया। तत्पश्चात वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग की कार्यक्षमता और समन्वय को और अधिक सशक्त बनाने हेतु समस्याओं और आवश्यकताओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया। पुलिस सभा के दौरान एसएसपी प्रभात कुमार, डीएसपी मुख्यालय, धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी मुख्यालय, शंकर कामती, प्रचारी प्रवर, अवधेश कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



# औचक निरीक्षण अभियान जारी रहेगा : एसएसपी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इन दिनों धनबाद की यातायात व्यवस्था सहित अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने को लेकर धनबाद के पुलिस कप्तान एसएसपी प्रभात कुमार लगातार एक्शन मोड में दिख रहे है। उनका प्रयास है की धनबाद में यातायात व्यवस्था को सबसे पहले बेहतर बनाया जाए। उनका यह मानना भी है की जहाँ यातायात व्यवस्था अच्छी होती है वहां पर क्राइम को कंट्रोल रखने में मदद मिलती है। यही कारण है कि बीती देर रात अचानक धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों के साथ धनबाद के सड़कों पर यातायात व्यवस्था एवं उसका पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई करते हुए भी नजर आए आपको बता दे कि अचानक जब देर रात एसएसपी शहर भ्रमण पर निकले तो उनकी गाड़ी धनबाद के



रणधीर वर्मा चौक पर सबसे पहले रुकी जहां कई लोगों के ब्लैक शीशे को लेकर चालान भी काटा गया ठीक उसके बाद धनबाद स्टेशन, बैंक मोड़, मटकुरिया चेक पोस्ट, सरायढेला चौक, साइबर थाना तक का निरीक्षण किया गया जिस दरमियां देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई की गई। नव बिहार टाइम्स से प्रभात कुमार ने बतलाया कि उनकी पहली प्राथमिकता यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना है साथी जो भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं उनसे अनुरोध होगा कि वह इन सभी चीजों में पुलिस का सहयोग करें ताकि बेहतर पुलिसिंग के साथ बेहतर यातायात व्यवस्था बनाई जा सके।

# दो सौ ग्रामीण महिलाओं को गुड़ और चना उपलब्ध कराएगा रोटरी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास द्वारा सोनाबाद पंचायत के सचिवालय भवन में ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वस्थ्य महिला पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उपस्थित लगभग 200 महिलाओं को संबोधित करते हुए डॉ अनुपमा वर्मा ने बताया कि मां बनना बेहद असाधारण कार्य है। इसलिए मां का स्वस्थ होना बेहद आवश्यक है। डॉ वर्मा ने कहा कि एक स्वस्थ मां से ही स्वस्थ्य परिवार संभव है। हर मां को पौष्टिक आहार अवश्य लेना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैल्शियम का निरंतर रूप से सेवन करना चाहिए।

डॉ वर्मा ने उपस्थित महिलाओं को मासिक धर्म, दो बच्चों के बीच में कितना अंतर होना चाहिए, परिवार नियोजन के लिए, मां एवं बच्चों की




स्वच्छता आदि विषयों पर भी जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सोनाबाद पंचायत की मुखिया कुमारी किरण ने रोटरी क्लब चास का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता वाले कार्यक्रमों से महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा कि रोटरी क्लब चास द्वारा आयोजित कार्यक्रम द्वारा से 200 ग्रामीण महिलाएं लाभान्वित हुई है। श्वेता ने बताया कि सभी महिलाओं को प्रोटीन के रूप में 1 किलो चना और 1 किलो गुड़ निशुल्क उपलब्ध कराया गया। संस्थान की पूर्व अध्यक्ष पूजा बैद ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी महिलाओं को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई, और संस्था ने उन्हें निशुल्क कपड़े के थेले भी उपलब्ध कराए। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनोद चोपड़ा, ललिता चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, हरबंस सिंह, सिद्धार्थ पारख, गौरव रस्तोगी, मंजीत सिंह, शैल रस्तोगी, सूमी कौर, संजय बैद आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# ट्रेन की चपेट में आने से मृत मजदूरों के परिजनों को विधायक ने सौंपा मुआवजा का चेक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** छत्तीसगढ़ में ट्रेन की चपेट में आने वाले तोपचांची थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर पंचायत के ब्रहमडिहा में रहने वाले कृष्णा राय एवं डिलू राय की माता क्रमशः राधिका देवी एवं पुनकी देवी को आज विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने एक-एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया। साथ ही मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। विधायक ने बताया कि विगत 10 मई 2025 को तोपचांची थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर पंचायत के ब्रहमडिहा गांव से 12 मजदूर, उत्तर प्रदेश के बनारस में रहने वाले ठेकेदार हर्षित सिंह के माध्यम से, छत्तीसगढ़ के डायनासौर कंपनी में काम करने के लिए गए थे। मजदूरों के साथ 600 दैनिक मजदूरी तय हुई थी। जब भुगतान का समय आया तब उन्हें 400 के हिसाब से मजदूरी दी गई। इसका विरोध करने पर कंपनी के सुपरवाइजर ने स्थानीय लोगों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की और उन्हें खदेड़ने लगे। भागने के क्रम में कृष्णा राय एवं डिलू राय भयभीत होकर रेलवे लाइन पर दौड़ने लगे। इस क्रम में वे दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मृत्यु हो गई थी। जबकि दो अन्य



मजदूर, अजय राय एवं विकास हेमब्रम, गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद 11 जून 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर अंतर राज्य प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास की योजना के तहत मृत्यु के उपरांत मृतकों के आश्रितों को शव लाने के लिए तत्काल 50 - 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई थी। वहीं श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि दोनों मजदूरों की माता का बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वेलफेयर बोर्ड (बी.ओ.सी.डबल्यू.) में रजिस्ट्रेशन करा दिया है। इसके तहत उन्हें बीमा के अलावा बहुत सारी सरकारी योजनाओं में वित्तीय सहायता मिलेगी। उन्होंने जिले के वैसे सभी मजदूरों से, जो बाहर जाकर काम करते हैं, उन्हें झारखंड सरकार के पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की। रजिस्ट्रेशन हो जाने से किसी भी दुर्घटना या अन्य विपरीत परिस्थितियों में उन्हें योजना के तहत अधिक से अधिक लाभ दिया जा सकता है।

# शराब दुकान के निष्कासित कर्मियों ने उत्पाद विभाग के समक्ष किया प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में राज्य सरकार के निर्देश पर उत्पाद विभाग शराब बेचने का काम करेगी। ऐसे में मैन पावर सप्लाई करने वाली कंपनी के कर्मियों को विभाग के द्वारा ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। इसको लेकर आज शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों ने आरोप कर्मियों पर लगा कर उन्हें ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। जो कि पूरी तरह से गलत है। हम लोग पूरी तरह से बेरोजगार हो गए हैं। हमें बिना कारण बताएं इस तरह की कार्रवाई की गई है। अगर इस पर विचार नहीं होता है तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। वहीं सहायक



उत्पाद विभाग के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। काम करने वाले कर्मियों का कहना है कि हम लोग कई वर्षों से शराब दुकान में सेवा देने का काम कर रहे हैं। लेकिन कंपनी के द्वारा खुद पैसा वसूल कर सरकार का पैसा रखने का काम किया है। साथ ही शराब को अधिक कीमतों पर बेचकर उसका तीन प्रतिशत भी वसूला गया है। इसका आयुक्त उत्पाद उमाशंकर सिंह ने बताया कि सरकार का संकल्प है कि दुकान में काम करने वाले कर्मी जिनके ऊपर मामला दर्ज है या फिर दुकान में पैसा बकाया है उन कर्मियों को फिर से काम में नहीं लगाया जाना है। इसी आधार पर सभी को हटाया गया है। इन लोगों की बातों को उपायुक्त के सामने रखने का काम किया जाएगा। इसका फैसला उपायुक्त को ही लेना है।

# जिले के सभी स्कूलों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नालसा व झालसा के तत्वाधान में चलाए जा रहे जागृति योजना के तहत शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर जिले के सभी लीगल लिटरेसी क्लब में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि स्कूलों मे डालसा की टीम ने बच्चों को मौलिक अधिकार,मौलिक कर्तव्य , बाल विवाह,बाल श्रम आदि विषय पर जानकारी दी। डालसा की टीम मे डिपेंटी कुमारी गुप्ता, हेमराज चौहान, पंकज वर्मा निमय प्रमाणिक , नवीन कुमार शामिल थे।वहीं प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी अधिकार मित्रों के द्वारा छात्र एवं छात्राओं को विशेष जानकारी दिया गया। इस दौरान विधिक सहायता हेतु नालसा टोल फ्री नंबर 15100 , चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 आदि की विशेषताओं के बारे में बताया गया ।



# बीएकेएस ने सीजीएम टाउनशिप के समक्ष उठायी नगर की ज्वलंत समस्याएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ द्वारा बोकारो टाउनशीप की त्राहिमाम स्थिति की जानकारी सीजीएम टाउनशीप को दी गई। यूनियन ने सीजीएम के समक्ष टाउनशीप की कई समस्याओं को उठाया है।



**यूनियन द्वारा उठाए गए मुद्दे तथा सीजीएम द्वारा दिया गया आश्वासन**

1) आवासो के रूफ सीपेज या किसी प्रकार का सीपेज का शीघ्र निरक्षण कर कार्रवाई की जाए।
2) सेक्टर 09 बसंती मोड के साथ साथ पूरे सेक्टर 08,09 में जहां भी गड्ढे है उसमें स्लैग डाल तत्काल राहत पहुंचाई जाएगी,साथ ही राम डीह मोड के आस पास पीसीसी सड़क निर्माण कार्य किए जाएंगे जिसमें थोड़ा समय लगेगा।
03) 04 जी मोड़ से नीचे तक सड़क पर पैच वर्क किया जाएगा।
04)सेक्टर 02 बी में जो भी समस्या हुई थी उसका कारण वहां के चैंबर में वेस्टर्न टॉयलेट फंसा हुआ था जिसे निकाल दिया गया है।
05)सेक्टर 03 में भी सड़क पैच वर्क किया जाएगा।
06) खेल के मैदानों को रोशनी युक्त किया जाएगा।
07) आवास आवंटन के डिबार पीरियड कम करने पर विचार होगा।
08)आवास आवंटन के चेंज केस के लिए ऑनलाइन आवेदन,चार वर्ष की पीरियड को कम करने पर विचार किया जायेगा । चेंज केस में भी आवासो के अनुरक्षण करने जैसी विषयों पर विचार किया जायेगा ।
09) डी टाइप आवास आवंटन साइकिल जो कि वर्ष अभी दो बार ही होती है उसे बढ़ाने का आग्रह किया गया।
10)ब्लॉक मेंटेनेंस के गति को तीव्र करने के विषय पर आग्रह किया गया जो कि बारिश के कारण बंद है अभी,जिसपर आश्वाशन दिया गया।
11)कंप्लेन मैनेजमेंट ऐप में जो भी कारण से केस क्लोज हुआ है उसका कारण लिखवाने की बात भी हुई जिसपर सीजीएम के द्वारा आश्वस्त किया गया।
12)कंप्लेन मैनेजमेंट ऐप सिर्फ अंदरूनी समस्या के लिए ही है,लेकिन कंप्लेन कोई भी कर सकते है।
13) हॉर्टिकल्चर को सभी आवासों के अनावश्यक पेड़ों को स्वतः संज्ञान ले कटवाने की बात हुई,जिसपर प्रयास करने को बोला गया।
14) टाउन एडमिनिस्ट्रेशन के द्वारा आवास नहीं मिलने की स्थिति में डिबार अविलंब हटाया जाएगा साथ ही एक कर्मी का डीबार हटाने का भी आश्वाशन दिया गया।
15)आवास आवंटन को पूर्ण पारदर्शी करने के विषय पर वार्ता हुई।
16)आवास आवंटन पूर्व आवास को देखने हेतु चाभी देने का आग्रह भी किया गया।
17)बरसाती नालियों के सफाई तथा मरम्मत के लिए भी आग्रह किया गया जिसपर सकारात्मक उत्तर मिला।
18)मच्छरों के प्रकोप को संज्ञान में लाया गया,जिसपर सीजीएम के ओर से यह बताया गया कि उपाय किए जा रहे हैं।
19)नगर सेवा की ओर से टंकी मरम्मत कार्य भी शीघ्र किए जाएंगे।
20)जो भी आवास खाली सूची में हो उसे सभी आवेदन करें,यदि नगर प्रशासन के द्वारा नहीं दिया गया तो डिबार हटाया जाएगा।

इस बैठक में महाप्रबंधक कुंदन कुमार, वरीय प्रबंधक अनुराग धीरज , बी ए के एस के कार्यकारिणी सदस्य किशोर सोरेन, विश्वकर्मा पुरस्कार से पुरस्कृत अशोक चौधरी, सोमेश पांडे, शोभन मांझी, प्रवीण सिंह जी,श्री राहुल दुबे के साथ अध्यक्ष हरिओम भी उपस्थिति रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com